विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं में

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के संगठन का अध्ययन

***

(A study of an Organisation of Physical Education Programmes

in the Higher Secondary Schools of Vindhya Region)

****

सागर विश्व विद्यालय की एम० एड० परीक्षा की आंशिक

पूर्ति हेतु प्रस्तुत शोध निबन्ध सन् १९६१-६२

मार्ग दर्शक

प्रोफेसर बी० एल० शर्मा,

एम०ए०, बी० एस०सी०, स्नातकोत्तर बुनियादी-
- एल० एल० बी०एम० एड
प्रशिक्षण महा विद्यालय, रीवा (म० प्र०)

गोपाल प्रसाद पाठक
एम० एड०

---000---

विषय - सूची

निवेदन

शारीरिक स्वस्थता के विना मानसिक स्वस्थता की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिये किसी भी सर्वांग पूर्ण वा विकसित शिक्षा में शारीरिक शिक्षण का वही स्थान होना चाहिए जो कि मानसिक शिक्षा का हो। परन्तु आधुनिक उच्चतर - माध्यमिक शिक्षा में शारीरिक शिक्षण पर जोर नहीं दिया जाता, पाठय क्रम - इतना सैद्धान्तिक वा पुस्तकीय है कि विधालय का जीवन विलकुल शुष्क तथा नीरस हो जाता है, शारीरिक क्रियाओं, खेल कूद तथा मनोरंजन के अभाव में बालक का - विकास सिथिल पड़ जाता है। और वह आधुनिक जगत के वैज्ञानिक यांत्रिक वा व्यवसायिक विकास के साथ नहीं चल पाता। अतएव हमारी बालक का सर्वांगीण विकास करने की कल्पना अधूरी रह जाती है। इसलिये मैंने शैक्षणिक अन्वेषण कार्य के निमित्त विन्ध्य प्रदेशान्तरगत उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के संलग्न का अध्ययन, शोध-निबन्ध का विषय अपनाया है। राष्ट्र निर्माण के महान कार्य में शिक्षा की समस्याओं का हल खोजने में यह मेरा लघु प्रयास है।

यथार्थ में यह अन्वेषण कार्य जो इस रूप में सम्मुख आ रहा है, उसे संगठित वा सुव्यवस्थित करने का श्रेय हमारे परम श्रद्धेय प्राचार्य श्री जी० वाई० तनखीवाले एम० एस० सी० बी० टी० विसारद को है, इन महान् शिक्षाविद के प्रति हम अकिंचन किन शब्दों से कृतज्ञता ज्ञापन करें।

मैं आजीवन ऋणी रहूंगा अपने माननीय पथ प्रदर्शक प्रोफेसर बी० एल० - शर्मा एम० ए० बी० एस० सी० एल० एल० बी० एम० एड० का जिन्होंने अहर्निंश एक करके जब कभी भी मैं कठिनाइयों को लेकर पहुंचा हूं वहां सहृदयता के साथ उनको हल करते हुए मेरा मार्ग दर्शन किया है। उन्हीं के आशीर्वाद स्वरूप में यह शोध निवन्ध प्रस्तुत करने में समर्थ हो सका हूं।

अन्त में मैं विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के प्राचार्यों वा प्राचार्याओं को धन्यवाद दूंगा - जिन्होंने अपने अमूल्य समय को देकर इस कार्य को सरल वनाने में सहयोग दिया है।

गोपाल प्रसाद पाठक
एम० एड०

रामनवमी

प्रस्तावना

पूर्व पृष्टिका

विद्यालय भावी जीवन के तैयारी का स्थान है, बालक मानसिक विकास, शारीरिक विकास पर निर्भर है क्योंकि यदि शरीर रुग्ण या अस्वस्थ्य रहा तो मस्तिष्क कभी स्वस्थ नहीं रह सकता। अतएव विद्यालय के शैक्षणिक कार्य क्रमों में शारीरिक शिक्षण का प्रमुख स्थान होना चाहिए ताकि बालक अपना मानसिक विकास करता हुआ शारीरिक विकास भी कर सके। शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के अभ्यास से बालक का शरीरिक विकास तो होता ही है साथ ही उसकी कर्मेन्द्रियों का विकास हो जाने के कारण उसमें कौशल दक्षता आ जाती है जो भावी जीवन यापन के किसी न किसी व्यवसाय या उद्योग के चुनाव में सहायक होती है। इस प्रकार शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का प्रशिक्षण प्राप्त बालक समाज की आर्थिक समस्या को हल करने में सहायक सिद्ध होता है। आधुनिक विद्यालयों में बालकों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही दिया जाता है। इसके कारण बालक मानसिक थकान से युक्त हो अध्ययन में कम रूचि लेने लगता है। शिक्षण में शारीरिक क्रियाओं का समावेश होने के - कारण बालक पढ़ाई से ऊबता नहीं और विशेष रूचि लेने लगता है। क्योंकि शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के अन्तर्गत कुछ ऐसी भी क्रियायें हैं जो बालक का पूर्ण मनो रंजन करती हैं। शारीरिक क्रियाओं से बालकों में समाजिकता सहयोग, सहानुभूति की भावना का भी - विकास होता है।

इस प्रकार से अभी तक इन शारीरिक क्रियाओं की विद्यालयों में उपेक्षा की जाती है थी परन्तु आधुनिक शिक्षा शास्त्रियों ने कर्मेन्द्रियों के विकास के आधार पर शिक्षा प्रणालियों का निर्माण कर दिया है-इससे स्पष्ट होता है कि शिक्षण में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों की कितनी बड़ी आवश्यकता है। अतएव विद्यालयों में शारीरिक - शिक्षण कार्य क्रमों का बालक के सर्वांगीण विकास के लिए महत्व पूर्ण स्थान होना - चाहिए। पाठ्य क्रम की इन्ही सब कमियों के कारण माध्यमिक शिक्षा में कुछ दोष तथा अभाव दिग्दर्शित होते हैं। जिनको मुदालियर कमीशन ने इस प्रकार से बतलाया है

१- शिक्षा एवम् जीवन में पार्थक्य

२- संकीर्ण एवम् एकांगी शिक्षा विधान

३-व्यावसायिक एवम् प्राविधिक शिक्षा का अभाव

इन प्रधान अभावों के साथ ही विद्यालयों के जीवन में शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों की समुचित समायोजना होनी चाहिए। क्योंकि आयोग ने सिफारिश की है अध्यापन - पद्धति में सर्वांगीण सुधार के लिए सबसे आवश्यक यह अनुभव करना है कि बालक पृथक-पृथक

काम करके ज्ञान प्राप्त कर सके। इसलिए अध्यापन को इन कार्यक्रमों से संबंध करना चाहिए जिससे बालक की कर्मेन्द्रियों का विकास हो और कौशल बढ़ाता जाये तथा उसे कार्य करने का अवसर मिल सके।

अध्ययन का क्षेत्र

किशोरावस्था मनुष्य के जीवन का वसंत है इस समय प्रारम्भ किया जा सकता है, जीवन पर्यन्त रहा करता है। किशोरावस्था का प्रारम्भ लगभग १४ वर्ष से माना है। और सारे आध्यात्मिक विचार वालों ने उनका पार्थिव विचार के ४ वर्ष का समय होता है और आयु १८-२८ वर्ष। यानी किशोरावस्था। इस अवस्था में बालक की वास्तविकता बनती है - जीवन वैज्ञानिक शारीरिक वृद्धि हुई है और सामाजिक तथा भावनाओं के साथ है

२- अध्ययन क्षेत्र

माध्यमिक शिक्षा आयोग के अनुसार उच्चतर माध्यमिक शिक्षा की १४ से १८ वर्ष तक मानी गई है। उच्चतर माध्यमिक शिक्षा क्षेत्र में जो सुधार व शोध कार्य संपादित किये गए हैं उनमें शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का स्थान न्यून रहा है। साधन व सुविधाओं की कमी के कारण शिक्षा के इस अंग का समुचित विकास नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त बालकों को पुस्तकीय ज्ञान से परिचित कराना मात्र शिक्षा का उद्देश्य समझा जाता था - हमारा पाठ्यक्रम इसी विचार धारा से प्रभावित हो नितान्त पुस्तकीय हो चुका था। समय परिवर्तित हो चुका है। अतएव शिक्षा जगत में भी परिवर्तन अपेक्षित है। विज्ञान ने संकीर्णता की सीमायें तोड़ दी हैं फलस्वरूप शिक्षा सम्बन्धी समस्त विचार धारा में क्रान्तिकारी परिवर्तन हो गया है। शिक्षा का तात्पर्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास कर उसे समाजोपयोगी बनाना है, शिक्षालय समाज का रूप है यहां बालक अपने भावी जीवन की तैयारी करता है। आधुनिक वैज्ञानिक, यांत्रिक और औद्योगिक विकास की समृद्धि के लिये परिश्रमी, बलिष्ठ और कार्य कुशल व्यक्तियों की आवश्यकता है - इसलिए पाठ्यक्रम में सैद्धान्तिक शिक्षण के साथ साथ शारीरिक शिक्षण का भी आयोजन होना चाहिए।

अस्तु लेखक ने विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के संगठन का अध्ययन करने की चेष्टा की है इस शोध कार्य की सफलता का पाठक महानुभाव ही मूल्यांकन करेंगे। विन्ध्य क्षेत्र वैसे भी पिछड़ा हुआ था साथ ही उपेक्षित होने के कारण इसकी किसी प्रकार प्रगति नहीं हो सकी तदनुसार शैक्षणिक विकास भी नहीं हो पाया। परन्तु यह क्षेत्र वन्य वा खनिज संपदा से भरा पड़ा है, विभिन्न उद्योग धंधे पनपने की गुंजाइश है, इधर यह नव - निर्मित मध्य प्रदेश का एक मुख्य अंग बन गया है इसलिए इस भू भाग का संभ्रान्त विकास किया जा रहा है। औद्योगिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए कार्य-कुशल तथा परिश्रमी व्यक्तियों की आवश्यकता है - इस आवश्यकता की पूर्ति विद्यालय ही करेंगे - ऐसी स्थिति में उच्चतर माध्यमिक शालाओं में संगठित शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का शोध कार्य अपनाया गया है।

३- शोध कार्य की अध्ययन विधि

शोध कार्य की परिकल्पना समस्या मूलक होती है। इस समस्या को हल करने के लिए कुछ मौलिक आधार होते हैं जिनमें -

(१) व्यक्तिगत अनुभव

(२) समस्या की परंपरागत पृष्ठ भूमि

(३) स्वयं का अधिकार

(४) तार्किक न्याय

(५) वैज्ञानिक अनुसंधान

प्रमुख है । इन्ही बातों के आधार पर उस समय का निरूपण किया जाता है । समस्या या शोध कार्य को निरूपित करने के लिए इसे हम या तो (१) अपने विश्वास के ऊपर मान लेते हैं या (२) अपने तर्क एवं न्याय व्दारा निर्णय करते हैं, या उसको (३) वैज्ञानिक आधार पर निर्णीत किया जाता है ।

प्रमुखत: किसी भी शोध कार्य की तीन विधियां होती है जो खोज कार्य में प्रयुक्त की जाती हैं -

(१) प्रश्नावली विधि - इस विधि में दो प्रकार के प्रश्न किये जाते हैं । प्रथम प्रश्न समूह (क्वश्चनैयर्स) व्दारा, दूसरे प्रत्यक्ष भेंट (इण्टरव्यू) व्दारा

(२) निरीक्षण विधि - यह मनोवैज्ञानिक विधि है, और

(३) प्रयोगात्मक विधि - (इक्सपेरीमेन्टेशन)

प्रस्तुत शोध कार्य में प्रमुखत: प्रश्नावली विधि का प्रयोग किया जाता है । इसके अंतर्गत विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के प्राचार्यों एवं प्राचार्याओं से, शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के संगठन से संबंधित विभिन्न प्रश्नों व्दारा शिक्षा व्यवस्था एवं अन्यान्य कार्य क्रमों की जानकारी प्राप्त की गई है । इस संभाग में कुल १०५ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं जिनमें ९३ बालक विद्यालय और १२ बालिका उच्चतर माध्यमिक शालाएं हैं । विश्रृंखल चयन (रेन्डम सेम्पलिंग) की विधि से कुल ५१ उच्चतर माध्यमिक शालाओं में प्राचार्यों वा प्राचार्याओं के पास अध्ययनार्थ प्रश्नावली संप्रेषित की गई थी । जिनमें ५२ प्रति शत उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से संपूर्ति प्रश्न मालिकाएं उपलब्ध हुईं । इन्ही प्राप्तोत्तरों के आधार पर विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के संगठन का विश्लेषणात्मक अध्ययन संपादित किया गया है । प्रश्नावली विधि के साथ ही इन कार्य क्रमों की पूर्ण जानकारी एवं स्थिति के परिज्ञान हेतु कतिपय विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, प्राचार्याओं, शिक्षा विभाग के विभिन्न स्तरीय अधिकारियों से साक्षात्कार (इण्टरव्यू) भी किया गया है ।

इस विधि से तत्संबंधी व्यक्तियों का वैयक्तिक एवं अनुभव जन्य मत (ओपीनियन) तथा सुझाव प्राप्त हुए । इसके अतिरिक्त शोध कार्य को अधिक वस्तु गत (आबजैक्टिव) बनाने के लिए उत्तमतम पुस्तकों, शिक्षा संस्थाओं वा अन्यान्य विभागों के प्रदत्त (डाटा) एकत्रित किए गए हैं ।

इस शोध कार्य को व्यवस्थित रूप देने के लिए श्रेणियों में विभाजित किया गया है -

(१) प्रथम अध्याय विषय प्रवेश (२) द्वितीय अध्यायन - शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का शिक्षा में महत्व (३) तृतीय अध्याय - शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के उद्देश्य (४) चतुर्थ अध्याय - शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम एवं बाल विकास (५) पंचम अध्याय - विन्ध्य संभागीय शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का विश्लेषण (६) षष्टम अध्याय -अध्ययन का निष्कर्ष (७) सप्तम अध्याय - शारीरिक कार्य क्रमों की समायोजना हेतु निर्देश । इसके अतिरिक्त सभी अध्यायों का संक्षिप्त परिचय अध्ययन सारांश नामक शीर्षक के अन्तर्गत दिया गया है - अन्त में प्रश्न मालिका विन्ध्य क्षेत्रीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं एवं अन्य प्रदत्तों की सारिणी परिशिष्ट में प्रदर्शित की गई है ।

४- परिकल्पना -

वास्तव में शिक्षा एवं शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का अनन्योन्याश्रित सम्बन्ध है । अतएव लेखक की यह परिकल्पना थी कि बालक का सर्वांगीण विकास विद्यालयों में इन कार्य क्रमों की समुचित व्यवस्था वा संयोजन से ही संभव है । इनके पथ प्रदर्शन एवं निर्देशन के अभाव में बालकों की कार्य क्षमता, कौशल, औद्योगिकता, परिश्रम साध्यता वा अभिवृत्तियों का विकास परिष्कृत नहीं हो पाता । साथ ही बालकों और बालिकाओं के ऐच्छिक कार्यों की मात्रा भी ~~कम~~ न्यून रहती है । अस्तु अपने इस शोध कार्य के फल स्वरूप लेखक जिन परिणामों पर पहुंचा है उससे इसकी परिकल्पना की पुष्टि हुई है ।

--- ००० ---

प्रथम अध्याय

---000--विषय प्रवेश ---000---

(१) शारीरिक कार्य क्रमों का अर्थ :-

स्वस्थ नागरिक देश की पूंजी हैं, और यह उत्तरदायित्व विद्यालयों का है कि वे स्वस्थ, प्रसन्नचित्त, कार्य कुशल और सुयोग्य नागरिकों का निर्माण करें। सुप्रसिद्ध अमेरिकी शरीर विज्ञान वेत्ता श्री एडवर्ड सी० सचेन्डर ने कहा है कि 'सुस्पष्ट है कि दुर्बल मनुष्य में मानसिक वा शारीरिक कार्य क्षमता नहीं होती और वह रोगाक्रान्त, असदविचारधारी, चिड़चिड़ा और नैतिकता विहीन होता है। वह सदैव उनींदा, निरूत्साही, सुस्त, मलिन मुखमण्डल वाला, उदर रोग से पीड़ित रहता है। इसके विपरीत स्वस्थ मनुष्य, प्रसन्न चित्त, साहसी, स्फूर्तिवाला, उच्च नैतिकता, देदीपयमान मुख मण्डल वाला तथा कठिन शारीरिक वा मानसिक कार्य क्षमता धारी होता है।'

अतएव राष्ट्र के भावी कुशल कर्णधार उसी दशा में निर्मित होंगे, जब कि शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का पाठ्यक्रम में सम्यक स्थान हो, बलिष्ठ, परिश्रम प्रिय, कौशल प्रधान और प्रत्युत्पन्नमति युवकों का निर्माण एक मात्र शिक्षालयों में सुसम्बद्ध, सुलभ संयोजित शारीरिक क्रियाओं में भाग लेने के परिणाम-स्वरूप अभ्यास-जनित अनुभव से ही सकता है। इसलिए किसी भी विद्यालय में अभ्यास के लिए आयोजित शारीरिक क्रियाओं को पाठ्य क्रम में स्थान देने के पूर्व समय और साधन का ध्यान अवश्य रखना चाहिए, हो सकता है कि वही क्रिया एक बालक के उपयुक्त हो और दूसरे के लिए अनुपयुक्त ।

यद्यपि शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का क्षेत्र विस्तीर्ण है तथापि यहां हमारा तात्पर्य केवल विद्यालय के अन्दर आयोजित हो सकने वाली क्रियाओं से उदभूत सदपरिणामों से है।

शारीरिक क्रियायें शारीरिक शिक्षा के परिणामों तक पहुंचने के साधन हैं जब कि संगठित कार्य क्रम एवं साध्य - इसीलिए शारीरिक क्रियाओं का अंत नहीं। यहां पर अध्ययन की सुविधा के लिए हम उन्हें अधोलिखित भागों में विभाजित कर लेते हैं - साथ ही वे प्रत्येक विद्यालयों में संभाव्य भी हैं -

(१) शरीर विकास संबंधी क्रियायें - विभिन्न खेल कूद

(२) मांस पेशी वा स्नायु विकास संबंधी क्रियाएं

जमनास्टिक तथा एथलिटिक्स

व्यायाम तथा कसरत

(३) भावना वा विचार विकास संबंधी क्रियाएं

टीम गेम्स,(सामूहिक खेल) ~~प्रथम~~ प्रा० चिकित्सा,रेडक्रास, स्काउटिंग, गर्ल्स गाइड आदि ।

(४) मनोरंजन संबंधी क्रियाएं - तैरना, नृत्यादि

(१) शरीर विकास संबंधी क्रियाएं - शारीरिक क्रियायें शारीरिक शिक्षा की आत्मा हैं और इनका लाभ बिना अभ्यास किये नहीं होता अतएव शासन को इनका अभ्यास बालकों वा बालिकाओं को कराने के लिए उचित निर्देशन का प्रबन्ध करना चाहिए । उनकी शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये क्रियाओं के अभ्यास हेतु उचित समय देना तथा चुनाव के लिए विभिन्न क्रियाओं का आयोजन करना चाहिए । क्रियायें प्रारंभ करदेने के पश्चात लगातार अभ्यास करना चाहिए । विद्यालयों के लिए ऐसी क्रियाओं को चुनना चाहिए जिनमें अपनी बारी की प्रतीक्षा न करनी पड़े और इस प्रकार से समय का दुरूपयोग हो । साथ ही उनके निर्देशन का भी उचित प्रबंध हो सके । ऐसी क्रियाओं के अन्तरगत नाना प्रकार के खेल कूद फुटबाल, हाकी, क्रिकेट, बैडमिन्टन,कबड्डी और बासकेट बाल आदि हैं ।

(२) मांस पेशियां तथा स्नायु विकास संबंधी क्रियाएं - जिस प्रकार से शारीरिक क्रियाएं, शारीरिक शिक्षा की आत्मा हैं उसी प्रकार से मांस पेशियां तथा स्नायु का विकास करने वाली क्रियाएं शारीरिक क्रियाओं की आत्मा हैं । क्यों कि किसी भी सामूहिक खेल में भाग लेने के लिए समझना, सुनना, देखना, और अध्ययन करना आवश्यक है । इसलिए मांस पेशियों वा स्नायु विकास करने के लिए उपयुक्त क्रियाओं का आयोजन किया जाना चाहिए । इसके लिए जमनास्टिक वा यथैलेटिक्स - (व्यायाम वा कसरत) के अन्तरगत दौड़ना, कूदना, फेंकना, वजन उठाना, घुड़ सवारी करना, तथा डण्ठ-बैठक लगाना, कुस्ती लड़ना, घूंसे बाजी करना, आसन-योगादि विद्यालय में आयोजन होना चाहिए ।

(३) विचार तथा भावना विकास सम्बन्धी क्रियायें :-

शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास के परिणामस्वरूप बालक वा बालिकाओं की भावनाओं तथा विचारों का विकास होना चाहिए। तभी वे सच्चे नागरिक हो सकेंगे। इसलिए विद्यालयों में सामूहिकता, सहानुभूति, मैत्री, न्याय प्रियता व सहयोग की भावना का विकास करने तथा काम प्रवृत्ति के शोधन हेतु। सामूहिक खेल, स्काउटिंग, गर्ल्स गाइड, राष्ट्रीय युवक कल्याण अभियान, प्रारंभिक चिकित्सा, रेड क्रास सोसाइटी आदि का आयोजन किया जाता है।

(४) मनोरंजन संबंधी क्रियाएं - शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास करते करते थकान का अनुभव होने लगता है। अतएव इसी बीच ऐसी क्रियाओं का आयोजन आवश्यक हो जाता है जिनसे थकान दूर हो सके इसके लिए विद्यालयों में नृत्य आदि का प्रबन्ध होना चाहिए जिनमें बाथ रूम, डान्स, सोसल डान्स, टैप डान्स, नैसनल वा करैक्टर डान्स, फाल्का वा इसक्वयर डान्स आदि हैं। इसके अलावा तैरना, नाव खेना, सतरंज वा कैरम आदि खेलों का खेलना भी सम्मिलित है। इस दिशा में क्लबों ने ही बड़ी सहायता की है। इसके अलावा - उत्तम भोजन, आराम के लिए समय भी दिया जाना चाहिए।

(२) शोध कार्य के लक्ष्य

किसी भी निर्दिष्ट स्थान तक पहुंचने के लिए लक्ष्य होना चाहिए। यदि लक्ष्य निर्धारित है तो निर्दिष्ट में पहुंचने की सुगमता होती है। शोध कार्य के लक्ष्य मानव जीवन के लक्ष्य हुआ करते हैं और मानव जीवन लक्ष्य शिक्षा में समस्या मूलक तत्व है। शिक्षा की समस्या स्वतन्त्र समस्या नहीं है उसको सुलझाने के लिए हमको यह निश्चित करना होगा कि मानव जीवन का पुरूषार्थ परम लक्ष्य क्या है। व्यावहारिक, औद्योगिक, यांत्रिक, शारीरिक वा सामाजिक हमारे सभी सवाल इससे संबद्ध हैं। कोई भी संगठन, कोई भी शिक्षा, कोई विधान, कोई व्यवस्था स्वयं साध्य नहीं हो सकती वह साधन मात्र हो सकती है। साध्य के स्थिर हो जाने के बाद ही साधन स्थिर हो जाते हैं।

भारत सदियों की गुलामी के बाद स्वतन्त्र हुआ है - इस पर विभिन्न जातियों का साम्राज्य रहा है - इसलिए उन्होंने अपने स्वार्थ साधन के सामने देश की सेवा का अनुभव नहीं किया क्यों कि उनको इससे कोई मोह नहीं था। इसीलिए आज देश में

(१) भुखमरी

(२) बेरोजगारी

(३) कला कौशल की कमी

(४) रोगाक्रान्तता और

(५) आलस्य

घर किये हुए हैं - अतएव हम इन औद्योगिक, वैज्ञानिक वा यांत्रिक के साथ-साथ नहीं चल पा रहे हैं। हमारे पास उत्तम खनिज वा प्राकृतिक संपदा भरी पड़ी है - फिर भी हमें देश समृद्धिशाली नहीं बना पा रहे। क्यों कि हमारी शारीरिक कार्य क्षमता, परिश्रमप्रियता आदि का ह्रास हो चुका है।

अतएव हमें निर्धनता, बीमारी, और आलस्य से छुटकारा पाना है। तभी हम समृद्धिशाली हो सकेंगे। ऐसी दशा में हमें तत्वों का समावेश अपनी शिक्षा में करना पड़ेगा - जिसके फलस्वरूप हमारा आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक, शारीरिक, नैतिक तथा यांत्रिक विकास हो सके। यह सारा तभी संभव है जब कि आधुनिक शिक्षा में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों को स्थान दिया जाय।

प्रस्तुत शोध कार्य के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं उन्हें अध्ययन की दृष्टि से दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम खण्ड के अंतर्गत अध्ययन काल में होने वाले शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों तथा तत्वों को जानना और द्वितीय खण्ड के अंतर्गत बालक के अध्ययन कक्ष के बाहर होने वाले शारीरिक कार्य क्रमों का अध्ययन करना है। इन दो खण्डों का पृथक पृथक गवेषणात्मक अध्ययन अधोलिखित दो शीर्षकों के अंतरगत करना अधिक सुविधा-जनक होगा।

(अ) पाठ्यक्रमान्तर्गत शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमांश लक्ष्य

(ब) तथा पाठातिरेक शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का पर्यवेक्षण

(स) शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के द्वारा यह देखना कि :-

(१) बालकों तथा बालिकाओं के लिए शरीर विकास संबंधी क्रियाओं का (खेल-कूद-फुटबाल, हाकी, क्रिकेट, बैडमिन्टन, बासकेटबाल और कबड्डी का आयोजन किया जाता है ?

(२) बालक तथा बालिकाओं की मांस पेशियां वा स्नायु विकास संबंधी क्रियाओं (यथलेटिक्स वा जमनास्टिक - व्यायाम वा कसरत के अंतर्गत दौड़ना, कूदना, फेंकना, वजन उठाना, घुड़ सवारी करना तथा डण्ड-बैठक लगाना, कुस्ती लड़ना, घूंसे-

दूरी कूदी करना, आसन-योगादि) का विद्यालयों आयोजन किया जाता है ।

३ - बालक तथा बालिकाओं की विचार तथा भावना विकास संबंधी क्रियाओं का (सामूहिक खेल, स्काउटिंग, एन० सी० सी०, गर्ल्स गाइड, राष्ट्रीय युवक कल्याण अभियान, प्रारंभिक चिकित्सा, रेडक्रास सोसाइटी) आदि का आयोजन किया जाता है ।

४ - मनोरंजन संबंधी क्रियाएं :- (तैरना, खेना, नृत्यादि, सतरंज, और कैरम आदि खेलों का आयोजन किया जाता है ।

५ - विद्यालय में शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम को आयोजित कराने के लिए प्रावधान है ।

६ - विद्यालय में विभिन्न समारोहों का आयोजन किया जाता है ।

७ - छात्रों के विभिन्न उपयुक्त अभ्यास कक्षा की व्यवस्था है ।

८ - छात्रों को दैनिक अभ्यास कराया जाता है अथवा नहीं ।

९ - छात्र उपस्थिति एवं अभ्यास रुचि कैसी है ।

(ब) शारीरिक क्रियाओं के माध्यम से यह निरीक्षण करना कि -

१ - बालकों के विभिन्न खेल-कूद की क्या व्यवस्था है ।

२ - बालकों के विभिन्न व्यायाम-जिमनास्तिक की क्या व्यवस्था है ।

३ - बालकों के विभिन्न कसरतों - एथलेटिक्स की क्या व्यवस्था है ।

४ - क्रीड़ाक्षेत्रों व व्यायाम शालाओं की उचित व्यवस्था है ।

५ - क्रीड़ा सामग्री वा व्यायाम कसरत के लिए सामग्री प्राप्ति के कौन से साधन है ।

६ - क्रीड़ा शुल्क के संबंध में अध्यापकों के क्या विचार है ।

७ - विद्यालयों में प्रतियोगिताओं आयोजन होता है ।

८ - सामूहिक कवायत की व्यवस्था है या नहीं ।

९ - इन शारीरिक क्रियाओं के लिए शासन या विभाग से अनुदान मिलता है ।

१० - बालकों की रुचि इन विभिन्न शारीरिक कार्यक्रमों के प्रति कैसी है ।

----0000----

इन विभिन्न लक्ष्यों के साथ ही (१) विन्ध्य प्रदेशीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा कार्यक्रमोंका आलोचनात्मक अध्ययन। (२) मुदालियर आयोजन की सिफारिशों का विद्यालय में प्रभाव (३) वैयक्तिक सुझाव तरीकों एवं साधनों का निर्देशन करना भी है। इन्हीं दृष्टिकोणों से लेकर प्रश्नावली का निर्माण किया गया है।

(३) भारत में हुए इस दिशामें शोध कार्य

भारतीय शैक्षणिक पृष्ठभूमि - कुछ वर्षों पूर्व भारत में अंग्रेजी शासन व्यवस्था थी अतएव प्रचलित शिक्षा प्रणाली उन्हीं की देन है। अत: अंग्रेज सरकार अपनी आवश्यकताओं को सामने रखते हुए शिक्षा का सर्वेक्षण कराया और उसीके अनुसार शिक्षा प्रणाली का संगठन किया गया। उस समय की शिक्षा पध्दति के संबंध में प्राच्य और पाश्चात्य विचार धाराओं में एकता नहीं थी। फिर भी लार्ड मैकाले ने भारतीय शिक्षा को अंग्रेजी नीति के सांचे में ढालने का प्रयास किया। भारतीय शोध कार्य के अध्ययन के पूर्व साररूप में आधुनिक शिक्षा प्रणाली की पूर्व वर्ती शिक्षा व्यवस्था की जानकारी आवश्यक है -

सत्यत: शिक्षा आरम्भ ऋग्वेद काल से होता है। यह काल २५०० ई० पूर्व से वर्तमान सम्वत् तक के वर्षों को ऐतिहासिक दृष्टि से विभाजन किया जाय तो पांच भाग किए जा सकते हैं -

१ - वैदिक युग २ - बौध्द युग ३ - मुस्लिम युग ४ - ब्रिटिश युग ५ - स्वतंत्रता के बाद का काल। आधुनिक शिक्षा ब्रिटिश युगीय शिक्षा प्रणाली से प्रभावित हुई है - अस्तु तत्कालीन शिक्षा व्यवस्था पर दृष्टिपात करना अधिक समाचीन होगा। इस युग में (१) प्रथम काल - (१७५७) - १८१३ ई०) में ईस्ट इण्डिया कम्पनी शिक्षा के प्रति उदासीन रही। उसने तटस्थता की नीति अपनायी।

(२) व्दितीय काल (१८१३ - १८५७ ई०) इस समय कम्पनी ने शिक्षा समस्या पर विचार किया और प्रयोगात्मक रीति अपनायी।

(३) तृतीय काल (१८५७ - १९१९ ई०) इस अवधि में केन्द्रीय सरकार पूरे देश की शिक्षा नीति निर्धारित करती रही।

(४) चतुर्थ काल (सन् १९१९ - १९४७ ई०) इस काल में प्रादेशिक स्वशासन शुरू हुआ।

सन् १८५५ तक इस देश में शिक्षा प्रशासन सुव्यवस्थित नहीं था। सन् १८३५ में लार्ड विलियम बैन्टिंग के समय में शिक्षा समिति के प्रधान लार्ड

मैकाले ने अपने लेख-पत्र में अंग्रेजी भाषा पर जोर देते हुए कहा था कि हमें इस देश में ऐसे वर्ग का निर्माण करना है जो रंग और रक्त में भारतीय हो किंतु खान-पान, रहन-सहन, आचार-विचार, तथा बुध्दि में पूरे अंग्रेज हो ।

सन् १८५४ के वुड का घोषणापत्र (वुड डिस्पैच) ने जनशिक्षा तथा मातृभाषा पर जोर दिया तथा शिक्षा विभाग संगठित हुए ।

स्वतंत्रताके पश्चात् पूर्व-स्वाधीन-युगीन शिक्षा का सुधार एवं पुनरुध्दार हुआ । शिक्षा में सर्वेक्षण हुए एवं वैज्ञानिक तथा प्राविधिक शिक्षा का प्रचार हुआ । भारत वासियों की निरक्षरता जो ८० प्रतिशत थी कमने लगी , शिक्षा नीति-सरकार निरूपित करने लगी । सन् १९२१ में शिक्षा सलाहकार मण्डल की स्थापना हुई सन् १९४५ में भारत सरकार ने अपना एक स्वतंत्र शिक्षा विभाग खोला और १९५७ में शिक्षा तथा वैज्ञानिक शोध-मंत्रालय की स्थापना हुई और तभी से शिक्षा संबंधी सभी क्षेत्रों में शोध कार्य प्रारंभ हुए ।

(ब) शोध कार्य - बहुविधि प्रयास करने पर भी शोधकार्य के अध्ययन को सुदृढ़ आधार प्रदान करने के लिए शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों पर महत्वपूर्ण साहित्य उपलब्ध नहीं हो सका । इन साईक्लोपीडिया आफ एजुकेशनल रिसर्च में इस क्षेत्र अब तक हुए शोधकार्य एवं तथ्यों का महत्वपूर्ण उल्लेख किया हुआ है, उनसे ही लेखक को संतुष्ट होना पड़ा है । इस शोध कार्य का उल्लेख अग्रिम शीर्षक विदेशों में हुए शोध कार्य का सिंहावलोकन में वर्णन करने का प्रयास किया जाता है।

भारत में शारीरिक शिक्षा में हुए शोध-कार्य का रूप इस प्रकार है - अपने देश में शारीरिक शिक्षा बहुत प्राचीन काल से चली आ रही है । वैदिक काल में यह व्यायाम, आसन, योग, धनुर्विद्या तथा युध्द विद्याके रूप दी जाती थी । आश्रमों में ऋषिगण इन विद्याओं को बहुत महत्त्व देते थे और वही अभिरुचि के अनुसार उन अपेक्षित शारीरिक विद्याओं का अभ्यास कराते थे सर्व प्रथम सन् १८८२ ई० में भारतीय शिक्षा आयोग ने शिक्षकों एवं निरीक्षकों का ध्यान शारीरिक शिक्षा की ओर आकृष्ट किया उन्होने सिफारिश की कि शारिरिक विकास को स्थानीय खेल-कूद ड्रिल तथा दूसरी उपयोगी कसरतों के द्वारा प्रोत्साहन दिया जाय ।

भारत में इस शिक्षा का श्री गणेश सन् १९२१ में हुआ । इसका प्रारंभ श्री यस०सी० बक ने किया इसी वर्ष मद्रास में वाई० एम०सी० ए० विद्यालय की स्थापना हुई । इसी समय भारतीय शिक्षा सचिव नियुक्त होने के कारण विद्यालयों में शारीरिक क्रियाओं का भी विकास होने लगा । सन् १९३३ में लखनऊ में शारीरिक शिक्षा का महाविद्यालय

में शारीरिक शिक्षा का महाविद्यालय स्थापित हुआ । इन शिक्षालयों में विभिन्न शारीरिक क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जाने लगा । प्रशिक्षित अध्यापक माध्यमिक विद्यालयों में जाने लगे और इस प्रकार से पाठ्यक्रम में शारीरिक क्रियाओं को महत्वपूर्ण स्थान मिलने लगा । कलकत्ता विश्व विद्यालय आयोग (१९१७ ई०) ने शारीरिक शिक्षा संचालक तथा विद्यार्थी सेवा बोर्ड के स्थापना की सिफारिश की । सन् १९४८ में राधाकृष्णनन कमीशन ने भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया इसके अतिरिक्त माध्यमिक-शिक्षा आयोग (१९५२-५३) ने तो पूर्ण रूपेण शारीरिक क्रियाओं का महत्व और उनके संगठन आदि के संबंध में उल्लेखनीय सिफारिशें की हैं । उसी के फलस्वरूप माध्यमिक विद्यालयों में इन क्रियाओं को अब महत्व दिया जाने लगा है । इन क्रियाओं के संचालन के निमित्त विद्यालयों में प्रशिक्षित अध्यापक भी रक्खे जाने लगे हैं , इन्ही अध्यापकों द्वारा विद्यालयों में विविध शारीरिकक्रियाओं का आयोजन एवं संचालन किया जाता है ।

(४) विदेशों में हुए शोधकार्यों का सिंहावलोकन :-

अ - ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि - ग्रिजेल के अनुसार शिक्षा क्षेत्र में क्रियाओं का समारंभ सर्वप्रथम यूनान में हुआ था । वहां के प्राचीन विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रमातिरिक्त शारीरिक क्रियाओं का वर्णन मिलता है । पहिले यूनान विद्यालयों में वैयक्तिक खेल-कूद, व्यायाम, दौड़ आदि के रूप में क्रियायें की जाती थी तत्पश्चात सामूहिक खेल - (टीम गेम्स) होने लगे । वहां के विद्यालयों के विभिन्न ~~सम्मूहिक-से~~ कार्यक्रमों के सम्पादनार्थ छात्र समितियों का संगठन होने लगा इस प्रकार शारीरिक क्रियाओं का महत्व बढ़ता गया ।

यूरोप में मध्यकाल के समय विश्वविद्यालयों में छात्र संघ (स्टूडेण्टस् नेसंस) विद्यार्थियों के ~~नि~~- जीवन का प्रमुख अंग समझा जाता था । विभिन्न खेल-कूद मंटुआ के विठोरिनोद फेल्टर्स स्कूल में स्वतंत्रता पूर्वक खेले जाते थे । ई० इंग्लैड के जनता विद्यालयों में (पबलिक स्कूलस्) में भी छात्रों की विभिन्न शारीरिक क्रियायें होती थी । विंचेस्टर कालेज में १३८३ ई० में इन शारीरिक क्रियाओं के लिए कुछ नियम आदि भी निर्धारित कर दिये गये थे । अठारहवीं शताब्दी में गोल्फ, क्रिकेट, रोइंग और फुटबाल-संघ (एसोसिएसन) वेस्टमिस्टर में सर्व प्रथम पाये गए ।

अमेरिका की शिक्षा में पहिले शारीरिक कार्यक्रमों का महत्व नहीं

समझा जाता था। किन्तु शिक्षा में वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति के प्रादुर्भाव के कारण शारीरिक क्रियाओं का शैक्षणिक महत्व बढ़ने लगा। सन् १८११ में फुटबाल इक्सटर अकेडमी लोक प्रियता प्राप्त करने लगा। उसी के फलस्वरूप सन् १८७८ ई० में इक्सटर और इनडोवर के बीच सर्व प्रथम अन्तर्विद्यालयीय फुटबालका खेल प्रारंभ हुआ। इससे स्पष्ट है कि उत्तर अमेरिका में उन्नीसवीं शताब्दी में ही शारीरिक क्रियाओं तथा व्यायाम का श्री गणेश हुआ।

न्यू इंग्लैण्ड में सन् १८६५ में विलियम-जार्ज ने छात्र संघ जूनियर रिपब्लिक सन् १९०० के बाद शारीरिक समितियाँ, संगीत संघ आदि संस्थाओं की स्थापना हुई। सन् १९१० ई० के बाद स्काउट्स का भी आरंभ हो गया। इसके बाद बीसवीं शताब्दी में विस्तृत क्षेत्र में इन क्रियाओं का महत्व बढ़ता गया।

(ब) शोध-प्रगति - उन्नीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक तक स्कूल के अधिकारी गण इन क्रियाओं को शैक्षणिक-कार्य में व्यवधान बतलाते थे और इसी से इनकी उपेक्षा होती रही। किन्तु प्रथम विश्व युद्ध के समय से ही इनको महत्व दिया जाने लगा। स्कूल बोर्ड ने कोचेज और स्पान्सर्स की नियुक्ति किया - उनके - द्वारा विद्यालयों में इन क्रियाओं को यथेष्ट समय दिया जाने लगा और आयोजन के लिए प्रावधान भी। जोन्स ने २६६ पबलिक स्कूलों में २८ प्रकार की विभिन्न क्रियाओं का अध्ययन किया। उसने बताया थे वे क्रियाएं हैं जो दैनिक कार्यक्रम के अंतर्गत होती हैं तथा अध्ययन के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने इन क्रियाओं को पाठ्यक्रमानुसार कक्षा के बाहर संगठित किये जाने का सुझाव पेश किया तथा जोन्स ने यह भी बतलाया कि किशोरावस्था में शारीरिक क्रियाओं के चुनाव में स्वतंत्रता व स्वानुभव हो और बाह्य प्रेरणा से परे हो। शेनन ने शारीरिक क्रियाओं के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला कि बालक विद्यालय के इन कार्यक्रमों से आकर्षित होते हैं, तथा इन क्रियाओं मे सक्रिय भाग लेने से उनके व्यक्तित्व का पूर्ण विकास होता है। स्मिथ जो एक मनोवैज्ञानिक चिकित्सक (साइकियाट्रिस्ट) थे, उन्होंने कैलिफोर्निया विश्व विद्यालय में शोध करके बताया कि उनके पास ३०० व्यक्ति जो मनोवैज्ञानिक उपचार हेतु आये थे। उनमें से दो तिहाई लोग किसी भी शारीरिक खेल-कूद या क्रियाओं में सम्मिलित नहीं हुए थे। हाल ही में ट्रम्प महोदय ने ३५२५ माध्यमिक शालाओं के छात्रों का अध्ययन करके निष्कर्ष निकाला कि शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्फूर्ति, कौशल दक्षता, मैत्रीभाव, विद्यालय के प्रति रुचि, आदर्श नैतिकता, सद्भाव, अवकाश के समय उच्च कार्यों का अन्वेषण करना, अध्यापकों के प्रति आदर एवं साहचर्य, स्मरण

[illegible] में, स्मरण शक्ति, शारीरिक स्वस्थता, मानसिक स्थिरता, सामाजिक कार्यकुशलता, प्रसन्नता और सामान्य ज्ञान आदि गुणों का आविर्भाव होता है। इस प्रकार सन् १९२० के बाद इन क्रियाओं का समावेश विद्यालयों में होने लगा तथा सन १९३० ई० तक ये क्रियायें विद्यालयीन कार्यक्रमों की अनिवार्य अंग बन गई। इनके कुछ सम्बन्ध में बहुमुखी खोज तथा अध्ययन होने लगे। अध्यापकों एवं छात्रों का सम्मान इन क्रियाओं में भाग लेने के कारण होने लगा और १९५० ई० तक शिक्षा संस्थाओं की अनिवार्य विषय के रूप में मानी जाने लगी।

--ooo--

द्वितीय अध्याय

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का शिक्षा में महत्व

शिक्षा का अभिप्राय -

शिक्षा का विकास मानव विकास के साथ साथ हुआ है, मनुष्य जीवन के प्रत्येक क्षण में कुछ न कुछ शिक्षा ग्रहण करता रहता है। जब शिक्षालय नहीं थे तो समाज के वृद्ध सामाजिक एकता वा आदर्शों की शिक्षा संतति को दे कर, उन्हें समाजोपयोगी सदस्य बना दिया करते थे। कालान्तर में शिक्षालयों का विकास हुआ और शरीर तथा मस्तिष्क को पृथक मान कर केवल पुस्तकीय ज्ञान से मस्तिष्क को भर देना ही शिक्षा का लक्ष्य समझा जाने लगा। इधर मनोविज्ञान के विकास से शिक्षा संसार में भारी परिवर्तन हुए और बालक की अभिरुचियों के अनुसार उसका स्वाभाविक विकास करना शिक्षा का कार्य समझा जाने लगा। अब संसार का औद्योगिकरण हो रहा है, वैज्ञानिक वा यांत्रिक विकास अपनी चर्म सीमा तक पहुंच चुके हैं। इसलिए केवल भाषा, गणित और भूगोल इतिहास की शिक्षा से आधुनिक युग की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं की जा सकती। इसलिए वर्तमान शिक्षा का अभिप्राय बालक का सर्वांगीण विकास करना है। बालक के मानसिक विकास के साथ साथ उसका - (१) शारीरिक (२) व्यावसायिक (३) भावात्मक (४) सामाजिक (५) आध्यात्मिक विकास भी करना शिक्षा का कार्य है।

शिक्षा का अर्थ

अंग्रेजी का एजुकेशन शब्द जिसका अर्थ शिक्षा है, लैटिन भाषा के एडूकेटम शब्द से निकला है जिसका तात्पर्य शिक्षित करना है ए का आशय है आभ्यान्तर से तथा डूको का आशय है अग्रमति देना इस प्रकार एजुकेशन शब्द का अर्थ है, अन्तर्निहित शक्तियों को बाहर की ओर विकासोन्मुख करना, क्रीत ज्ञान को ठूंसना नहीं। इसी आधार पर एडिसन ने एजूकेशन की परिभाषा करते हुए कहा है कि -

शिक्षा व्दारा मनुष्य के अन्तर्निहित शक्तियों तथा गुणों का विकास होता है जिनको शिक्षा की सहायता के बिना बाहर निकालना असंभव है। एक अन्य मत के अनुसार एजुकेशन शब्द को विभिन्न शारीरिक, मानसिक एवम् नैतिक शक्तियों के विकास वा प्रादुर्भाव का पर्याय माना गया है।

भारतीय प्राचीन साहित्य में शिक्षा वेदांगों में से एक का नाम है जिनमें वेदों के वर्ण स्वर, मात्रा आदि का निरूपण है शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ ज्ञानार्जन करना है । इससे स्पष्ट है कि शिक्षा जड़ वस्तु न हो कर एक प्रक्रिया है शिक्षा में शिक्षक तथा शिक्षार्थी के बीच इसका आदान-प्रदान होता है । इसीलिए एडम्स ने शिक्षा को द्विमुखी प्रक्रिया (बाई पोलर प्रक्रिया) बतलाया है । उसका एक अंग है बालक द्वारा शिक्षक उन्हीं बीच शिक्षा प्रक्रिया चलती है । एडम्स की भांति जान डीवी ने शिक्षण को एक प्रक्रिया ही माना है । उसके अनुसार

शिक्षा एक सार्थक प्रक्रिया (परपजफुल एक्टिविटी) है । इसके दो अंग हैं एक मनोविज्ञानिक दूसरा व्यावसायिक । बालकों की मूल प्रवृत्तियों तथा शक्तियों का अध्ययन ही इस प्रक्रिया के मनोविज्ञानिक अंग का आधार है । साथ ही जान डीवी ने शिक्षण प्रक्रिया के आर्थिक मूल्य को अधिक महत्व दिया है । उसका कथन है कि कोई भी प्रक्रिया उस समय तक सार्थक नहीं है - जब तक कि उसका औद्योगिक उपयोग व मूल्य न हो । इसी के आधार पर अमेरिका की शिक्षा उद्योग तथा व्यवसाय प्रधान हो गई है । उद्योग व व्यवसायों की शिक्षा ग्रहण करने के लिए परिश्रम, अध्यवसाय, शारीरिक कार्य क्षमता, आदि की आवश्यकता है । अतएव शिक्षा में शारीरिक कार्य क्रमों का विशिष्ट स्थान होना चाहिए ।

शिक्षा की आवश्यकता -

व्यक्तित्व के विकास, चारित्रिक उन्नयन, स्वावलंबन और अपने जीविकोपार्जन की क्षमता के निमित्त शिक्षा की आवश्यकता है । साथ ही बालक के मनोविज्ञानिक विकास तथा मूल प्रवृत्तियों का उचित मार्ग दर्शन कर के नितान्त पराश्रित और अयोग्य शिशु को कार्य क्षम बनाने के लिए भी शिक्षा की जरूरत है ।

शरीर ही सब धर्मों का साधन है , जब तक शरीर स्वस्थ वा निरोग नहीं रहेगा तब तक मस्तिष्क भी स्वस्थ नहीं रह सकता । रूग्ण या कष्ट युक्त शरीर ध्यानावस्थित हो ही नहीं सकता अतएव सुगठित वा स्वस्थ शरीर का निर्माण करना शिक्षा का कार्य है ।

आज संसार का औद्योगीकरण हो रहा है , आर्थिक विकास अपनी अन्तिम सीमा तक पहुंच चुका है - पाश्चात्य देशों में पर्याप्त आर्थिक

अमन चैन है परन्तु अपना देश प्राकृतिक साधनों से सम्पन्न होता हुआ भी आर्थिक विपन्नता के चंगुल में फंसा हुआ है - धन धान्य के लिए हमें दूसरे देशों का मुंह ताकना पड़ता है। अतएव इस आर्थिक वा व्यावसायिक दौड़ में आगे बढ़ने के लिये ऐसी शिक्षा होनी चाहिए जो स्फूर्तिवान, परिश्रमी और कार्य क्षम युवकों का निर्माण करें।

वैज्ञानिकता के विकास ने संकीर्णता की जंजीरों को ढीला कर दिया है, राष्ट्रीयता का स्थान अन्तर्राष्ट्रीयता ने ले लिया है इस विकसित युग में बिना पारस्परिक संबंधों वा वैचारिक उदारता के किसी भी देश का काम नहीं चल सकता। इसलिए शिक्षा व्दारा सहिष्णु, सहानुभूतिक, भ्रातृत्व भाव से युक्त सहअस्तित्व पर विश्वास करने वाले समाज का निर्माण होना चाहिए।

पहिले मनुष्य स्वयं प्रकृति के अनुकूल बन कर जाता था - परन्तु आज के यांत्रिक मानव ने प्रकृति को कैद कर रक्खा है और उस पर विजय प्राप्त करना चाहता है। इसलिए नवीन वैज्ञानिक अन्वेषण तथा अनुसंधानों को संपादित करने के लिए विकसित ज्ञानेन्द्रिय वा कर्मेन्द्रियों के युवकों की आवश्यकता है। जो आधुनिक बेरोजगारी और बेकारी को दूर कर सकें इस प्रकार कला कौशल प्रधान, कुशल कारीगरों को बनाना भी शिक्षा का कार्य है।

अतएव इस प्रकार से हमारी, आर्थिक, सामाजिक, नैतिक वा जीविकोपार्जन संबंधी सभी आवश्यकताएं शिक्षा पर ही आधारित है। इसलिए शिक्षा हमारे जीवन से संबद्ध है, शिक्षा जीवन को प्रगतिशील बना कर उसको उचित दिशा की ओर ले जाती है।

<u>शिक्षा में शारीरिक क्रियाओं का समावेश</u>

शिक्षा में शारीरिक शिक्षा का स्थान जो कि शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के व्दारा दी जाती है कितना महत्वपूर्ण है यह पाश्चात्य शिक्षा शास्त्री थामस हेनरी हक्सले के अधोलिखित कथन से स्पष्ट है -

सुशिक्षित मानव मैं उसे समझता हूं जिसके शरीर और मस्तिष्क में इतनी एकता हो जाय कि शरीर-मस्तिष्क का सेवक बन जाय और अहर्निश यंत्रवत मस्तिष्क के निर्देशित कार्यों को सरलता और प्रसन्नतापूर्वक संपन्न करता रहे। परन्तु यह शरीर यंत्र एक विवेकशील, गंभीर, तर्क शक्ति से चालित, सम्पूर्ण अंगों में समान शक्ति रखने वाला, कार्य क्षम, सदैव तत्पर, भाप के इंजन की भांति होना चाहिए जिसे किसी भी कार्य में लगाया जा सके। इस यंत्र के

के मस्तिष्क को ज्ञान से लबालब भरा होना चाहिए, इसे सभी प्राकृतिक सत्यों, सौन्दर्यानुभूति तथा जीवनी शक्ति से युक्त होना चाहिए। इसकी शोधित वासनाएं सौन्दर्य या प्राकृतिक कलाओं से अनुराग करने वाली, परन्तु साहस बढ़ाने वाली विवेक की अनुचर और स्वयं तथा प्राणि मात्र से अनुराग करने वाली हों।
उपरिलिखित उद्धरण को पढ़ने से पता लगेगा कि शिक्षा शास्त्री हक्सले ने भी भाषा की शिक्षा या पुस्तकीय ज्ञान के लिए नहीं कहा। इतिहास साक्षी है कि सभ्यता का चर्म विकास अतीतकाल में बिना भाषा ज्ञान वाले मानवों द्वारा ही हुआ है। अजंता और एलोरा की गुफाएँ अपनी कलात्मकता या कारीगरी के लिए विश्व में प्रसिद्ध हैं। उसकी कलात्मक अभिव्यक्ति पर संसार भर की कलाएं न्यौछावर हैं।

पीढ़ी दर पीढ़ी यह कार्य चलता रहा सहस्त्रों कारीगर तथा कलाकारों ने लाखों घण्टे अध्यवसाय तथा अथक परिश्रम कर के इनका निर्माण किया और संभवतः उन कलाकारों में से भी लिखना पढ़ना नहीं जानते थे। अतएव जो शिक्षा हमारी सौन्दर्यात्मक भावनाओं को जागृत कर हममें कलात्मकता, कारीगरी, सच्चरित्रता, सदभावनाओं, अध्यवसाय और परिश्रमशीलता का विकास न करे वह शिक्षा नहीं। केवल पुस्तकीय ज्ञान, लिखना, पढ़ना और हिसाब लगाना सीख कर हम अपने भावी जीवन संग्राम में असफल और पराजित सिद्ध होते हैं।

वर्तमान विद्यालयों में पाठान्तिरिक कार्य क्रमों के अभाव में पाठशाला का वातावरण नीरस और शुष्क रहता है बालक पढ़ने में रुचि नहीं लेते इसीलिए शिक्षाविद बर्ट कहता है कि ऐसे विद्यालय के बालक भग्नाशायुक्त (फ्रसट्रेटेड) हो जाते हैं। जिसके कारण उनका झुकाव क्रान्तिकारी तथा आक्रमक प्रवृत्तियों की ओर हो जाता है। अतएव ऐसे छात्र आत्म संतोष के लिए अन्य विध्वन्सात्मक कार्यों की ओर प्रवृत्त हो जाते हैं। अपने दुर्गुणों से अच्छे छात्रों को भी प्रभावित करते हुए अपराधी बालक (डिलिनक्वाएंट) बन जाते हैं। अतएव शिक्षालय में स्वस्थ वातावरण निर्माण करने के लिए जिससे अपराधी बालकों का अभियोजन (एडजस्टमैन्ट) हो सके, मनोरंजक शारीरिक कार्य क्रमों में लगा कर मार्गान्तरी-करण करना चाहिए।

यूनान देश जो अपनी सभ्यता और शिक्षा के लिए प्रसिद्ध था - जब संसार अज्ञानांधकार में सो रहा था - तब यूनान देश अपनी सभ्यता की चर्म सीमा पर पहुंच चुका था - और फिर वहीं की ज्ञान दीप की ज्योति से कई देश प्रकाशित हुए। यूनानी युवक अपने साहस, धीरज और पराक्रम के लिए विश्व प्रसिद्ध है

सिकन्दर महान को कौन नहीं जानता वह एक यूनानी सैनिक ही था । सुगठित शरीर धारी यूनानी देव प्रतिमाओं की भांति निर्मित किये गए हैं - उसके विकसित सभ्यता का रहस्य केवल शारीरिक एक मात्र शारीरिक शिक्षा ही है - उसने शिक्षा की बुनियाद शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों पर ही रखी है उन्होंने अपनी सभ्यता और शिक्षा का आधार खेल कूद, नृत्य, सुमधुर वाद्य, समारोह, और धार्मिक कर्तव्यों को ही बनाया था । इसी प्रकार भारतीय अमेरिकन भी अपनी प्रार्थनाओं को नृत्यों व्दारा अभियोजित किया करते हैं यह एक अच्छी शिक्षा की विधि है । सुप्रसिद्ध आद्य वैज्ञानिक नीग्रो जार्ज वार्सिंगटन जिसमें सर्व प्रथम सोया बीन की खाद्य उपयोगिता तथा प्लास्टिक का अन्वेषण किया वह एक मात्र प्रकृति प्रेमी और विद्यालय के ज्ञान से निरा अपरिचित व्यक्ति था । आज संसार उसे महान वैज्ञानिक के रूप में आदर करता है ।

हमारे वैदिक काल के आश्रमों की शिक्षा भी जिसे ऋषि-गण प्रकृति गोद में बैठा कर दिया करते थे वह शारीरिक क्रियाओं धनुर्विद्या युद्ध विद्या, व्यायाम आदि के ही आधार शिला पर आधारित थी और उस समय भारत भी एक समृद्ध देश था - और लोग इसे सोने की चिड़िया कहते थे ।

शिक्षा एक क्रिया है, बिना अभ्यास के दक्षता नहीं आती मानव स्वभाव गल्ती करने से सीखता है । हमारे दस अंगुलियां है और प्रत्येक का सम्बन्ध मस्तिष्क से है । इसलिए जब तक हमारी अंगुलियां कार्य क्षम, कार्य कुशल न होंगी तब तक हमारी प्रतिभा का विकास नहीं हो सकता अतएव हमारा मानसिक विकास हमारी कर्मेन्द्रियों के विकास पर ही आधारित है । आज तक ऐसी किसी भी शिक्षा विधि का निर्माण नहीं हो सका जो कि रिक्त मस्तिष्क में ज्ञान को पम्प कर दे - और कोई भी ऐसा कौशल जिसका विकास बिना अभ्यास के हो जाय इस प्रकार क्रिया ही ज्ञान की जननी है और शिक्षा स्वयं एक क्रिया है । किसी चीज के बारे में जानना मात्र परिपूर्ण नहीं है - जितना कि उसे कर के सीखना ।

अतएव जो लाभ शिक्षा के हैं वही शारीरिक शिक्षा के भी हैं - इसलिए शारीरिक शिक्षा से अधोलिखित विशेषताएं उपलब्ध हैं -

१- सुगठित बलिष्ठ शरीर

२- कार्य-कौशल

३- अवकास के समय का सदुपयोग

४- आत्म संयम

५- विकसित विचार शक्ति

६- सहयो औ सहकारिता

७- कार्य-क्षमता

८- सहनशीलता वा सहानुभूति

पाठ्यक्रम में इन शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का समावेश करने से शिक्षालय में जीवन आ जाता है। बालक का मनोरंजन होता रहता है और वह अधिक अनुराग वा लगन के साथ शैक्षणिक कार्य संपादन करता है। उसमें विद्यालय के प्रति अनुराग वा लगाव उत्पन्न हो जाता है साथ ही उसमें अपने जीवनयापन के लिए कला-कौशल की योग्यता भी आ जाती है।

इसीलिए स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि अब भारत को भागवत और गीता की आवश्यकता नहीं है, यहां तो अब खेल मैदान चाहिए तात्पर्य यह कि बालक के संतुलि विकास के लिए जितनी मानसिक शिक्षा की आवश्यकता है उतनी ही शारीरिक शिक्षा की

शारीरिक शिक्षा शिक्षा की वह अवस्था है जो कि शारीरिक क्रियाओं के व्दारा व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास करती है। अध्ययन की सुविधा के लिए इन क्रियाओं को चार भागों में विभक्त कर दिया गया है।

१- शारीरिक विकास संबंधी क्रियाएं - इनके अंतर्गत वे क्रियायें आती हैं जिनसे शारीरिक कार्य क्षमता का विकास होता है।

२- स्नायु विकास वा मांसपेशियों के विकास संबंधी क्रियाएं इनके अंतर्गत वे क्रियाएं हैं जिनसे कौशल संबंधी योग्यता तथा मनोरंजन होता है।

३- विचार विकास संबंधी क्रियाएं- इनके अन्तर्गत वे क्रियायें आती हैं जिनसे विचार शक्ति और न्याय शक्ति का विकास होता है।

४- भावात्मक विकास संबंधी क्रियाएं - इनके अंतर्गत वे क्रियाएं हैं जिनसे बालककी मूल प्रवृत्तियों का उचित शोधन वा मार्गान्तरीकरण होता है।

---000---

तृतीय अध्याय

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के उद्देश्य

शिक्षा स्वयं एक सोद्देश्य प्रक्रिया है और बालक स्वभाव से क्रिया शील होता है वह चुप चाप नहीं बैठ सकता। उसकी प्रत्येक क्रिया उद्देश्य सीखना रहता है। इस प्रकार से पाठ्यक्रमान्तर्गत शारीरिक क्रियाओं का उद्देश्य युक्त होना स्वाभाविक है। शिक्षा का सीधा संबंध जीवन से है और उसका तात्पर्य है कि भावी जीवन संग्राम के लिए उपयुक्त नागरिक तैयार करें। इसलिए जो उद्देश्य जीवन के हैं वही शिक्षा के भी हैं। जीवन के उद्देश्य देश काल और परिस्थिति के अनुसार परिवर्तित होते रहते हैं - इसलिए पाठ्यक्रम भी बदलता रहता है। शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के उद्देश्य भी लगभग पाठ्यक्रम के उद्देश्य से मिलते जुलते हैं। किन्तु विशेष रूप से शारीरिक स्वस्थता, कार्य-क्षमता, कौशल की दक्षता, उच्च नैतिकता, और अतिरिक्त समय का सदुपयोग आदि शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के मूल भूत उद्देश्य हैं। माध्यमिक शिक्षा आयोग ने अपने प्रतिवेदन में यह अभिस्तावित (सिफारिस) किया है कि विद्यालय के अंदर होने वाले सभी कार्य क्रम वा क्रियाएं पाठ्य क्रम के अंतर्गत समझे जाते हैं।

जान डीवी बीसवीं शदी के अमेरिका शिक्षा शास्त्री ने एक स्थान पर इन्हीं कार्य क्रमों के बारे में कहा है कि -

ये कार्य क्रम उन शक्तियों को स्थिरता प्रदान करते हैं जो निम्न स्वभाव वा उच्चादर्शों के बीच बिदोलित रहते हैं और वे आगे चल कर के वयस्क को समय का सदुपयोग करना सिखाते हैं। आमोद प्रमोद की कुटिलता से रक्षा करते हैं और उनके जीवन को आनन्द मय बनाते हैं।

शिक्षाविद रैन ने शारीरिक क्रियायों के उद्देश्य का निराकरण करते हुए बतलाया है कि

शारीरिक क्रियायें शिक्षालय के पश्चात अवकाश के वरदान में बदलना तथा जीवन के बोझ को आनन्द मय बनाना है।

शारीरिक प्रशिक्षण शिक्षा का आधार

शारीरिक शिक्षण का व्यायाम, शिक्षा की आधार शिला है। विश्व में शिक्षा, सभ्यता वा धर्म में अग्रणी, यूनान, स्पार्टा और रोम की शिक्षा, शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों से ही प्रारम्भ हुई और इसी शिक्षण

के आधार पर वह देश उन्नति की चर्म सीमा तक पहुंच गए । तथा जगत को एक ज्योति, एक मार्ग प्रदान किया । उनका सिद्धान्त था कि कोई भी देश उन्नति नहीं कर सकता यदि उसके नागरिक पराक्रमी, स्वस्थ एवं परिश्रमी न हों । अपने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने शिक्षा में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों को विशेष स्थान दिया ।

चौथी शताब्दी से ले कर चौदहवीं शताब्दी तक शिक्षा का उद्देश्य आध्यात्मिक रहा । इस समय धार्मिक शिक्षा का बोलबाला रहा - फिर भी धार्मिक लोगों को संयम के बन्धन में बंधना पड़ा, शारीरिक स्वच्छता, समय की पाबन्दी, उचित आहार विहार तथा तपश्चर्या से इन्द्रियों को वश मे करना आदि धर्म के प्रमुख कार्य शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के अन्तरगत ही आते थे । धर्म का प्रमुख कार्य आत्मा शुद्धता वा नैतिक उत्थान है जैसा कि हमारे सुप्रसिद्ध दार्शनिक उपराष्ट्रपति महोदय ने कहा है -

अब तक हमारे जीवन की अपेक्षा ज्ञान संचय को महत्व दिया जाता था । अर्थात् अध्यात्म के विकास की अपेक्षा मस्तिष्क की उन्नति का प्राधान्य रखा था । परन्तु जीवन के वाह्यज्ञान के विस्तार से हम उसकी गंभीरता तक नहीं पहुंच सकते । सच्चा ज्ञान कोई सूचना नहीं है । यथार्थ विद्या मस्तिष्क की स्वतंत्रता और आत्मा की शुद्धता है । उत्तम शिक्षा का लक्षण विचार, भाव तथा इच्छा शक्ति में पूर्ण सामंजस्य हो जाय । यथार्थ आध्यात्म भाव मनुष्य के बाह्य तथा आंतरिक रूप में ऐक्यस्थापन करता है तभी जीवन में शांति उत्पन्न होती है ।

अब वैज्ञानिक युग आ गया है इसमें अनुसंधान और प्रयोगात्मक विधि का आविर्भाव हुआ है, इससे बौद्धिक शिक्षा पर जोर दिया जाने लगा है । विदेशों के लोग विश्व विद्यालयीय शिक्षा के उद्देश्य निर्धारण में संलग्न हैं । बार्बिट बान्सर चारटर्स आदिकों ने क्रियाओं के अनुसार उनका वर्गीकरण किया है । सन् १९२५ ई० के प्रारम्भ में व्यक्तिगत परिवर्तन संबंधी उद्देश्य, तथा जीवन क्रियाओं संबंधित उद्देश्यों का अंतर बताया गया । संस्कृत के अभिप्रायों की पूर्ति केव्दारा तत्वों का संग्रह किया गया किन्तु बालकों तथा नवयुवकों के सर्वांगीण जीवन की कमी पाठ्य क्रम में बनी ही रही । प्राय: आधुनिक पाठ्य क्रम में अधोलिखित कमियां पायी जाती हैं ।

(१) पाठ्य क्रम संकुचित, अधूरा, और विश्व विद्यालय शिक्षा की सीढ़ी तक पहुंचने के योग्य बनाता है।

(२) पुस्तकीय ज्ञान मात्र, व्यावहारिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा की कमी इसलिए जीवन की शिक्षा के लिए कम प्रभावशाली।

(३) पाठ्य विषयों को प्राकृतिक संबंधों से अलग रखा गया है।

(४) जीवन से असंबंधित विषयों की अधिकता।

(५) अरोचक तथा शुष्क पाठ्यवस्तु की अधिकता।

(६) रुचि के अनुसार विषय चयन की कमी।

(७) परीक्षा दृष्टिकोण तथा व्यावसायिक एवं प्राविधिक शिक्षा का अभाव।

वर्तमान युग औद्योगिक तथा यांत्रिक विकास का है अत: बालक का सर्वांगीण विकास करना शिक्षा का प्रमुख कार्य है। बालक के शारीरिक विकास के साथ साथ उसकी कार्यक्षमता, कला-कौशल संबंधी दक्षता, परिश्रम के प्रति प्रेम, व्यावसायिक कुशलता और अध्यवसाय आदि की ओर भी उसका विकास करना है। अत: उपरिलिखित कमियों को दूर करने के लिए शिक्षा शास्त्रियों ने पाठ्यक्रम में विभिन्न शारीरिक क्रियाओं को समाविष्ट करना अत्यावश्यक समझा है। इसी के फलस्वरूप विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण क्रियाओं को महत्व पूर्ण स्थान देने का प्रावधान है। इन क्रियाओं को शिक्षा का अंग माना गया है। शिक्षा में शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के बहुत से उद्देश्य हैं। कुछ शिक्षाविदों ने अपनी यह सम्मति दी है कि इन क्रियाओं से बालकों को अपनी इच्छानुसार मार्ग निर्धारण करने, एवं ज्ञान क्षेत्र में स्वत: पदार्पण करने का सुअवसर मिलता है। कुछ लोगों का मत है कि विभिन्न क्रियाएं शिक्षकों तथा छात्रों के मध्य पारस्परिक संबंध स्थापित करने के माध्यम हैं। इससे अनुशासन तथा वैयक्तिक तथा वैयक्तिक मतभेद की समस्या स्वयं कम हो जाती है।

इस प्रकार शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के उद्देश्यों को अधोलिखित भागों में विभक्त किया जा सकता है।

(१) शक्तिशाली राष्ट्र के लिए - धैर्यवान, पराक्रमी, साहसी और निरोग नागरिक तैयार करना।

(२) व्यावसायिक वा यांत्रिक युग की सफलता के लिए कौशल-दक्ष, कार्यकुशल कारीगर तैयार करना।

(३) उत्तम सामाजिकता के लिए - व्यक्तित्व का विकास कर, सच्चरित्र,

सहानुभूति, सहयोग वा बन्धुत्व भाव से युक्त उत्तरदायित्वपूर्ण, नेतृत्व कर सकने वाले युवकों का निर्माण करना ।

(४) छात्रों में आत्मानुशासन, आत्मसंयम तथा न्याय प्रियता की भावना भरना ।

(५) छात्रों की कर्मेन्द्रियों का विकास कर मस्तिष्क और कर्मेन्द्रियोंका स सीधा संबंध स्थापित करना ।

(६) छात्रों को आत्म निरीक्षण तथा आत्म प्रदर्शन का अवसर देना ।

(७) छात्रों के अवकाश के समय वा अतिरिक्त शक्ति का सदुपयोग करना ।

(८) विद्यालय के वातावरण को मनोरंजक तथा रोचक बनाना ।

(९) बालकों की, अभिरुचि, योग्यताओं, प्रवृत्तियों का विकास करना ।

(१०) छात्रों का पथ प्रदर्शन में योग देना ।

इन विभिन्न उद्देश्यों के प्रति क्रमश: कुछ विचार करने से उनके अंतर्निहित विशेषताओं का आंशिक ज्ञान हो जायगा अत:

१ - शक्तिशाली राष्ट्र के लिए धैर्यवान, पराक्रमी, साहसी और बलिष्ट नागरिक तैयार करना :-

स्वस्थ नागरिक देश की निधि हैं । स्वस्थ और परिश्रमी व्यक्ति किसी भी काम को चाहे वह शारीरिक हो या मानसिक सफलता पूर्वक करता है । कोई कितना भी बुध्दिमान हो परन्तु जब तक वह स्वस्थ और शारीरिक शक्ति से युक्त न होगा तब तक अपने विचारों को रचनात्मक रूप दे ही नहीं सकता । महात्मा गांधी ने कहा करते थे कि यदि मेरा शरीर और बलिष्ट होता, यदि मैं बचपन में व्यायाम किया होता तो और अधिक अपने देश की सेवा कर सकता था । इसलिए किसी भी कार्य को संपादित करने के लिए शारीरिक कार्यक्षमता की विशेष आवश्यकता है । पाठशालाओं में आयोजित शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों करने से बालकों में शारीरिक कार्यक्षमता आती है । परिश्रम के प्रति प्रेम उत्पन्न हो जाता है और उनमें साहस, धैर्य, तथा अन्य आवश्यक गुणों का विकास होता है ।

२ - व्यावसायिक वा यांत्रिक सफलता के लिए - कार्य कुशल - वा कौशल दक्ष कारीगर तैयार करना :- अभी हमारी लड़ाई राजनैतिक स्वतंत्रता के लिए थी, उसमें हम सफल हुए । परन्तु हमारी सफलता समस्यायें लेकर आयी हैं । ~~सवर्णताब्दियों~~ शताब्दियों से व्याप्त साम्राज्य वाद और अंग्रेजों की व्यापार नीति ने हमें दरिद्र बना दिया है । इसलिए इस समय जब सारे संसार में औद्यो-

गिक वा आर्थिक क्रान्ति हो रही है, व्यवसायों की भरमार है। हमारे देश का भी औद्योगीकरण हो रहा है। अतएव आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए अध्यापकों और वकीलों की अपेक्षा कौशल-दक्ष, कुशल कारीगरों की आवश्यकता है जो हमारी व्यावसायिक क्रान्ति को सफल बना सकें। विद्यालयों में आयोजित शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा बालकों के कर्मेन्द्रियों का विकास होता है। खेल कूद से स्फूर्ति और कौशल-दक्षता का विकास होता है साथ बालकों की रुचि विभिन्न हस्तकार्यों, व्यवसायों और कलाओं की ओर प्रवृत्त हो जाती है। इस प्रकार बालक विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ कुछ न कुछ करना सीख जाता है जो उसके भावी जीवन यापन सहायक होता है और एक परिश्रमी बालक, कुशल कारीगर बन देश की समृध्दि में सहायक होता है।

३ - <u>उत्तम नागरिकता के लिए चरित्र एवं वैयक्तिक गुणों का विकास</u> :-

चरित्र जीवन का मौलिक वस्तु है। चरित्रहीन मनुष्य स्वयं का शत्रु होता है। सामुथल समाहल ने चरित्र को आदतों का समुच्चय कहा है। शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों से बालकों में विभिन्न आदतों का निर्माण होता है। चरित्र विकास में बहुत से गुण आते हैं। किन्तु सहानुभूति, सहयोग, शिष्टता, और बन्धुत्व भाव आवश्यक हैं। इन कार्यक्रमों में भाग लेने से स्थायी भावों का संगठन होता है। मैगडूगल के अनुसार चरित्र स्थायी भावों का संगठन है। कान्ट के अनुसार मनुष्य आत्म निर्मित प्राणी है। अतएव शारीरिक क्रियाओं के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी के चरित्र निर्माण की व्यवस्था की जाती है।

व्यक्तित्व की विशेषता बताने वाले शब्द विभिन्न क्रियाओं के नाम नहीं वरन् व्यौहार के गुणों के नाम हैं व्यक्तित्व का संकेत, उस व्यौहार की ओर है जो भले ही अच्छा बुरा नहीं परन्तु दूसरे लोगों को अच्छा लगे तथा जो अपने साथियों के बीच व्यक्ति की स्थिति को अनुकूल तथा प्रतिकूल बना दे। p व्यक्ति के व्यौहार की परख कैसे होनी चाहिए वा किस प्रकार व्यक्तित्व के का विकास वा सुधार किया जा सकता है। ये मौलिक प्रश्न व्यक्तित्व के संबंध में आते हैं। मनोविज्ञान उसे खास गुण यथा हंसमुख, आत्मविश्वास, आदि से उसके व्यौहार प्रकट होते रहते हैं। बालकों में शारीरिक क्रियाओं से अनुशासन, सामाजिकता, कार्यशीलता, उत्तरदायित्व नेतृत्व, सहानुभूति, सहिष्णुता आदि गुणों का विकास होता है। जो बालकों के भावी जीवन के लिए महत्व पूर्ण हैं। स्कूलों में खेल-कूद, स्काउटिंग, श्रमदान तथा सामाजिक समारोहों के समय छात्र एक दूसरे के पारस्परिक संबंध में आते हैं और उनमें कथित गुणों का पुष्टीकरण

होता है । विश्व विद्यालय आयोग सन् १९४८ के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) में बतलाया गया है कि पारस्परिक विश्वास, धैर्य, परोपकारिता, आदि गुण स्वस्थ खेलों के अभ्यास से प्राप्त होते हैं यदि विद्यालयों में खेल केवल शैक्षणिक विचार धारा एवं प्रशासनात्मक मर्यादा प्राधान्य रहा आया तो छात्र के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास नहीं हो सकेगा ।

४ - आत्मानुशासन - आत्म संयम तथा न्याय प्रियता की भावना -

खेल के मैदानों वा व्यायाम शालाओं में बालक को एक निर्धारित रीति से कार्य संपादन करना पड़ता है । एक निर्देशक के निर्देशन में चलना आवश्यक है अन्यथा कार्य संपादन हो ही नहीं सकता और आनन्द भी नहीं आता । खेल या व्यायाम का समय निर्धारित रहता है उस निर्धारित समय के अंदर ही खिलाड़ी और साथी मिल सकते हैं इस प्रकार समय की पाबंदी करना आवश्यक है । खेलों का अभ्यास नित्य प्रति किया जाय तभी उनका लाभ वा आनन्द मिलता है - इसलिए विद्यार्थियों में स्वयमेव अनुशासित जीवन बिताने के गुणों का आविर्भाव होता है । समय समय पर व्यायाम, भोजन वा आराम आदि में भी ध्यान देना पड़ता है । इससे सुन्दर आदतों का निर्माण होता है ।

खेलों में निर्णायक के न्याय को मान्यता दी जाती है उसका विरोध नहीं किया जाता इससे बालकों में निर्णय आदर वा न्याय के प्रति प्रेम पैदा हो जाता है । खेल तथा व्यायाम बालक के जीवन को एक नई धारा में ले जाते हैं जिसमें वह स्वयं अनुशासित वा संयमी बन जाता है । इसलिए जिन विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन नहीं होता उनके बालक उच्छृंखल स्वभाव के उद्दण्ड हो जाते हैं । आज विद्यालय के जीवन में व्याप्त अनुशासन हीनता का प्रमुख कारण शारीरिक शिक्षण का विद्यालयों में अभाव ही है । बिना बालकों के साथ खेलकूद में भाग लिए अध्यापक वा विद्यार्थी को एक दूसरे के संपर्क में आना, वा समझना असंभव है । जब तक बालक और अध्यापक एक दूसरे को समझेंगे नहीं तब तक गुरु-शिष्य के सही संबंध का विकास नहीं हो सकता, अतएव व्यापक उद्दण्डता को खेल कूद के आयोजना द्वारा ही दूर किया जा सकता है

५ - छात्रों की कर्मेन्द्रियों का विकास कर मस्तिष्क तथा कर्मेन्द्रियों का सीधा संबंध स्थापित करना - ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान के द्वार हैं और इनसे अनुभूत ज्ञान को कार्य रूप में परिणित करने के लिए कर्मेन्द्रियों की आवश्यकता पड़ती है । तभी कोई भी विचार या ज्ञान अपने असली रूप में आता है । अतएव विचार जो मस्तिष्क में उठे उसे कार्य रूप परिणत किया जाय यह तभी संभव हो सकता है

जब कि हमारी कर्मेन्द्रियों को व्यायाम या शारीरिक क्रियाओं द्वारा इतना प्रशिक्षित कर दिया जाय कि वे मस्तिष्क की आज्ञाओं का पालन करने में समर्थ हो जाय। मेरिया मान्टेसरी ने अपनी शिक्षा प्रणाली इसी आधार पर प्रारंभ किया था। उसमें बालकों की कर्मेन्द्रियों को विकसित कर दिया जाता है वा मस्तिष्क तथा कर्मेन्द्रियों में उचित एकता पैदा कर दी जाती है। इससे बालक जो सोचता है, जिसकी कल्पना करता है उसे अपने हाथों से कर डालता है। यानी बालक के दिल दिमाग और दस्त में एकता हो जाती है। और वह कुशल कारीगर और कलाकार बन जाता है। कर्मेन्द्रियों का विकास शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन से ही संभव है।

६ - छात्रों को आत्म प्रदर्शन - वा आत्मनिरीक्षण का अवसर देना :- बालकों में आत्म प्रदर्शन की भावना होती है। आधुनिक पाठ्यक्रम पुस्तकीय तथा एकांगी है, कक्षा में बालक शांत और चुपचाप बैठा रहता है तथा अध्यापक क्रियाशील रहता है वह प्रयास करता है कि बालक के दिमाग में ज्ञान भर दिया जाय। परन्तु जब तक किसी बालक की रुचियों का अध्ययन नहीं किया जायगा तब तक उसे उसके स्वभाव के विपरीत ज्ञान देना निरर्थक होगा। जब कि आज कल शिक्षा में बालक का विशेष स्थान है सारी शिक्षा बाल केन्द्रित है - अतएव ऐसे अवसर में विद्यालयों में विभिन्न शारीरिक क्रियाओं का आयोजन किया जाता है ताकि बालक को समझने में सुविधा हो सके। खेलों में बालक स्वयं क्रियाशील रहता है और उसे आत्मप्रदर्शन करने का काफी मौका रहता है। साथ ही निर्देशक बालकों के आन्तरिक भावों को समझ जाता है। बालक भी अपनी कार्यकुशलता का स्वयं अनुभव करता है। उसे अपनी कार्यक्षमता किसी खेल की उच्चता तक पहुंचने के लिए कितनी बढ़ाना है इसका अनुभव होता है। इस प्रकार शारीरिक कार्यक्रमों से बालकों को आत्मप्रदर्शन या आत्मनिरीक्षण का अवसर प्राप्त होता है।

७ - छात्रों के अवकाश के समय वा अतिरिक्त शक्ति का सदुपयोग - बालक विद्यालय के पश्चात् प्राय: अकर्मण्य से इधर-उधर के गंदे मनोरंजन में अपना समय बिताते हैं। इसलिए उनके अवकाश काल के सदुपयोग के लिए खेल-कूद, व्यायामादिका आयोजन होना अत्यावश्यक है। खेलों में बालक अपने समय का सदुपयोग न तो करते ही है साथ ही उनकी मांसपेशियां और स्नायु इतने विकसित हो जाते कि उनमें एक विशेष प्रकार की कार्यक्षमता वा कौशल दक्षता का निर्माण हो जाता है। स्वाभाविक रूप से वे किसी न किसी व्यवसाय या कला को अपना

लेते हैं इससे उनके जीवनका मार्ग प्रशस्त होता है।

अवकाश के अलावा बालकों में अतिरिक्त शक्ति भी होती है जिससे बालकों में विशेष क्रियाशीलता रहती है। यदि विद्यालयों में उचित शारीरिक क्रियाओं का आयोजन न रहा तो बालक अपनी इस शक्ति को लड़ने झगड़ने, तोड़ फोड़, वा विध्वन्सात्मक कार्यों में लगा देते हैं। ऐसे ही बालक अनुशासन हीनता आदि करते पाये जाते हैं।

अतिरिक्त समय के सदुपयोग में उपयोगी शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में शिक्षाविद् रैन ने कहा है ~~किस~~ कि शारीरिक क्रियाएं अवकाश को वरदान में बदल देती हैं। इस प्रकार से अध्ययन से बचे हुए समय में जब कि बालक इधर-उधर घूमते और गन्दी आदतें सीखते हैं इतनाही नहीं शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के अभाव में बालक अपराधी बालकों में परिवर्तित हो जाते हैं और समाज के लिए घातक सिद्ध होते हैं। इसलिए आवश्यक है कि बालकों में कला कौशल की योग्यता, परिश्रम से प्रेम और अध्यवसाय की शिक्षा देने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाय।

८- विद्यालय के वातावरण को मनोरंजक तथा रोचक बनाना - शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों का लक्ष्य विद्यालय के शुष्क निर्जीव तथा अरोचक वातावरण को आनन्दमय बनाना भी है। बालक जब पुस्तकीय ज्ञान का अभ्यास करते करते थक जाता है और उसे विद्यालय से स्वाभाविक अरुचि हो जाती है। तब उसकी मानसिक थकान को दूर करने के लिए आकर्षक शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पड़ती है। विद्यालय एक प्रयोगशाला है, एक ऐसा स्थान है जहां शिक्षक के शासन से नहीं वरन् निर्देशन वा सहयोग से नियमों का विकास किया जाता है। वह संगठन, निर्धारित कार्यक्रम, और शांत समय की आवश्यकता को समझ सकता है। अतएव कक्षा एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहां बालक आवश्यकता पड़ने पर बिना ~~झिझक~~ के सहायता पाये। दूसरे हम जानते है कि बालक प्राय: दो संकटों के बीच पड़ जाते हैं। प्रथम किसी प्रश्न को न समझने को शिक्षक से कहने का भय और द्वितीय माता-पिता से जो कुछ नहीं जानते है उनके न कहने की चिन्ता। कक्षा में शांति बनाये रखने, और परिहास करने अकेले कार्य करने और साथ साथ ~~कर्न~~ कार्य करने, खेल-कूद की बातें करने और पाठ्य विषय बातें करने आदि के लिए अवसर होना चाहिए क्योंकि बालक और शिक्षक दोनों के कथन आलोचनात्मक होते हैं। इस प्रकार शारीरिक क्रियाओं द्वारा बालकों के उक्त गुणों का विकास होता है और प्रत्येक छात्र

स्कूल आनेका सतत प्रयत्न करता है और स्कूल वातावरण तथा कार्यक्रम उन्हें आकर्षक प्रतीत होता है । अध्यापक और विधार्थी का संपर्क अधिक घनिष्ट होता है । अतएव विद्यालयों में, क्लब, स्काउटिंग कैम्प, नृत्य और रेडक्रास सोसायटी आदि का आयोजन करना चाहिए । जिससे बालकों का उचित मनोरंजन हो सके ।

६ - बालकों की अभिरुचि, योग्यताओं, तथा प्रवृत्तियों का विकास - अभिरुचिकी संक्षिप्त परिभाषा नहीं की जा सकती । बल्कि उसे इस प्रकार बतलाया जा सकता है कि जिज्ञासा, भाव तथा अन्तरंग तत्व, की मानसिक स्थिति जो अभिप्राय पूर्ण क्रिया की ओर अग्रसर करती है वह व्यक्ति के लिए स्पष्ट एवं तात्कालिक मूल्य की वस्तु है । जब व्यक्ति किसी वस्तु से सतत संबंध स्थापित किये रहता है स्वयं विभिन्न कठिनाइयों के बावजूद भी प्रयत्नशील रहा आता है तो उसे उसी वस्तु से आनन्द तथा संतोष प्राप्त होता है तब हम उसे उस वस्तु से दिलचस्प कहते हैं कोई छात्र कला से आनन्द प्राप्त करता है, कोई खेल से, कोई व्यायाम से इस प्रकार छात्र पारस्परिक अभिरुचियों तथा योग्यताओं के आदान प्रदान द्वारा शिक्षा से लाभान्वित किए जा सकते हैं।

शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों द्वारा छात्रों की विभिन्न योग्यताओं तथा प्रवृत्तियों को व्यक्त करने का अवसर मिलता है । प्रत्येक छात्र अपनी इच्छानुसार योग्यताका प्रदर्शन करता है । थार्न डाइक ने बालक की अभिरुचियों के निम्न कारण बताये हैं ।

१ - कार्य से लाभान्वित होना - बच्चे जो कार्य करते हैं उनसे उन्हें कुछ लाभ होते हैं, इस लाभ के कारण वे उस कार्य से दिलचस्पी लेते हैं । खेल कूद तथा व्यायाम करने से बालकों को शारीरिक लाभ होता है । अत: वे इस कार्य में रुचि प्रदर्शित करते हैं ।

२ - अनुकरण शक्ति - शारीरिक क्रियाओं को देख कर बालक उन व्यौहारों को सीखने का प्रयत्न करता है और अनुकरण शक्ति से शारीरिक विकास शिक्षा में मनोरंजन प्राप्त करते हैं ।

३ - ज्ञानात्मक तथ्य - बालक जो काम करते हैं उनका ज्ञान होने से उस कार्य को अच्छे ढंग से संपादित करते हैं इस प्रकार संबंधित कार्य की पूर्व जानकारी हो जाने से कार्य में अभिरुचि हो जाती है और उस कार्य का संपादन अच्छे ढंग से होता है ।

किशोरावस्था - अभिरुचि जागृत करने का सर्वोत्तम समय है उच्चतर

माध्यमिक स्कूल स्तर में ही बालकों की यह महत्त्व पूर्ण अवस्था होती है । अत: शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे छात्रों की इस अवस्था के अनुसार अभिरुचियों प्रवृत्तियों, योग्यताओं के अनुसार विकास करें । स्कूल नाद शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों-खेल कूद के आयोजनों से बालकों में सहयोग, सहानुभूति और सामाजिकता की भावना का विकास होता है । मनोरंजक कार्यक्रमों नृत्यादि से भी बालकों की कामुकता की प्रवृत्ति का शोध न होता है । जिमनास्टिक, एथलेटिक्स आदि का आयोजन करने से बालक योग्यतानुसार अपनी मांस पेशियों वा स्नायुओं का विकास कर कला कौशल संबंधी योग्यता प्राप्त करेंगे । जिससे अपना यापन कर सकेंगे ।

(१०) <u>विद्यार्थियों को पथ प्रदर्शन में योग देना</u> -

आधुनिक शिक्षा क्षेत्र में बालकों के समझने पर विशेष ध्यान दिया जाता है । बिना बच्चे को समझे उसका सही पथ प्रदर्शन नहीं किया जा सकता यद्यपि किसी भी व्यक्ति को पूर्ण रूपेण समझना मनुष्य की बुद्धि एवं योग्यता के परे है तथापि एक कुशल शिक्षक आधुनिकतम कलाओं के माध्यम द्वारा उनका पथ प्रदर्शन कर सकता है । सी० सी० डन्समूर के अनुसार

पथप्रदर्शन (गाइडेन्स) व्यक्ति (इंडीवीजुअल) को शैक्षणिक, व्यावसायिक, तथा वैयक्तिक संभावनाओं के प्रति बुद्धिमत्ता पूर्वक प्रयोग करने एवं उनको समझने के लिए महत्त्व पूर्ण माध्यम है और बालक को शुभ अवसर प्रदान करना है जिससे वे विश्वास करने में सक्षम हो सकते है ।

यह एक प्रकार से बालकों को यथा क्रमिक सहयोगप्रदान करता है जिससे वे स्वत: एवं अपने विद्यालय तथा सम्बद्ध जीवन के प्रति अभियोजन कर सकें । शिक्षाका प्रमुख उद्देश्य यह है कि बालक अपने वातावरण में यथेष्ट रूप से स्वत: को अभियोजित कर सके तथा पूर्ण जीवन यापन करने में समर्थ हो सके । यदि विद्यालय बालकों के झुकाव और क्षमताओं को दृष्टि में नहीं रखेंगे तो वे पूर्ण विकसित और प्रगतिशील नहीं हो सकेंगे । अत: विद्यालयों को यथोचित पथ प्रदर्शन का आयोजन करना चाहिए । पथ प्रदर्शन करने का पूर्ण अवसर शारीरिक कार्यक्रमों में मिलता है । बालक इन क्रियाओं में अन्तर्निहित ~~सक्षमत~~ शक्तियों, रचनात्मक गुणों तथा कलात्मक प्रवृत्तियों का दिग्दर्शन कराते हैं । इन क्रियाओं से बालकों की ~~अन्यम~~ अन्यान्य योग्यताओं अभिरुचियों एवं झुकावों का पता चलता है । अतएव इन्हीं क्रियाओं की समायोजना के समय शिक्षकों का उनके यथोचित पथ प्रदर्शन का प्रयास करना परम कर्तव्य है ।

चतुर्थ अध्याय

शारीरिक शिक्षण कार्यक्रम एवं बाल विकास

अवस्था के साथ साथ शरीर भी अपने वंश परम्परा एवं पैत्रिक गुणों के अनुरूप बढ़ता है । जो खामियां बालकों के माता पिता में होती हैं उनको वे विरासत के रूप में पाते हैं और शारीरिक वृद्धि के साथ साथ उन खामियों में भी वृद्धि होती है । इस प्रकार शनैः शनैः निर्बल समाज का निर्माण होता जाता है । शारीरिक बीमारियों, और दुर्बलताओं का प्रभाव बालक के मानसिक, सामाजिक या भावात्मक जगत में भी पड़ता है । शरीर से दुर्बल बालक चिड़चिड़ा और असमाजिक हो जाता है । अतएव संतुलित व्यक्तित्व के निर्माण पर ध्यान दिया जाना अनिवार्य है । यह काम शिक्षा है कि वह परम्परागत बीमारियों, दुर्बलताओं और खामियों से भावी समाज की रक्षा करें । जब तक शरीर स्वस्थ नहीं होगा तब तक मानसिक स्वस्थता की कल्पना करना निरर्थक है । स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास है अतएव शारीरिक स्वस्थ्यता परमावश्यक है । सभी शिक्षा शास्त्री वर्तमान पुस्तकीय या सैद्धान्तिक शिक्षा का विरोध करते हैं । आज शिक्षा पुस्तक प्रधान नहीं अपितु कर्म प्रधान होनी चाहिए । महात्मा गांधी ने कहा है कि मैं बालक को शिक्षित उसी समय मानता हूं जब कि वह कुछ करना सीख जाय । हमारे सामने पढ़े लिखे बेकारों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ रही है । पढ़े लिखे युवक केवल लिखा पढ़ी के काम के अलावा कोई कारीगरी, कला -कौशल या शारीरिक श्रम का कार्य नहीं कर सकते - अतएव अकर्मण्यता व्याप्त है - इस सब का हल एक मात्र हमारे विद्यालयों के जीवन में शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों का समावेश करने में है । शारीरिक शिक्षण कार्यक्रम विद्यालय के जीवन को सजीव और कर्म प्रधान बनाने में सक्षम है । कौशल दक्षता के अलावा शारीरिक शिक्षण कार्यक्रम बालक का अधोलिखित ढंग से सर्वांग तथा संतुलित विकास करतेर हैं -

१- ऐन्द्रिक विकास तथा शारीरिक शिक्षण कार्यक्रम

शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों से इन्द्रियों का विकास होता है और बालक की कार्य क्षमता बढ़ती है । कार्य क्षमता के साथ साथ बालक में थकावट पर विजय पाने तथा थकावट से मुक्ति पा तुरन्त काम करने की

शक्ति भी शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों व्दारा मिलती है । इन कार्य क्रमों का सिद्धान्त केवल शारीरिक शक्ति को बढ़ाना मात्र नहीं है बल्कि उसे लोकोपकारी कार्यों में संलग्न करना भी है - एक प्रशिक्षित बालक सदैव अपनी शक्ति का प्रयोग समाजोपयोगी कार्य में करेगा ।

वृद्धि और विकास - बालकों की शारीरिक शक्ति एक शरीर की वृद्धि और विकास कर साथ साथ बढ़ती है प्राकृतिक रूप से बालक कालान्तर में बढ़ कर प्रौढ़ का रूप धारण कर लेता है उसका आकार छोटे से बढ़ कर बड़ा हो जाता है । इसे वृद्धि कहते हैं । परन्तु विकास वृद्धि का परिमार्जित रूप है । बालकों का विकास विद्यालयों में संगठित शारीरिक कार्य क्रमों के व्दारा किया जाता है, उनसे क्रियाओं का अभ्यास कराया जाता है, अभ्यास से उनकी इन्द्रिया प्रशिक्षित होती हैं और अभ्यास जनित अनुभूति के आधार पर उनका विकास होता है । वैसे प्राणी मात्र अपना विकास क्रियाओं व्दारा ही करते हैं - शिक्षा को स्वयं एक सोद्देश्य क्रिया कहा गया है क्रियाओं के व्दारा ही मनुष्य के अनुभव की वृद्धि होती है । परंतु संगठित क्रियाएं ऐन्द्रिक विकास की कुंजी हैं । अतएव इन शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास शनैः शनैः कराना चाहिए - क्यों कि इनका मस्तिष्क पर भी उतना ही प्रभाव पड़ता है -

ध्यान - बालक एक बार में एक ही वस्तु पर ध्यान जमा सकता है । इसलिए जब बालक का ध्यान किसी संवेग या पीड़ा की ओर चला जाता है तो उसकी विचार शक्ति स्थगित हो जाती है । यहां तक कि शारीरिक पीड़ा के प्रभाव से प्राकृतिक क्रियाएं भी प्रभावित हो जाती हैं जैसे पाचन क्रिया, स्वास प्रश्वास क्रिया आदि । नित्य प्रति की कार्य जनित उदासी से बालक के ध्यान की एकाग्रता भंग हो जाती है - ऐसे समय में जब उसका ध्यान किसी मनोरंजक कार्य क्रम की ओर आकर्षित कर दिया जाय - जैसे संगीत, नृत्य और खेल की ओर तो उसकी परेशानी कम हो जाती है । यद्यपि चिन्ता, घृणा और भय से छुटकारा नहीं पाया जा सकता तथापि मनोरंजक कार्य क्रमों व्दारा उनका स्थानापन्न किया जा सकता है । जैसे वायु सर्व व्यापी है और हम किसी भी बर्तन से वायु को नहीं निकाल सकते फिर भी उसमें पानी भर कर बर्तन को वायु से छुटकारा दिया जा सकता है । ठीक इसी प्रकार बालकों के मानसिक परिश्रम जनित चिन्ताओं और भार को विद्यालयों में आयोजित शारीरिक क्रियाओं व्दारा कर के उनका समुचित विकास किया जा सकता है ।

ठीक इसी प्रकार बालकों के मानसिक परिश्रम जनित चिन्ताओं और भार को विद्यालयों में आयोजित शारीरिक क्रियाओं व्दारा कर के उनका समुचित विकास किया जा सकता है ।

इतना ही नहीं विकास शील बालक को क्रिया शील होना चाहिए चूंकि उसकी क्रियाशीलता बनी रही इसलिए उसकी रूचि का विकास करना चाहिए बालक की रूचि का दायरा बहुत छोटा होता है - इसलिए क्रिया बहुत लम्बी न होनी चाहिए । यद्यपि बालक कक्षा में उठते-बैठते, पढ़ते-लिखते थक जाते । इसलिए उनकी इस शारीरिक थकान को दूर करने तथा क्रिया में रूचि को बढ़ाने के लिए कक्षा की चहार दीवारी के बाहर उचित खेल कूद का प्रबन्ध होना चाहिए खेल कूद बालक की अध्ययन रूचि कर बर्धक होते हैं ।

बालक का शरीर यंत्रवत है जो भोजन तथा पानी रूपी ईंधन से शक्ति तथा गरमी पाता है । परन्तु यह वह इंजन नहीं है जिसे अधिक कोयला पानी दे कर एक काम से हटा कर दूसरे काम में लगा दिया जाय । इस माने में यह बड़ा कमजोर होता है, इसके अलावा यह स्वयं बढ़ता है और अपनी मरम्मत अपने आप कर लेता है । अतएव बालकों की क्षमता के अनुकूल क्रियाओं का आयोजन किया जाय ।

परन्तु केवल क्रियाओं का आयोजन करने मात्र से ही बालक का सम्यक विकास नहीं हो पाता । उसके लिए उपयुक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है - साथ ही यह देख लेना है कि अमुक क्रिया अमुक बालक के लिए उपयुक्त होगी या नहीं । किसी भी क्रिया का अभ्यास एक निर्धारित समय तक कराया जाय । निर्धारित समय के अनुसार व्यायाम का अभ्यास करने से कालान्तर में शरीर का आकार बढ़ जाता है और कार्य क्षमता भी । एक स्वस्थ बालक जो परिश्रम साध्य व्यायाम लगातार करता है इससे उसकी मांस पेशियों का विकास तो होता ही है, साथ ही उसमें बिना थके कठिन परिश्रम करने की योग्यता भी आ जाती है ।

बालक की जिन मांस पेशियों से काम नहीं लिया जाता वे कालान्तर क्रमसः निष्क्रिय हो जाती हैं अतएव शनैः शनैः उन मांस पेशियों को व्यायाम कराना चाहिए इससे उनका विकास हो जायगा । क्यों कि व्यायाम के अभ्यास का सिद्धान्त ही है कि आज थोड़ा और कल कुछ उससे अधिक इसका पालन करने वाला बालक एक दिन विश्व विख्यात पहलवान हो

सकता है ।

व्यायाम ही जीवन है - मानव जीवन छोटे छोटे कोषों से मिल कर बना है बहुत को मिल कर टिशू बनाते हैं और कई टिसू मिल कर एक अंग का निर्माण करते हैं जिसका कोई विशेष कार्य होता है । प्रत्येक कोषों को विकास करने के लिए नमी और गर्मी की आवश्यकता है - इसलिए प्रत्येक कोष एक रस व्दारा चारों ओर से घिरा रहता है । इसी रस व्दारा कोष अपना भोजन, प्राणवायु तथा क्षीण होने पर पुनः शक्ति प्राप्त करता है । कोषों को शरीर स्थित यंत्र पाचन संस्थान, श्वास-प्रश्वास संस्थान रक्त संचार स्थान संस्थान शक्ति दे कर काम करने योग्य बनाते हैं । और इन शक्तिदायक यंत्रों पाचन संस्थान, श्वास प्रश्वास संस्थान, रक्त संचार संस्थान, और हृदय को भोजन से शक्ति उत्पन्न करने की क्षमता, शरीर को अधिक प्राण वायु देने की क्षमता, रक्त संचार को तीव्र करने की क्षमता, एक मात्र नित्य अभ्यास किये जाने वाले व्यायामों से आती है । अतएव व्यायाम वा आयोजित शारीरिक शिक्षण कार्य-क्रम बालकों के जीवनाधार हैं । इनके बिना बालकों के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती - अतएव इनका बाल विकास के हेतु पाठ्य क्रम में समावेश अनिवार्य है ।

शारीरिक क्रियाएं शक्तिदायक हैं । काम का पूरक आराम है और संकोच का पूरक शिथिलता या विश्राम है । काम करते समय मांस पेशियों का संकोच वा विस्तार होता है इसी प्रकार से दिल का भी । अतएव संकोच को उत्तेजना और विश्राम को गिराव शब्दों से संबोधित किया जा सकता है । जब उत्तेजना होती है तो काम किया जाता है और जब गिराव होता है तब मांस पेशियां अपनी खोई हुई शक्ति प्राप्त करती हैं वे वेकारपदार्थों को निकालती हैं और पुनः दूसरी उत्तेजना के लिए तैयार हो जाती हैं । इसी प्रकार से क्षण प्रति क्षण, दिन प्रति दिन और वर्ष प्रति वर्ष होता है तथा शरीर विकसित होता रहता है । इस प्रकार जब एक उत्तेजना के पश्चात बिना आराम लिये ही दूसरी उत्तेजना होती रही तो थकावट आ जाती है । और बारम्बार इस प्रकार से हुई उत्तेजनाओं के कारण बालक की शक्ति का क्षाय हो जाता है । इस प्रकार से क्रियाओं को तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है -

१- आराम दायक क्रियायें - वे हैं जिनमें प्रत्येक कार्य के बाद आराम करने का समय मिलता है।

२- मध्यम श्रेणी की क्रियायें - जिनमें आराम कम लिए और थकान बढ़ जाय।

३- कठोर क्रियायें - वे हैं जिनमें उत्तेजना के बाद उत्तेजना होती रहे और आराम करने का समय न मिले - ऐसी क्रियाओं से शक्ति क्षीण हो जाती है। और बालक के विकास में व्यवधान पैदा हो जाता है।

अतएव शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का आयोजन होते रहने या व्यायाम आदि का उचित प्रशिक्षण व्दारा अभ्यास करते रहने से मांस पेशियों में खोई हुई शक्ति को पुन: शीघ्र प्राप्त कर लेने की क्षमता आ जाती है।

आराम करते या सोते समय शरीर के बेकार पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और रात्रि में सोते समय भोजन से प्राप्त शक्ति के व्दारा खोई हुई शक्ति फिर से मिल जाती है और टूटे हुए कोषों की मरम्मत हो जाती है और ठीक इसके विपरीत दिन के काम करते समय शक्ति क्षीण होती है टिशू टूटते रहते हैं। इसलिए दिन के समय निद्रा भर पर्याप्त न होगी - निद्रा के साथ साथ आराम के लिए समय मिलना चाहिए।

थकान - काम करने का परिणाम थकान है, जो कार्य शक्ति को समाप्त कर देता है। थकान का केवल एक ही कारण नहीं होता। थकान को हम चार भागों में बांट सकते हैं।

१- शारीरिक थकान - लगातार शारीरिक परिश्रम करते रहने या मांस पेशियों से काम लेते रहने तथा आराम या निद्रा के लिए उपयुक्त समय न मिलने के कारण शरीर थकान हो जाती है।

२- मानसिक थकान- कार्याधिक्य के कारण जब एक काम समाप्त न हो और दूसरा करने के लिये आ जाय तो मानसिक थकान हो जाती है- या कभी कभी भीड़, आवाज, हल्ला-गुल्ला या चमकदार प्रकाश में रहने की वजह से भी थकावट बढ़ जाती है। इसके अलावा जब अनेच्छा से क्षमता से अधिक काम करना पड़ता है तब भी थकावट हो जाती है। इतना ही नहीं बालक के स्वभाव में खिंचाव पैदा हो जाता है और उसमें चिड़चिड़ापन आ जाता है। उसके चित्त की एकाग्रता नष्ट हो जाती है वह काम करने योग्य नहीं रह जाता। ऐसे समय निद्रा लेना लाभदायक होता है परन्तु नींद आती नहीं इसलिए नशीले पदार्थ ले लेने से आराम मिलता है। परन्तु इस थकान की सर्वोत्तम औषधि है मनोरंजन इसलिए बालक को मानसिक थकान के समय उसकी

रुचि के अनुसार किसी भी खेल-कूद, या कला-कौशल आदि कामों में लगा देना चाहिए। मानसिक थकान दूर करने के उपयुक्त साधन हैं हस्त क्रियाएं जैसे कोई चीज बनाना, पेंटिंग करना आदि। अतएव विद्यालयों में बालकों की मानसिक थकान से रक्षा करने के लिए या संतुलित विकास के लिए आवश्यक है कि खेल-कूद या अन्य शारीरिक क्रियाओं का आयोजन किया जाय।

(३) <u>संवेगात्मक थकान</u> - जब कभी मानसिक या शारीरिक थकान किसी संवेग से प्रभावित हो जाती है या किसी बालक को स्थायी नुकसान या धक्का लग जाता है अथवा लगातार अरुचिकर दृष्य देखते रहने आदि से संवेगात्मक थकान आ जाती है। इस थकान से छुटकारा पाने के लिए उच्च कोटि के एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन करना चाहिए। एथलेटिक्स शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत ही आते हैं।

(४) <u>अरुचिकर क्रियाओं से थकान</u> - कभी कभी थकान अरुचिकर क्रियाओं से भी आ जाती है चाहे वे बिलकुल छोटी क्यों न हों। उदाहरणार्थ मिल में काम करने वालों को ले लीजिए उन्हें कितना हल्का काम रहता है फिर भी वे खेलने के लिए लालायित रहते हैं।

<u>व्यायाम द्वारा शक्ति अर्जित करना तथा थकान पर विजय पाना</u> -

हम अपने पैरों से सांस लेते है और हृदय से दौड़ते हैं यह एक कहावत है। इसका तात्पर्य है कि मांस पेशियां उसी समय तक काम करेंगी जब तक उन्हें रक्त की गरमी के द्वारा प्राण वायु मिलती रहेगी। और इस प्राण वायु को विभिन्न अंगों तक पहुंचाने की क्षमता एक मात्र व्यायाम करने या विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने से बालकों में आ सकती है अस्तु व्यायाम कर इस शक्ति को अर्जित करना आवश्यक है। शारीरिक शिक्षण कार्यक्रम थकान दूर करने में इस प्रकार सहायक सिध्द होते हैं -

(१) शारीरिक क्रियाओं को करने से रक्त की लाल टिकियां बढ़ती हैं।

(२) शारीरिक क्रियाओं से रक्त की लाल टिकियों की वृध्दि के साथ साथ हीमोग्लोबिन की भी वृध्दि होती है जो रक्त के साथ प्राण वायु को अन्य अंगों तक अधिक मात्रा में पहुंचाता है।

(३) शारीरिक क्रियाओं से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ जाती है और वे अधिक प्राण वायु प्रदान करने लगते है।

(४) शारीरिक क्रियाओं से कैपलरी डिफ्यूजन बढ़ जाता है जिससे कोषों में अधिक सरलता से रक्त प्रवाहित होने लगता है।

(५) शारीरिक क्रियाओं से हृदय की शक्ति या कार्यक्षमता बढ़ जाती तथा उसके रक्त संचार की शक्ति विकसित होकर एक निर्धारित गति से चलने लगती है।

(६) शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से हृदय इतना प्रशिक्षित हो जाता है कि किसी काम की उत्तेजना के बाद शीघ्र ही अपनी स्वाभाविक अवस्था में आ जाता है।

बीमारियों से रक्षार्थ अर्जित शक्ति - शारीरिक शिक्षा विशेषज्ञों का कथन है कि जिस प्रकार शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के अभ्यास से थकान पर विजय पाने की शक्ति प्राप्त होती है। ठीक उसी प्रकार इससे बीमारियों की रोकथाम करने के लिए भी शक्ति प्राप्त होती है। यों तो बीमारी की रोकथाम और औषधि करना चिकित्सकों का काम है फिर भी संक्रामक बीमारियां थके हुए और दुर्बल व्यक्तियों पर शीघ्र प्रभाव करती हैं। अतएव आवश्यक है बालकों की शक्ति शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों का अभ्यास करा के विकसित कर दी जाय।

शारीरिक शक्ति के विकास का स्वर्ण अवसर किशोरावस्था है जो अवस्था हमारे उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की होती है - माध्यमिक शिक्षा आयोग के अनुसार यह अवस्था १४ से १८ तक बतलायी गई है। अतएव शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा इस शक्ति का विकास कर लेना चाहिए ताकि बुढ़ापे तक यह शक्ति काम देती रहे। यद्यपि कुछ शारीरिक क्रियाएं ऐसी हैं जो ४० वर्ष के बाद भी की जा सकती हैं। इस अवस्था में अधिक उछल कूद के व्यायाम या खेल नहीं करने चाहिए। जीवन का असली आनन्द स्वास्थ्य शरीर में ही छिपा है और उपयुक्त शारीरिक स्वस्थता का विकास युवावस्था में विद्यालयों में आयोजित शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा किया जा सकता है। अतएव अनिवार्य रूप से विद्यालयों में इनका आयोजन किया जाना चाहिए।

स्नायु विकास तथा मांसपेशियों का विकास - या कौशल विकास तथा शारीरिक शिक्षण कार्यक्रम :-

स्नायु तथा मांस पेशियों का विकास पेशियों इन्द्रियों के विकास पर निर्भर है। लगातार शारीरिक इन्द्रियों को प्रशिक्षित करते रहने पर स्वाभा-

निश्चित रूप से कौशल दक्षता का विकास हो जाता है। सतत अभ्यास के द्वारा जब मांस पेशियाँ क्रियाओं के करने में कम गल्तियां करती हैं और काम के बाद उपयुक्त आराम का समय मिलता है तो बालक में अपने आप कार्य कुशलता या कौशल की दक्षता आ जाती है। और कालान्तर में वह उसकी निजी पूंजी बन जाती है।

किसी भी कौशल में दक्षता प्राप्त करने के लिए मांस पेशियों के साथ स्नायुसंस्थान को भी प्रशिक्षित करना आवश्यक है। क्योंकि सक्रियता की वृद्धि मांस पेशियों का काम है पर कौशल की दक्षता बिना स्नायु विकास के नहीं आती। यह स्नायु विकास एक मात्र विद्यालयों में आयोजित शारीरिक शिक्षण से हो सकता है अतएव विद्यालयों में बाल विकास हेतु इसका आयोजन आवश्यक रूप से किया जाय।

कौशल की दक्षता कुछ तो शारीरिक वृद्धि के कारण तथा कुछ व्यायामों या शारीरिक क्रियाओं के सतत अभ्यास से शारीरिक विकास के कारण होती है। यद्यपि कौशल की दक्षता कभी कभी उन बालकों में भी दिखाई देती है जो शारीरिक क्रियाओं को करने का अवसर या प्रशिक्षण नहीं पाते। अतएव उनकी इस कौशल दक्षता का एक मात्र कारण है उनकी वयस्कता तथा जीवन के कुछ अनुभव हैं। परन्तु ~~उच्चकोटि~~ उच्चकोटि कौशल दक्षता बिना किशोरावस्था में उचित शारीरिक प्रशिक्षण पाये नहीं आती। इस कौशल की दक्षता के विकास के लिए उच्चतर माध्यमिक शालाओं के बालक तथा बालिकाओं के लिए उचित शारीरिक प्रशिक्षण का अवसर दिया जाय। प्रत्येक शारीरिक शिक्षा विशेषज्ञ का कर्तव्य है कि वह बालकों की अवस्था के अनुकूल क्रियाओं का चुनाव कर प्रशिक्षण दें क्योंकि अवस्था विकास के ~~अनुस~~ अनुसार जिन क्रियाओं को करने की क्षमता बालकों में नहीं आयी उसका प्रशिक्षण देने से या तो बालक पर उसका प्रभाव नहीं पड़ेगा अथवा वह उसे सीखने में बहुत देर लगा देगा। इसलिए जब बालक की वयस्कता का विकास हो जाता है तब वह उस क्रिया को आसानी से सीख जाता है। अतः यह उपयुक्त न होगा कि हम एक छोटे बच्चे को फुटबाल या क्रिकेट का खेल सिखलावें। छोटे छोटे बालकों की मांस पेशियों का विकास लिखने-पढ़ने उठने-बैठने आदि से ही होता रहता है। जो कि पाठ्यक्रम में रहता है। अतएव सामूहिक शारीरिक क्रियाओं का आयोजन वयस्क बालकों के लिए ही करना चाहिए साथ ही यह ध्यान रखना चाहिए कि बालकों को शैक्षणिक कार्य का भार अधिक न हो जाय, कम उमर में बड़ी

बड़ी परीक्षाओं का भार बालक के मस्तिष्क में तनाव पैदा कर देता है और वे थक जाते हैं। किन्तु उच्चतर माध्यमिक शालाओं को बालकों की अवस्था का विकास उस समय तक पूर्ण रूपेण हो चुकता है इसलिए उन्हें मेहनत के खेल फुटबाल, वालीबाल और हाकी आदि खेलना चाहिए। उनके लिए कसरत और व्यायाम का भी आयोजन होना चाहिए।

<u>मांस पेशियों की सहकारिता</u> - कला कौशल के विकास के लिए विरोधी मांस पेशियों में परस्पर सहयोग के साथ काम करने की क्षमता होनी चाहिए। मांस पेशियों की साथ साथ काम करने की योग्यता का विकास बाल्यावस्था से ही शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास करने से आती है। इस अवस्था के लिए उपयुक्त क्रियाएं हैं खेल-कूद, संगीत का अभ्यास करना तथा वाद्ययंत्रों को बजाने का अभ्यास या शिल्प कला को करना है।

विरोधी मांस पेशियों में सहकारिता का विकास किसी क्रिया को करते समय उसमें गल्ती करने या उस गल्ती से सीखने के अभ्यास से आता है। बचपन में गल्ती करना और उससे सीखना एक खेल का रूप धारण कर लेता है। यह गल्ती करके सीखने की क्रिया जीवन पर्यन्त चलती रहती है और शनैः शनैः व्यक्ति में कौशल दक्षता आती जाती है। परन्तु शिक्षा के द्वारा सीखने के इस ढंग में परिवर्तन ला दिया जाता है ताकि बारबार गल्तियां करने की संख्या कम हो जाती है केवल प्रयास करना मात्र रह जाता है। प्रकृति बालक को सीखने का मौका नहीं देती। यह बालक की अनन्त क्रियाशीलता है जो उसे शिक्षित या विकसित करती रहती है। बालक परिवर्तनशील है वह अपनी स्वाभाविक क्रियाओं के सहारे विकास करता रहता है। उन्हीं से वह कौशल दक्षता प्राप्त करता है। इतना ही नहीं उसे अनेक जीवनोपयोगी शिक्षाएं क्रियाओं द्वारा मिलती हैं। बालक अपनी क्रियाशीलता में ही अपार आनन्द प्राप्त करता है। अतएव आवश्यक है कि विद्यालय के जीवन में विभिन्न शारीरिक क्रियाओं का आयोजन रहे।

<u>किशोरावस्था ही कौशल दक्षता प्राप्त करने का समय है -</u>

हम बालक की किशोरावस्था को उसकी कौशल दक्षता की अवस्था भी कहते हैं। यद्यपि कौशल दक्षता का कौशल सीखने की योग्यता मनुष्य में जीवन पर्यन्त रहती है परन्तु जितनी अधिक मात्रा में इस किशोरावस्था में रहती है उतनी अन्य किसी और अवस्था में नहीं। कौशल दक्षता का अवसर

विद्यालय की अन्य क्रियाओं की अपेक्षा शारीरिक क्रियाओं में अधिक मिलता है। इसलिए विद्यालयों में शारीरिक क्रियाओं का प्रथम स्थान होना चाहिए। स्कूल के पूर्व बालक खेलों तथा गत्यात्मक क्रियाओं से अंगों के सही रूप से हिलाने डुलाने की दक्षता प्राप्त कर लेता है। सफलता और असफलता भय तथा खतरे के अनुभवों से बालक में दक्षता आती है। बालक विश्रृंखल (रैण्डम) खेलों और विश्रृंखल अनुभवों से ज्ञानार्जन करता हुआ शनैः शनैः कठिन और उलझे हुए कौशलों की दक्षता की ओर बढ़ जाता है। और आगे चल कर उसके यही अनुभव उच्च कोटि की व्यावसायिक दक्षता का रूप धारण कर लेते हैं और उसको इससे आनन्द भी आता है। कौशल की दक्षता प्राप्त करने के लिए स्वर्ण अवसर ५ से २० वर्ष तक की अवस्था का है। इस अवस्था तक बालक अपनी मुख्य तथा सहायक मांस पेशियों पर अधिकार पा लेता है। इस अवस्था तक बालक दौड़ना, सुतुलन रखना, चढ़ना, फेंकना और झुकाना सीख लेता है। यही सब क्रियाएं आगे चल कर सामूहिक रूप से खेलों में एकत्रित हो कर प्रयोग की जाती है। और इन्हीं क्रियाओं को करता हुआ बालक अपने भावी जीवन में कौशल या व्यवसाय की दक्षता प्राप्त कर ~~लक्ष्य~~ लेता है।

किशोरावस्था के अलावा बाल्यावस्था में प्राथमिक कक्षाओं का शिक्षण विशिष्ट कुशलता के साथ किया जाना चाहिए बालकों को किसी प्रकार से भय या असफल होने की चिन्ता न रहे। यही वह समय है जब कि बालक कुछ दक्षता सीख जाता है। इसलिए इस काल की शिक्षा में क्रियाओं का प्राधान्य होना चाहिए। क्यों कि कार्य दक्षता नाड़ियां जो एक बार सीख जाती हैं वह जीवन पर्यन्त नहीं भूलती।

कौशल दक्षता प्राप्त करने का स्वर्ण अवसर विकसित हो किशोरावस्था में ही अपनी चरम सीमा तक पहुंचता है जो कि हमारी उच्चतर माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों का शिक्षा काल माना जाता है। अतएव इस समय विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का उचित आयोजन करना चाहिए। किशोरावस्था के उत्तर काल में कौशल दक्षता का विकास थोड़ा अवरूद्ध रहता है फिर थोड़े समय के बाद किशोरावस्था में किया हुआ कौशल दक्षता का अनुभव जीवन पर्यन्त थोड़ा थोड़ा कर के विकसित ~~रहता~~ होता रहता है। इस प्रकार कौशल दक्षता को ~~सीखने~~ सीखने की क्रिया जीवन पर्यन्त चलती है

कर उनका निष्कर्ष निकालने में सहायक होती है ।

व्यक्ति एक कठपुतली मात्र नहीं है कि जिसके कार्य उस पर पड़े प्रतिबिम्बों (छाया) का संचयमात्र हो । बल्कि विवेक युक्त विचार का संबंध उन पूर्व वैचारिक अनुभवों पर आधारित है कि जिनमें बाद तक प्रभाव छोड़ जाने की क्षमता हो ।

मानसिक क्षमता - प्रत्येक व्यक्तियों में पृथक पृथक विचारों को संजोने और विवेक करने की योग्यताएं होती हैं इसी विवेक को नापने के लिए एक परीक्षा का आयोजन किया जाता है जिसे हम बुद्धि परीक्षा या इन्टेलीजेन्स टैस्ट कहते हैं । किन्तु इसमें संदेह है कि ये परीक्षायें बौद्धिक योग्यता की परीक्षा लेती हैं अथवा स्मरण शक्ति की ।

क्यों कि बहुत से कम बुद्धि तत्व रखने वालीवाले व्यक्ति सफल और कुशल यांत्रिक (मैकेनिक) हैं और उनमें समस्याओं को भी सुलझाने की भी योग्यता है । कौशल क्षमता के लिए अधिक बुद्धि की आवश्यकता नहीं है । और बुद्धि तत्व मात्र ही जीवन की सफलता का रहस्य नहीं है । १४०० उच्च बुद्धि तत्व वाले विद्यार्थियों का परीक्षण किया गया जिनमें से किसी में महा पुरुषत्व के लक्षण न दिखाई पड़े उनमें से कोई भी दार्शनिक अरस्तू नहीं बना और न कोई वैज्ञानिक न्यूटन ही ।

निष्कर्ष यह हुआ कि महानता के लिए बहुत कुछ निर्भर है सुअवसर पर बहुत कुछ वैयक्तिक योग्यता पर । यह वैयक्तिक योग्यता ही है जो कौशल दक्षता प्रदान करती है । और दूसरे अपने को समाजोपयोगी बनाने की योग्यता जो दूसरे के साथ सहयोग पूर्वक काम करने के योग्य बनाती है । ये गुण हमें खेल कूद से मिलते हैं । अतएव बालक के वैचारिक विकास के लिए शारीरिक क्रियाओं की आवश्यकता है ।

प्रशिक्षण - प्रशिक्षण व्यक्ति को अपने चुनाव के अनुसार काम करने की योग्यता प्रदान करता है । वह अपने पूर्व अनुभवों के बारे में सोचता है और उस अनुभवजन्य ज्ञान को वर्तमान समस्या के सुलझाने मे लगा देता है । जो कि उसके जीवन और कार्य में प्रभाव डालने वाली होती है । पूर्व अनुभवों के आधार पर वर्तमान समस्याओं के हल के लिए वह शीघ्र ही निर्णय ले लेता है, इस संबंध में उसके निर्णय सही निकलते हैं, इससे वह थोड़े समय बहुत कुछ कर लेता है विचार विकास के फलस्वरूप उसमें शीघ्र निर्णय कर लेने की शक्ति आ जाती है ।

व्यक्ति अपने आस पास के वातावरण का भी अध्ययन करता है, वह जिस प्रकार समय के विकास से चलना सीखता है उसी प्रकार से धीरे धीरे निर्णय लेना - पहिले वह स्थाई और चलायमान वस्तुओं के संबंध निर्णय लेता है। खेलों को खेलने से शीघ्र निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होती है साथ ही उसकी कार्य क्षमता बढ़ती है, उसके नियम और कायदों का अध्ययन करता है, तात्विक रूप से व्यौहारिक गुणों का अध्ययन करता है या दूसरे शब्दों में मनुष्य को जानने का अभ्यास करता है।

नेतृत्व - विचार विकास नेतृत्व गुण का स्रोत है। किसी बालक में सभी प्रतिभायें होती है किसी में केवल एक ही, परन्तु सभी बालकों में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है। सफल नेता मनुष्य की इन सभी प्रतिमाओं को खोज निकालता है। व्यक्तियों की प्रतिभाओं को खोज निकालने का गुण न तो कोई शैक्षणिक योग्यता से आता और न संगीत का अभ्यास कर भाव -प्रकाशन आदि जान लेने से - शैक्षणिक योग्यता और संगीत व्दारा प्राप्त ज्ञान केवल अंगुलियों तक ही सीमित रहता है। दस प्रतिभाओं से युक्त मनुष्य ~~दस~~ दस चीजें कर लेता है और एक प्रतिभा से युक्त मनुष्य केवल ही - यह भी सम्भव है कि व्यक्ति प्रतिभा सम्पन्न होते हुए भी इनका उपयोग न कर सके। कभी कभी देखा जाता है प्रतिभा विहीन व्यक्ति प्रतिमा संपन्न व्यक्तियों से अधिक अच्छा काम कर लेते हैं। यह नेतृत्व ही है जो प्रतिभाओं की खोज निकालता है और उनका विकास कर उनको काम में लाता है इस प्रकार नेतृत्व व्यक्ति का चरित्र विकास कर व्यक्ति को एक सफल नागरिक बनाता है। बालकों में नेतृत्व की योग्यता विकास सामूहिक खेलों का अभ्यास करने से होता है। इसके अलावा शारीरिक क्रियाओं से बालक का चारित्रिक विकास होता है - जिससे सभ्यता का निर्माण होता है डा० जाय० बी० नास ने एक स्थान पर कहा है कि

हमारा सभ्यता रूपी जाल ईमानदारी, न्याय, सौन्दर्यानुभूति और सत्य के धागों से बुना हुआ है।

अतएव यह शारीरिक शिक्षण ही है जो कि जीवन के कतिपय प्रारंभिक वर्षों में शारीरिक क्रियायों व्दारा बालकों के स्नायुओं को अनुशासित बना देता है। शारीरिक क्रियाओं से बालक का आसन ठीक हो जाता है मांस पेशियां तथा स्नायुओं में सहयोग तथा सहकारिता की भावना पैदा हो जाती है इसी के कारण बालक में कौशल -दक्षता का विकास होता

है जिन्हें वह मनोरंजक क्रियाओं व्दारा सीखता है । सुडौल शरीर, सुन्दर चलने का ढंग, विवेक शक्ति, दूसरों को समझने की शक्ति आदि का भी विकास इन्हीं क्रियाओं के अभ्यास से होता है । अतएव बालक के सम्यक विकास हेतु शारीरिक क्रियाओं का समावेश उच्चतर माध्यमिक शालाओं में होना चाहिए ।

---000---

संवेगात्मक विकास एवं शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम

अभी तक हमने अधोलिखित बाल विकास की तीन स्थितियों का अध्ययन किया है जिसे कि हम विकास के रूप भी कह सकते हैं -

१- ऐन्द्रिक विकास - इसका संबंध बालक की इन्द्रियों को विकसित कर शक्ति बनाने से है ।

२- स्नायु तथा मांस पेशियों का विकास

इसका संबंध बालक की कार्य कुशल और कौशल दक्षता का विकास करने से है ।

३- विचार विकास - इसका संबंध बालक की विचार शक्तियों निर्णायिका शक्ति का विकास करने से है ।

४- संवेगात्मक विकास ऊपर वर्णित तीनों विकास निरर्थक है यदि इनके साथ साथ बालक का संवेगात्मक विकास न किया जाय । क्यों कि उसी शक्ति, उसी कौशल और उसी स्वभाव के सहारे एक व्यक्ति समाजोपयोगी सिद्ध होता है और दूसरा समाज के लिए घातक । अतएव प्रथम तीनों जीवन रूपी नाव को शक्ति देने वाले इंजन है जब कि संवेगात्मक विकास इस नैय्या को पार उतारने वाला पतवार है । इस प्रकार बाल के विकास में संवेगात्मक विकास का प्रथम स्थान है ।

संवेग क्रिया के संचालक होते हैं - संवेग क्रिया के चालक होते हैं, इनके व्दारा नेतृत्व शक्ति का विकास होता है । नेता जब सत्य के लिये लड़ता है तो वह सार्थक नेतृत्व कहलाता है और असत्य के लिए लड़ता है तो निरर्थक । नेतृत्व के सार्थक तथा निरर्थक दोनों प्रकार के विकास संवेगात्मक विकास पर ही निर्भर हैं । इस प्रकार से क्रिया का संचालक जो संवेग है वह अत्यधिक महत्व पूर्ण है । निष्क्रिय व्यक्ति मृतवत है, संवेग व्यक्ति को क्रिया शील बनाते हैं -

इसलिए शिक्षक का यह कर्तव्य है कि वह उन उन संवेगों को लोकोपकारी कार्यों की ओर प्रवृत्त करे । संवेगात्मक आनन्द बालक के व्यक्तित्व के संतुलित विकास में सहायक होता है । अतएव विद्यालय का वातावरण इस प्रकार निर्माण करना चाहिए जिसमें बालक संवेगात्मक आनन्द का अनुभव करे और सार्थक कार्य तथा सार्थक नेतृत्व की ओर प्रवृत्त हो ।

संवेग और बालक का सामाजिक विकास - व्यक्ति का समाज से क्या संबंध हो इस बात पर हमें विचार करना है । बालक दो प्रकार के होते हैं एक आत्म - प्रदर्शन करने वाले तथा दूसरे अपने को छिपाने वाले - बालक चाहे किसी प्रकार का हो परन्तु उसे लोकोपकारी कार्य करना चाहिए - समाज के लिए क्या उपयोगी है और क्या अनुपयोगी है इसका निर्णय बालक संवेगों के द्वारा ही करता है - अतएव उपयोगी अनुपयोगी वस्तुओं को समझने के लिए संवेगात्मक विकास अपेक्षित है ।

यह सामाजिक भावना का सब संवेग जब तक व्यक्ति में विकसित नहीं हुआ तब तक मनुष्य बर्बर थे । शनैः शनैः उनका आध्यात्मिक और संवेगात्मक विकास हुआ, और वे व्यक्तिवाद से समष्टिवाद की ओर मुड़े, समाज के बनाये हुए नियमों का पालन करने लगे । सम्पूर्ण संसार के महापुरूषों ने व्यक्ति को समाज में रहने के लिए उपदेश किया है । आपस के व्यौहार में सभ्यता बर्तने का आदेश किया है । अतएव संवेगात्मक विकास से ही सामाजिकता की वृद्धि हुई है -

अवकाश का सदुपयोग और शारीरिक क्रियाएं

महा पुरूषों ने जो भी समाज को दिया है, उसमें से ६५ प्र० श० उन्होंने अपने अवकाश के समय के सदुपयोग से पाया है ।

काम करने से प्रेम का साक्षात्कार होता है इसलिए काम करना परमावश्यक है, यदि आप प्रेम से काम नहीं करते तो उपेक्षा से ही करिये, क्यों प कि यह उससे अच्छा होगा कि आप अपना काम छोड़ कर, बेकार काम करने और वालों के दरवाजे पर बैठ कर उनके श्रम रूपी उपासना की भिक्षा मांगे । खलील ज्ञबान ने काम करने की प्रशंसा में कहा है अतएव काम-करना ईश्वरोपासना करना है -

हम अपने अवकाश के समय का किस प्रकार उपयोग करते हैं । हम चाहे कितने भी काम में लगे रहें परन्तु हमारे पास अवकाश के कुछ न कुछ क्षण रहते

ही हैं । इसलिए हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम अपने अवकाश के समय का सदुपयोग न करें । पुरातन काल में यूनान में अवकाश के समय काम करने वाले नागरिक का सम्मान किया जाता था, किन्तु जब यूनानी सभ्यता ने अपने अवकाश के समय को कोसा और उसका दुरूपयोग किया तो यूनानी सभ्यता नष्ट हो गई । यही दशा रोमन सभ्यता की हुई । इसी प्रकार देखा जाता है कि पाश्चात्य सभ्यता आज अधोगामिनी होती जा रही है , वह समाज जो काम की उपासना करेगा अपने अवकास के समय का उपयोग न करेगा वह विश्व का नेतृत्व करेगा । अवकास काल का दुरूपयोग संसार की बड़ी से बड़ी सभ्यता के पतन का कारण बन सकता है । इसलिए किसी भी सभ्यता को अपने अवकाश काल का सदुपयोग करने के लिए विद्यालयों में उचित शारीरिक क्रियाओं की व्यवस्था करनी चाहिए । तभी वह सभ्यता उन्नति की चर्म सीमा तक पहुंच सकती है ।

<u>प्रतियोगिता और शारीरिक क्रियायें</u> - बर्बर युग से प्रतियोगिता प्राणी मात्र के विकास का कारण बनी रही - यही प्रतियोगिता की भावना मनुष्य को क्रिया शील बनाती है । किसी भी व्यक्ति, समाज, वा राष्ट्र का आशातीत उत्थान इसी प्रतियोगिता की भावना के कारण हुआ है । जब बालकों में प्रतियोगिता की भावना नहीं रहती तो वे निष्क्रिय और पतित हो जाते हैं । इसलिए बालक में प्रतियोगिता की भावना होनी चाहिए । आज के वैज्ञानिक तथा यांत्रिक विकास का रहस्य प्रतियोगिता की ही भावना है । प्रतियोगिता की तीन स्थितियां हैं -

१- प्रतियोगिता को स्वीकार करना
२- प्रतियोगिता में सफल होने के लिए वैयक्तिक तथा समाजिक प्रयास करना
३- और फिर विवेक व्दारा अवसरों की खोज कर के, सफलता पा लेना ।

इसलिए प्रतियोगिता का दायरा न बहुत बड़ा होना चाहिए और न बहुत छोटा, यदि प्रतियोगिता बालक के पहुंच के बाहर की वस्तु हुई तो वह उसमें अपेक्षित परिणाम नहीं पा सकेगा । इसलिए ऐसी लम्बी प्रतियोगिता नहीं अपनानी चाहिए ।

शारीरिक कार्य क्रमों के अंतर्गत खेलों से बालकों की प्रतियोगिता की भावना प्रदान करते हैं । खेलों में हमेशा एक शिकार होता है दूसरा शिकारी

जब शिकारी शिकार का पीछा करते हुए पा जाता है तो उसे मार डालता है और यदि पीछा करते हुए भी शिकारी शिकार को नहीं पाता तो वह स्वयं मर जाता है। इस प्रकार यदि सम्पूर्ण देखा जाय तो वह प्रतियोगिता से भरा हुआ नजर आयेगा।

खेलों में प्रतियोगिता की भावना समाई रहती है, चाहे वह कबड्डी हो, या खो खो हो, उसकी दो ही स्थितियां होती हैं। एक तो जीवन को खतरे में डालता है और दूसरा उसे समाप्त करने की सोचता है। इसलिए खेलों में पकड़ लेने को मार डालने के शब्द से संबोधित करते हैं। मानव जीवन में सदैव प्रतियोगिता की भावना रखनी चाहिए।

जिस क्षण बालक अपने हृदय से प्रतियोगिता की भावना हटा देता है उस समय उसकी मानसिक,आध्यात्मिक और सामाजिक मृत्यु हो जाती है चाहे उसका पार्थिव शरीर जीवित ही क्यों न रहे।

संसार की सम्पूर्ण शारीरिक क्रियाएं इस प्रतियोगिता की भावना से भरी पड़ी है चाहे वह प्रतियोगिता व्यक्तिगत हो या समाजिक।

प्रतियोगिता और सामाजिक विकास - प्रतियोगिता का अनुसरण करने से व्यक्ति तथा समाज दोनों का विकास होता है - खेलों के अलावा शिक्षा क्षेत्र में कोई ऐसा स्थान नहीं है जहां पर सामाजिक भावना इतनी प्रबल हो। जहां पर बालक साथ साथ खेलता है, साथ साथ काम करता है और शक्ति पाता है वहां पर स्वाभाविक रूप से राष्ट्र संघ (यूनाइटेड नेशन) का निर्माण हो जाता है। इसलिए खेल विशेष कर सामूहिक खेल शैक्षणिक महत्व रखते हैं। खेलों द्वारा ही बालकों में सहयोग और एकता से काम करने की भावना होती है।

एक पहलवान (एथलैट) चाहे वह किसी भी रंग, किसी भी जाति और किसी भी नस्ल का क्यों नहो जब अपनी योग्यता के कारण विश्व में नाम पैदा करता है तब सभी संसार की नजरें, संसार के लोग जाति भेद, रंग भेद और नस्ल भेद को एक तरफ रख कर उसका आदर करने लगते हैं। इतनी बड़ी सामाजिकता, इतना विशाल मानव प्रेम हमें शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के अलावा कहां मिल सकता है? यह खेलों की ही प्रमुख विशेषता है जो राष्ट्रवाद, धर्मवाद, जातिवाद और वर्ण भेद की सीमाओं को लांघ जाता है। मनुष्य को इतना ऊंचा उठाने वाली यह प्रतियोगिता की ही भावना है।

प्रतियोगिता की पुरष्कार की लालसा नहीं है - यह तो स्वान्त: सुखाय और आत्म तुष्टि की वस्तु है। आम तौर से मनुष्य यह कहते हुए पाए जाते हैं कि विजय श्री ले कर ही सम्मुख आना अन्यथा मुंह न दिखाना। इस कहावत में प्रतियोगिता का रहस्य कूट-कूट कर भरा है।

इसलिए प्रतियोगिता की इस भावना को हम अपने से विलग नहीं कर सकते। बस केवल हमें इतना ध्यान देना है कि अपनी प्रतियोगिता सार्थक और लोकोपकारी हो। प्रतियोगिता बालक को सद्कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। खेलों और शारीरिक क्रियाओं के संपादन में अपने कार्यों के फल तुरन्त देखने को मिल जाते हैं इससे बालकों की रुचि बढ़ती है - इस प्रकार प्रतियोगिताएं जो संवेगात्मक विकास के अंतर्गत हैं बाल विकास में सहायक होती हैं। शारीरिक शिक्षा कार्य क्रम बालकों को खूब प्रतियोगिता का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें विजय पाने का अवसर देते हैं जिससे बालक के व्यक्तित्व का विकास होता है।

---000---

पंचम अध्याय

विन्ध्य संभागीय शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का विश्लेषण

विन्ध्य परिचय :-

भारतीय संविधान अधिनियम के अनुसार बघेलखण्ड तथा बुन्देलखण्ड के ३५ राज्यों के विलीनीकरण के पश्चात सन १९४८ में विन्ध्य प्रदेश की रचना हुई, १ नवम्बर सन् १९५६ को राज्यों के पुनर्गठन के परिणाम स्वरूप भूतपूर्व मध्य प्रदेश के १७ जिले, मध्य भारत, विन्ध्य प्रदेश और ~~वर्तमान~~ में भोपाल राज्यों के संविलयन के पश्चात वर्तमान मध्य प्रदेश का निर्माण हुआ । वर्तमान समय में पुराना विन्ध्य प्रदेश इस नवीन राज्य का एक प्रमुख संभाग के रूप में ही है । इस संभाग का क्षेत्रफल २३,६०३ वर्ग मील है तथा जन संख्या ४२५३३७४ बयालीस लाख त्रेपन हजार तीन सौ चौहत्तर है । यह कुल सात जिलों रीवा, सतना, सीधी, शहडोल, पन्ना, छतरपुर और टीकमगढ़ का एक संगठन है इसी संगठन का एक जिला दतिया अब ग्वालियर संभाग में मिला दिया गया है । प्रकृति से सम्मान प्राप्त और सम्पन्न विन्ध्य भूमि जिसके घट घट में प्राकृतिक सम्पदा और खनिज सम्पत्ति कूट कूट कर भरी हुई है जहां कोयला से ले कर हीरा तक निकलता है, शिक्षा में उतना ही पिछड़ा हुआ तथा उपेक्षित है । इस संभाग की साक्षरता की संख्या बहुत कम है, एक जिला जो इस संभाग का शिक्षिततम जिला है उसके साक्षरता की संख्या अधोलिखित सारणी में दी जा रही है इससे स्पष्ट हो जायगा कि इस सम्भाग में अभी शिक्षा प्रचार की कितनी आवश्यकता है -

रीवा जिला की साक्षरता का विश्लेषण

नाम तहसील	पुरुष साक्षर	स्त्री साक्षर	योग
१- हुजूर	२१,००५	२,३६०	२३,३६५
२- सिरमौर	२५,६८६	२,८४४	२८,५३३
३- त्यौंथर	१७,३४६	१,८२४	१६,१७३
४- मऊगंज	२२,०२२	१,८२८	२३,३८०

नाम तहसील	पुरूष साक्षर	स्त्री साक्षर	योग
५- रीवा कस्बा	१४,५०२	४,६६३	१६,१६५
योग :-	१,७७,५६७	१३,५४६	१,१३,६४६

विचारणीय है इस जिला की जन संख्या ७,७२,४१३ है तब यहां की साक्षरता १,१३,६४६ है। जन संख्या की दृष्टि में रखते हुए यह साक्षरता की संख्या अत्यन्त न्यून है। यद्यपि पंच वर्षीय योजनाओं ने यहां की शिक्षा में आशातीत परिवर्तन किए हैं, परिणामस्वरूप संख्या की दृष्टि से, प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा को संतोषजनक कहा जा सकता है। फिर भी शैक्षणिक स्तर में यह भारत के पिछड़े हुए राज्यों में ही गिना जाता है। इस पंच वर्षीय योजना में यहां की शिक्षा को अन्य प्रान्तों की तुलना में एक मान्य स्तर तक पहुंचाने की आशा की जाती है। प्रथम पंच वर्षीय योजना की समाप्ति पर इस संभाग में ३८ बालकों के तथा ७ बालिकाओं के हाई स्कूल थे और अब इस समय यानी सन् १९६०-६१ के अंत तक इनकी संख्या बढ़ कर लगभग दूनी हो गई - इसका अनुमान अधोलिखित सारिणी से लगाया जा सकता है -

माध्यमिक विद्यालय रीवा संभाग की प्रगति सूचक सारिणी

सन १९५५-५६ संस्था	बालक	बालिका	योग	सन् १९६०-६१ बालक	बालिका	योग	वृद्धि
हाई स्कूल	३८	७	४५	२९	३	८०	३५
हायर सैकण्डरी	-	-	-	४२	६		
छात्र संख्या -		१३,१३५			२५,१०८		१२,६६६
अध्या० संख्या-		३९७			१,१९३		४९६
व्यय -		१५,५४,०३२ रु०			२७,१९,७३२ रु०		१,१६,५७०रु०
वजीफा एवं छात्रवृत्ति		३३,३६४ रु०			६०,३७३ रु०		२७,००९रु०

~~इसके~~ यह तो १९६१ तक की प्रगति की संख्या थी - वर्तमान समय में इस संभाग के अन्तर्गत ८१ बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,१२ कन्या

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और १३ अनुदान प्राप्त उच्चतर माध्यमिक शालाएं हैं- सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं जिनमें वर्तमान समय में कुल २५१०८ विद्यार्थी विद्याध्ययन करते हैं।

नवीन मध्य प्रदेश में विलय होजाने के कारण इस संभाग की शैक्षणिक संस्थाओं मात्र में वृद्धि नहीं हुई अपितु छात्र संख्या, अध्यापक संख्या, छात्र वृत्ति और व्यय में भी आशातीत वृद्धि हुई है। परन्तु विद्यालयों की गुणात्मकता (क्वालिटी) में कोई परिवर्तन दृष्टिगोचर नहीं होता। इन वधालयों के छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य, कौशल दक्षता और व्यवसायप्रियता की ओर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का स्वरूप उसी सैद्धान्तिक वा पुस्तकीय शिक्षा प्रणाली से किस प्रकार अभिभूत है इसका दिग्दर्शन अग्रिम पृष्ठों पर शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के विश्लेषण के व्दारा होगा। विद्यालय बालकों के भावी जीवन की तैयारी का स्थल है, यहां बालक का सर्वांगीण विकास किया जाना चाहिए। अतएव वर्तमान उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बाल विकास हेतु शारीरिक शिक्षण कार्य - क्रमों का आयोजन तथा संगठन करना अनिवार्य है। इस अध्याय के अंतर्गत विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। संबंधी माध्यमिक शालाओं में कौन कौन से शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का संगठन किया जाता है, कहां तक उनका सुचारू रूप से संचालन सम्पन्न किया जाता है तथा कहां तक शिक्षण में उनका महत्व व आवश्यकता समझी जाती है। इन अनेक प्रश्नों तथा समस्याओं का निराकरण करने के लिए अधोलिखित श्रेणियों के आधार पर शारीरिकशिक्षण कार्य क्रमों का विश्लेषण एवं अध्ययन किया गया है :-

(१) सामूहिक खेल (आंतरिक और बहिव्दार)
(२) कसरत - (एथलैटिक्स)
(३) व्यायाम- (जमनैस्टिक)
(४) नृत्य (डान्स)
(५) तैरना (स्वीमिंग)
(६) मैदान की क्रियायें (औपेन एयर एकटिविटीज)
(७) विविध कार्य क्रम -
(८) सामाजिक कार्य क्रम -

इनमें से विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं में प्राय :

प्राय: जिन खेलों व विभिन्न कार्य क्रमों का आयोजन किया जाता है - उन्हीं खेलों एवं कार्य क्रमों को दृष्टि में रखते हुए शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का अध्ययन किया गया है। इनके साथ ही साथ विभिन्न विद्यालयों से प्रस्तावित कार्य क्रम या खेल कूद तथा संभावित कार्य क्रमों का आलोचनात्मक विश्लेषण किया गया है।

१- सामूहिक खेल - (आंतरिक और बहिर्द्वार)

मानव सभ्यता के विकास के पूर्व बर्बर युग से ही सामूहिक खेल किसी न किसी रूप में समाज में खेले जाते थे - किन्तु एजियन समुद्र के तट की सभ्यता में जिसमें यूनान आदि देश गिने जाते हैं सर्व प्रथम सामूहिक खेलों का संगठन किया गया। शदियों तक सामूहिक खेल इस योरोपीय भूभाग में पुष्पित और पल्लवित होते रहे, कालान्तर में सारा योरप दार्शनिक एबेलार्ड के विचारों से प्रभावित हुआ और खेलों को दार्शनिकता ने स्थानान्तरित कर दिया। पुन: सुकरात और अरस्तू के समय में शारीरिक क्रियायें यूनानी जीवन में व्याप्त हो गई और यूनानी सभ्यता के विकास का इतिहास आज भी शारीरिक क्रियाओं की देन से लबालब भरा है। यूनान ही नहीं सारा योरप, यहां तक कि समूची पाश्चात्य सभ्यता के विकास का रहस्य उनके संगठित खेल हैं। इन्हीं सामूहिक खेलों में जिस राष्ट्र योरप के विकास की आधार शिला रखी हुई - उसी देश के एक छोटे से भू भाग में ने संसार के सभी देशों में अपना आधिपत्य जमाया और कहा जाता था कि अंग्रेजों के राज्य में सूरज नहीं डूबता यानी पूर्व और पश्चिम दोनों छोरों को एक में मिला दिया।

इसी प्रकार जब तक भारत में आश्रमों की शिक्षा में शारीरिक शिक्षण शिक्षा का प्रमुख अंग माना जाता था तब तक भारत के पराक्रम से विश्व थर्राता था और व्यवसाय, उद्योग धंधे, कला कौशल - इतने विकसित रूप में थे कि भारत सोने की चिड़िया कहा जाता था। आज भी वही परम्परा किंचित रूप में चली आ रही है। शदियों की गुलामी तथा विदेशी सभ्यता से जिस प्रकार हमारा सारा सामाजिक जीवन प्रभावित हुआ है उसी अनुपात से हमारे विद्यालयों में आयोजित सामूहिक खेल भी प्रभावित हुए हैं। बालकों को समाजोपयोगी बनाने के लिए खेलों का आयोजन विद्यालयों में किया जाता है। खेलों से बालक हृष्ट पुष्ट और बलिष्ठ होता है, उसमें सामाजिकता

की भावना, सच्चरित्रता, सहयोग, सहानुभूति, प्रतियोगिता तथा नेतृत्व के गुणों का विकास होता है। शिक्षा में खेलों का महत्व सर्व मान्य है। इस संभाग के अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में दो प्रकार के खेल खेले जाते हैं - प्रथम आन्तरिक (इन डोर गेम्स) और द्वितीय बहिद्वार खेल (आउट डोर गेम्स)। आंतरिक खेलों के अन्तरगत प्रायः कैरम, पिंपांग, लूडो, स्नेक लेडर और सतरंज आदि खेले जाते हैं। बहिद्वार खेलों में आम तौर से फुट बाल, वालीबाल, हाकी, क्रिकेट, बैडमिन्टन, रिंग बाल, कबड्डी तथा खो खो आदि खेले जाते हैं। क्रीड़ा स्थलों से बालकों में अनुशासन प्रियता की भावना स्वयमेव जागृत होती है।

विन्ध्य सम्भागीय ४७ उच्चतर माध्यमिक शालाओं के द्वारा प्रेषित प्रश्नावलियों के प्राप्त उत्तरों के अनुसार सम्बन्धी विद्यालयों की छात्र संख्या १५२८६ है। बालकों की इतनी विशाल संख्या के लिए खेलों की जो सुविधायें उपलब्ध हैं वे पूर्ण रूप से अपर्याप्त हैं। निम्नलिखित आंकड़ों से संभागीय शिक्षालयों के क्रीड़ास्थलों (फील्ड्स) पालियों की संख्या (टीम्स) तथा सम्मिलित होने वाले छात्रों की संख्या से पूर्ण अनुभव हो जायगा कि किस स्तर तक विद्यालयों के छात्र सामूहिक खेलों से लाभान्वित होते हैं :-

क्रीड़ास्थलों का विश्लेषण

उच्चतर माध्यमिक शालाओं के विभिन्न सामूहिक खेलों के क्रीड़ास्थलों की संख्या अधोलिखित प्रकार से है -

क्रीड़ास्थलों की सारिणी

क्रमांक	नाम खेल	क्रीड़ास्थलों की संख्या
१	फुट बाल	४१
२	वालीबाल	३४
३	हाकी	१८
४	कबड्डी	४३
५	खो खो	१६
६	बैडमिन्टन	३०३
७	रिंग बाल	३१
		२१६

इस प्रकार इन विद्यालयों में कुल २१६ खेल के मैदान हैं जो इतनी बड़ी छात्र संख्या के लिये अपर्याप्त हैं। इससे प्रतीत होता है कि छात्रों की बहुत बड़ी संख्या क्रीड़ास्थलों के अभाव - के कारण सामूहिक खेलों से वंचित रह जाता है - इसके अतिरिक्त विश्लेषण करने पर अधोलिखित बातों की ओर जानकारी होती है।

विद्यालयों में बिलकुल खेल के मैदान नहीं हैं अतएव उन विद्यालयों में पढ़ने वाले ११८१ छात्रों के खेल की व्यवस्था एक मात्र खेल के मैदान न होने के कारण उचित नहीं है। खेलों से विलग बालक विद्याध्ययन में रुचि नहीं लेते - साथ ही उनकी क्रियाशीलता किसी न किसी गंदी आदतों को अपना लेती हैं और वे सामूहिक खेलों के अभाव के कारण सुस्त, अनुशासन और नैतिकता विहीन हो जाते हैं।

२- आम तौर से विद्यालयों में एक ही क्रीड़ास्थल का प्रयोग कई खेलों में किया जाता है - उसी क्रीड़ास्थल में बालक बरसात के दिनों में फुटबाल खेलते हैं, जाड़े के दिनों में उसी मैदान में हाकी और गर्मी की ऋतु में उसी के एक कोने में वाली बाल के क्रीड़ास्थल का भी आयोजन कर लेते हैं। इस प्रकार से बालक की बहुत बड़ी संख्या, इच्छा तथा रुचि के होते हुए भी क्रीड़ाओं में भाग लेने से वंचित रह जाता है। और बालक क्रीड़ास्थलों की सम्मिलित व्यवस्था के कारण सामूहिक खेलों में भाग नहीं ले पाते और सामाजिकता की भावना का विकास नहीं हो पाता। इस संभाग के अंतर्गत ७५ प्रति शत ऐसे विद्यालय हैं जहां सम्मिलित क्रीड़ास्थलों की व्यवस्था पायी जाती है। केवल विद्यालयों में फुटबाल तथा हाकी के मैदान पृथक पृथक हैं। इस प्रकार से ३०५१ छात्र खेलों में रुचि रखते हुए भी उनसे लाभान्वित नहीं हो पाते। और उनका ठीक ठीक शारीरिक विकास नहीं हो पाता।

३- किसी भी बालिका उच्चतर माध्यमिक शाला में फुटबाल, हाकी और वालीबाल के मैदान नहीं हैं। आम तौर से बहिर्द्वार खेलों के लिये इन विद्यालयों में क्रीड़ास्थलों की व्यवस्था नहीं है। कबड्डी, खो खो विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कर खेले जाते हैं अतएव इस प्रकार से कहा जा सकता है कबड्डी और खो खो के मैदान सभी बालिका शालाओं में हैं। इसके अतिरिक्त चार कन्या शालाओं में बेडमिनटन खेला जाता है और प्रत्येक विद्यालय में बेडमिनटन के लिए दो दो क्रीड़ास्थल हैं। जिनके द्वारा ३२ बालिकायें इन खेलों से लाभान्वित होती हैं - २१ प्रति शत बालिकाएं

अंतर्व्दार खेलों में भाग लेती हैं - शेष ७७ प्रति शत बालिकाएं किसी भी प्रकार के खेल नहीं खेल पातीं ।

बालिका शालाओं की प्राचार्याओं के प्रत्यक्ष भेंट से ज्ञात हुआ है कि इन विद्यालयों को विभाग की ओर से बहुत कम सामग्री दी जाती है । जो क्रीड़ा सामग्री मिलती भी है उसका प्रयोग नहीं किया जाता - विभाग तथा शासन इन विद्यालयों के खेल कूद को बढ़ाने पर जोर नहीं देते । किसी भी विद्यालय में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का प्रशिक्षण करने के लिए प्रशिक्षित अध्यापिका नहीं है । केवल जिन विद्यालयों में एन० सी० सी० का प्रशिक्षण किया जाता है उनमें एक एन० सी० सी० का प्रशिक्षण करने के लिए एक प्रशिक्षित अध्यापिका है ।

४- वाली बाल तथा कबड्डी के मैदान प्राय: सभी विद्यालयों में पाये जाते हैं । जिन विद्यालयों में वालीबाल तथा कबड्डी के मैदान नहीं हैं उनमें बालक विद्यालय के प्रांगण में ही इन खेलों को खेल लेते हैं - अतएव इनका अभाव है ऐसा नहीं कहा जा सकता - जहां पर खेल नहीं होता वहां की बात दूसरी है फिर भी दूसरे खेलों के अनुपात में इन खेलों के क्रीड़ास्थलों की संख्या संतोषजनक है ।

५- बालिका शालाओं में रिंग बाल खेलने के लिए मैदान हैं और यह खेल खेला भी जाता है परन्तु बालक शालाओं में मैदानों की व्यवस्था होते हुए भी इस खेल में बालक रूचि नहीं लेते और न यह खेल खेला ही जाता ।

विभिन्न खेलों के क्रीड़ास्थलों के अध्ययन के पश्चात यह जानना भी आवश्यक है कि इन विद्यालयों में क्रीड़ा पालियां कितनी हैं वस्तु अधो-लिखित सारिणी से स्पष्ट होगा कि इस संभाग के अन्तर्गत पालियां(टीमों) का संगठन किस स्तर तक किया जाता है ।

क्रीड़ा पालियों की सारिणी

क्रमांक	नाम खेल	टीमों की संख्या
१	फुट बाल	५७
२	वाली बाल	५१
३	हाकी	३७
४	कबड्डी	५८

क्रमांक	नाम खेल	टीमों की संख्या
५	खो खो	२१
६	बेडमिन्टन	३३
७	रिंग बाल	३१
	योग :-	२७८

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि -

१- ४१ शालाओं के प्राचार्यों ने अपने विद्यालयों में फुट बाल की टीमों का उल्लेख किया है जिनकी संख्या ५७ है जिनसे १२६० छात्र लाभान्वित होते हैं और अधिकांश बालक इस खेल से वंचित रह जाते हैं। जैसा कि आगे क्रीड़ास्थलों के विवरण में बतलाया गया है कि कुछ विद्यालयों में एक भी क्रीड़ा-स्थल नहीं है फिर भी ४ विद्यालयों के प्राचार्यों ने सम्बन्धी विद्यालय में फुटबाल की टीमों का उल्लेख किया है - इससे स्पष्ट होता है कि उन विद्यालयों के छात्र किसी सामाजिक क्रीड़ास्थल तथा किसी अन्य विभाग के अंतर्गत क्रीड़ास्थलों में खेल का अभ्यास करने जाया करते होंगे।

२- वाली बाल के खेल में कुल ५१ टीमें हैं जिनमें से ४७१ छात्र इस खेल लाभान्वित होते हैं। शेष बालक क्रीड़ास्थल तथा प्रोत्साहन के अभाव में इस खेल से वंचित रह जाते हैं और उनका शारीरिक विकास, सहयोग से काम करने करने की भावना आदि का विकास नहीं हो पाता।

३- फुट बाल की भांति हाकी भी उच्चतर माध्यमिक शालाओं में खेली जाती है - परन्तु उसका अनुपात फुटबाल की अपेक्षा कम है। क्यों कि क्रीड़ास्थलों की सम्मिलित व्यवस्था के साथ साथ विभाग सामग्री भी कम देता है। अतएव इस खेल से केवल ६२४ विद्यार्थी लाभान्वित हो पाते हैं। इस सम्भाग के अन्तर्गत बुन्देलखन्ड के तीन जिलों में हाकी का खेल बड़े चाव से खेला जाता है - जिसमें टीकमगढ़ जिला मुख्य है।

४- क्रिकेट का खेल किसी भी विद्यालय में नहीं खेला जाता। बेडमिन्टन का खेल प्राय: बालक और बालिकाओं दोनों विद्यालयों में आयोजित किया जाता है इसकी कुल टीमों की संख्या ३३ है जिनमें केवल २४० छात्र लाभान्वित होते हैं जो कि संख्या में अत्यन्त कम दृष्टिगोचर होते हैं। वह इसलिए कि इस खेल में एक बार केवल ४ ही विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

साथ ही यह खेल मंहगा पड़ता है इसलिए सभी विद्यार्थियों के लिए इसका आयोजन विभाग नहीं कर पाता । अस्तु द्रव्य और सामग्री के अभाव के कारण इन खेलों की समुचित व्यवस्था नहीं की जा सकती - नाम मात्र को ये खेल विद्यालयों में खेले जाते हैं ।

५- कबड्डी और खो खो ये भारतीय खेल बहुत सस्ते पड़ते है - इनके लिए किसी विशेष सामग्री की आवश्यकता नहीं पड़ती इसलिए इस खेल का संभाग के विद्यालयों में आयोजन किया जाता है । इस खेल को बालक तथा बालिका समान रूप से खेलते हैं । विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों के आधार पर कबड्डी की व्यवस्थित टीमें हैं जिनसे कुल ६२४ बालक लाभान्वित होते हैं तथा खो खो की २६ टीमें हैं जिससे २७० बालिकाएं लाभान्वित होती हैं । प्रमुख रूप से बालक तथा बालिकाएं इन खेलों में अपने अवकाश के समय में भाग लिया करते हैं क्यों कि विद्यालय के पश्चात बालक जब समाज में रहता है तो वहां भी उसे इन खेलों को खेलने का अवसर मिलता रहता है ।

अतएव सभी खेलों में भाग लेने वाले छात्रों के पालियों की संख्या कुल २७८ है । जो इतने विशाल संभाग की विशाल छात्र संख्या के अनुपात में बहुत कम है । इससे बालकों की बहुत बड़ी संख्या का शारीरिक विकास नहीं हो पाता- अतएव पढ़ लिख कर भी बालक अकर्मण्य और आलसी बना रहता है । शिक्षा का तात्पर्य बालक का सर्वांगीण विकास करने से है । अब अध्ययन करना है कि सामूहिक खेलों मे भाग लेने वाले छात्रों की संख्या कितनी है और वह सम्पूर्ण छात्र संख्या का किस प्रति शत में किस स्तर तक प्रशिक्षण करती है इस बात का अनुमान हमें अधोलिखित सारिणी से लग जायगा ।

विभिन्न सामूहिक खेलों में सम्मिलित होने वाले छात्रों की सारिणी

नाम खेल	भाग लेने वाले छात्रों की संख्या	भाग लेने वाले छात्रों का प्रति शत
१- फुट बाल	१२६०	८.३ प्रति शत
२- वाली बाल	४७१	३.७ ,,
३- हाकी	६२४	४.७ ,,
४- कबड्डी	६२४	६.२ ,,
५- खो खो	२७०	१.७५ ,,

नाम खेल	भाग लेने वाले छात्रों की संख्या	भाग लेने वाले छात्रों का प्रतिशत
६- बैडमिन्टन	२४०	८. ३ प्रतिशत
७- रिंग बाल	१२०	. ७५ ,,
८- इन डोर गेम्स	२७०	१. ७५ ,,
योग	४१७६	२८. ८०

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि इस संभाग के अन्तर्गत उच्चतर माध्यमिक शालाओं की छात्र संख्या १५२८६ है परन्तु सामूहिक खेलों में केवल ४१७६ छात्र भाग लेते हैं - यह संख्या अत्यन्त कम है। समूचे बालकों में केवल २८. ८० प्रति शत बालक ही सामूहिक खेलों से लाभान्वित हो अपना शारीरिक विकास कर पाते हैं और ७१. २० प्रति शत बालक सुविधाओं और साधनों की कमी के कारण खेलों से वंचित रह जाते हैं उनके शारीरिक विकास की गति अवरुद्ध हो जाती है। इस प्रकार से इस संभाग के ७१. २० प्रति शत भावी नागरिक सुस्त, अव्यवसायी, दुर्बल, चिड़चिड़े स्वभाव वाले और असामाजिक होते बन जाते हैं। बालिका शालाओं के उत्तरों से स्पष्ट है कि अभी तक इन शालाओं में शिक्षण के इस प्रमुख अंग को बिलकुल उपेक्षा की दृष्टि से देखा जा रहा है। अशिक्षा और पिछड़ेपन के कारण लोग कठिनाई से अपनी बालिकाओं को विद्यालय भेजते हैं - वह भी प्रमुख प्रमुख शहरों में ग्रामों में स्त्री शिक्षा का प्रति शत तथा प्रचार बहुत कम है। अतएव अशिक्षा, पिछड़ेपन तथा एकांगी शिक्षा प्रणाली जो पुस्तकीय ज्ञान को ही समूची शिक्षा समझती है सर्वत्र व्याप्त है। इसीलिए पाठ्य क्रमान्तर्गत शारीरिक क्रियाओं की उपेक्षा की जा रही है। बालकों की शालाओं में इनडोरगेम्स अत्यन्त कम खेले जाते हैं और बालिकाओं की शालाओं में आउटडोर गेम्स बिलकुल नहीं। इस प्रकार से साधनों और सामग्री की कमी के कारण विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है इसीलिए बालकों का बहुमुखी विकास नहीं हो पाता - उनमें कौशल दक्षता, कार्य कुशलता, कला-प्रियता, परिश्रमशीलता, और व्यवसायों के प्रति प्रेम उत्पन्न नहीं हो पाता - वे आगे चल कर समाज के लिए घातक सिद्ध होते हैं।

इस सब का उत्तरदायित्व हमारी उच्चतर माध्यमिक शालाओं पर है। उच्चतर माध्यमिक शालाओं से मेरा तात्पर्य है शिक्षा विभाग तथा सम्बन्धी विद्यालयों के प्राचार्यों तथा शिक्षकों से जो शिक्षा के प्रमुख अंग है- उन्हें अपना ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहिए। शासन तथा विभाग को बालकों के शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों की सुविधायें जुटाने के साथ साथ बालिकाओं के लिए भी उपयुक्त सुविधाओं तथा साधनों का आयोजन करना चाहिए ता कि वे अपना समुचित शारीरिक विकास कर सकें - बालक की प्रथम गुरू माता ही है स्वस्थ, पराक्रमी, कार्य कुशल और औद्योगिक राष्ट्र निर्माण के निमित्त आवश्यक है कि बालक तथा बालिकाओं के समान रूप से शारीरिक शिक्षण की व्यवस्था की जाय। उनके लिए समुचित साधन तथा सुविधायें प्रदान की जावें।

२ - एथलेटिक्स - तथा ३- जमनास्टिक
(कसरत) तथा व्यायाम

उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के स्तर तक पहुंचते पहुंचते - बालक की किशोरावस्था प्रारम्भ हो जाती है और इस अवस्था में बालक परिश्रम-साध्य कसरत तथा व्यायाम करने के योग्य हो जाता है। बालक के इस अवस्था की आवश्यकताएं सामूहिक खेलों भर से पूर्ति नहीं हो पाती अतएव इस काल में विद्यालयों के शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों में खेलों की अपेक्षा कसरत तथा व्यायाम को महत्व देना चाहिए - कसरत तथा व्यायाम जिनका अध्ययन हम एथलेटिक्स तथा जमनास्टिक शीर्षाें में करते चले आये हैं - एक ही चीज हैं। साथ ही इन दोनों शारीरिक शिक्षण की विधाओं का सम्बन्ध क्रमस: बालक के कर्मेन्द्रियों के विकास, कौशल दक्षता, कार्य कुशलता तथा मांश पेशियों के विकास, स्नायुओं के विकास व मांस पेशियों तथा स्नायुओं के सहयोग से कार्य करने की शक्ति के विकास से है। अतएव इन क्रियाओं का एक साथ अध्ययन करना उपयुक्त होगा - प्रथम हम कसरतों के बारे में अध्ययन करेंगे।

२ - एथलेटिक्स (क स र त)

माध्यमिक शिक्षा आयोग की शिफारिशों के आधार पर उच्चतर माध्यमिक शिक्षा की अवधि ४ वर्ष तथा शिक्षा का काल १४ से

१८ वर्ष तक का निर्धारित किया गया है। यह किशोरावस्था का प्रारम्भ काल है इसी समय छात्र तथा छात्राएं सामूहिक खेलों से वैयक्तिक खेलों की ओर प्रवृत्त होती हैं। किशोरावस्था जीवन का बसन्त है इस अवस्था में बालक तथा बालिकाओं में यौवन का उदय होता है। सभी अंग पुष्टता और बलिष्ठता प्राप्त करने लगते हैं। शरीर स्थिति ग्रन्थियां विशेष रसों की निष्पत्ति कर बालक तथा बालिकाओं के व्यक्तित्व और शरीर में क्रान्तिकारी परिवर्तन कर देती हैं। उसी समय में अतिरिक्त शक्ति के सदुपयोग, कर्मेन्द्रियों के विकास और उनमें स्फूर्ति लाने के लिए आवश्यक है कि विद्यालयों में कसरतों का अभ्यास कराया जाय। इस समय तक बालक की बुद्धि का भी विकास प्रारंभ होजाता है - अतएव कसरतों के अन्तर्गत आने वाली शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास अनवरत रूप से कराना अनिवार्य है तभी उनका सम्यक लाभ बालक उठा सकता है। रोज व रोज उन्ही क्रियाओं का अभ्यास करने से बालक के अन्दर अध्यवसाय के प्रति रुचि जागृत हो जाती है और उन्ही क्रियाओं का रोज व रोज अभ्यास करने से सम्बन्धी कर्मेन्द्रियों की कार्यक्षमता वा कौशल दक्षता का विकास हो जाता है। शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास करने के लिए निर्धारित समय की आवश्यकता है - अतएव समय का ध्यान रख कर अभ्यास करने से बालक को समय की पाबन्दी की उत्तम आदत आ जाती है। कसरत की शारीरिक क्रियाओं के अन्तर्गत - कूदना, दौड़ना, फेंकना, वजन उठाना और घुड़ सवारी करना आदि आता है।

३- जिमनास्टिक (व्यायाम)

कसरतों के द्वारा बालक तथा बालिकाओं की कर्मेन्द्रियों की क्रियाशीलता तथा कौशल दक्षता का विकास होता है - और उनके हृदय में व्यवसायों तथा उद्योगों के प्रति लगन उत्पन्न हो जाती है। अपनी रुचि के अनुसार शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास करते करते उनमें भावी जीवन यापन के लिए उद्योगों का चुनाव करने की क्षमता आ जाती है - शिक्षालयों में आयोजित शारीरिक क्रियाओं के द्वारा बालक शिक्षा के साथ व्यवसायों की कुशलता की शिक्षा भी प्राप्त करता है। किसी भी व्यवसाय या उद्योग को करने के लिए उपयुक्त शारीरिक शक्ति की आवश्यकता पड़ती है इसलिए जब तक मांस पेशियों का सम्यक विकास न होगा तब तक हम किसी भी कौशल दक्षता में पारंगत नहीं हो सकते - इतना ही नहीं हमारी मांस पेशियों के विकास

के साथ साथ स्नायुओं का भी विकास होना आवश्यक है - क्यों कि किसी भी प्रतिभा या कौशल - (स्किल) का विकास उस समय तक पूर्ण रूपेण नहीं हो सकता जब तक कि स्नायुओं तथा मांस पेशियों में सहयोग और सहकारिता की क्षमता न आजाय ।

मस्तिष्क की जो आज्ञाएं स्नायुओं द्वारा मांस पेशियों तक पहुँचे उनका पालन मांस पेशियां तुरन्त करें तभी कौशल दक्षता सृजनात्मकता में परिवर्तित हो सकती है ।

अतएव मांस पेशियों का विकास, स्नायुओं का विकास, मांस पेशियों की कार्य शक्ति का विकास तथा स्नायु और मांस पेशियों में सहयोग वा सहकारिता की शक्ति का विकास विद्यालयों में आयोजित जमनास्टिक (व्यायाम) के कार्य क्रमों के द्वारा - जिनके अन्तर्गत पैरललबार, हारीजेन्टल बार, कुश्ती लड़ना, घूंसे बाजी करना आदि क्रियाएं आती हैं जो कि विन्ध्य सम्भागीय विद्यालयों में आयोजित की जाती हैं -

इस सम्भाग के अन्तर्गत आयोजित की जाने वाली कसरत तथा व्यायाम की क्रियाओं का विश्लेषण अधोलिखित सारिणी से ज्ञात किया जा सकता है - उनसे लाभान्वित होने वाले छात्रों की संख्या व प्रति शत का भी अनुमान इस सारिणी से होगा -

कसरत तथा व्यायाम में भाग लेने वाले छात्रों की सारिणी

क्रमांक	नाम क्रिया	भाग लेने वाले छात्रों की संख्या	भाग लेने वाले छात्रों का प्रति शत
कसरत			
१	-दौड़	२१७	
२-	कूद	१८६	
३-	फेंक	१२७	५. ७ प्र० श०
४-	वजन उठाना	६३	
५-	घुड़ सवारी	०	
	योग	६२६	

क्रमांक	नाम क्रिया	भागलेने वाले छात्रों की संख्या	भाग लेने वाले छात्रों का प्रति शत
व्या या म			
६ -	पैरललबार	१५७	
७-	हारीजेण्टल बार	१४६	
८-	कुस्ती लड़ना	११६	४. ६ प्र० श०
९-	घूंसे बाजी करना	११८	
१०-	रस्सी में चढ़ना	०	
	योग :-	५४०	कुल योग- १०. ६ प्र० श०

उपर्युक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि विन्ध्य संभागीय शालाओं में कसरत तथा - व्यायाम के अंतर्गत १५२८६ छात्रों की संख्या में से केवल ११६६ छात्र इन कियाओं में सम्मिलित होते हैं जो समूची छात्र संख्या का केवल १०. ६ प्रति शत अंश है।

१- इतनी कम संख्या में बालक इन आवश्यक क्रियाओं में भाग लेते हैं - इसीलिए हमारे समाज में बेकारी तथा बेरोजगारी खास तौर से पढ़े लिखे लोगों की बेकारी देश के लिए एक समस्या बनती जा रही है - उसका प्रमुख कारण है कि विद्यालयों में इन कार्य क्रमों की अवहेलना की जाती है। बालक दुर्बल, चिड़चिड़े स्वभाव के कौशलहीन हो जाते हैं।

२- बालिका शालाओं के उपलब्ध उत्तरों से ज्ञात हुवा है कि किसी बालिका शाला में इन कार्य क्रमों का आयोजन नहीं किया जाता - इस प्रकार से इस संभाग के अन्तर्गत समूची बालिकायें एथेलेटिक्स तथा जमनास्टिक की क्रियाओं से वंचित रहती हैं। यानी उनके स्नायु, मांश पेशियां के विकास के लिए कोई शारीरिक क्रियाएं नहीं कराई जाती है। जिससे उनकी मांस पेशियाँ और स्नायुओं में सहयोग और सहकारिता की क्षमता नहीं आ पाती और वे कौशल विहीन रह जाती हैं। उनकी कार्य क्षमता तथा वैयक्तिक विकास अवरुद्ध हो जाता है।

इस संभाग के अन्तर्गत विद्यालयों में इतनी कम संख्या में

छात्रों का एथलैटिक्स तथा जमनास्टिक में भाग न लेने का कारण साधन तथा सुविधाओं की कमी है - अधोलिखित सारिणी से व्यायाम शालाएं अखाड़े तथा अन्य साधनों के आंकड़ों का परिज्ञान होगा -

व्यायाम शालाओं तथा अखाड़ों की सारिणी

क्रमांक	नाम साधन	संख्या
१ -	अखाड़ा	११
२ -	व्यायामशालाएं	१०
३ -	कपड़े बदलने के कमरे	०
४ -	सामग्री रखने के कमरे	७
५-	पोशाक रखने के कमरे	४
६-	निर्देशकों के बैठने के कमरे	३
	योग -	३५

विचारणीय है कि जिस संभाग के अन्तर्गत पन्द्रह हजार विद्यार्थी शिक्षा पा रहे हों उनके कसरत तथा व्यायाम के आयोजन के लिए केवल ३५ व्यायाम शालाएं , अखाड़े, सामान रखने के कमरे, कपड़े बदलने के कमरे, पोशाक रखने के कमरे और निर्देशकों के बैठने के कमरे हैं जो कि पूर्णतया अपर्याप्त हैं -

१- ४७ विद्यालयों में से केवल ११ विद्यालयों में अखाड़े हैं १० विद्यालयों में व्यायामशालाएं, ७ विद्यालयों में सामग्री रखने के कमरे, ४ विद्यालयों में पोशाग रखने के कमरे, ३ विद्यालयों में निर्देशकों के बैठने के कमरे और यहां तक कि कपड़े बदलने के कमरे इस संभाग के किसी भी विद्यालय में नहीं हैं। अतएव - इन साधनों की कमी के कारण बालक अपना विकास नहीं कर पाते -

२- व्यायामशालाएं और अखाड़े जो हैं भी उनमें किसी प्रकार की हवा, रोशनी और स्वच्छता का प्रबन्ध नहीं है। उनकी लम्बाई- चौड़ाई भी मनमानी ढंग से रखी गई है - अधिकांश व्यायाम-शालाओं का फर्श नम रहता है - और भूमि भी उपयुक्त नहीं है। कुछ व्यायाम शालाएं विद्यालयों से काफी दूर बनी है जहां बालक आसानी से नहीं पहुंच पाते। व्यायाम शालाओं के ताप क्रम

आदि पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता । इससे बच्चों को लाभ के स्थान में हानियां होने की संभावना है ।

३- ४७ विद्यालयों में से ४१ विद्यालयों के प्राचार्यों ने व्यायाम और कसरत के लिए टाइम टेबुल में कोई भी समय नहीं लिखा । इससे विदित होता है कि उन शालाओं में व्यायाम और कसरत के लिए कोई समय निर्धारित नहीं है । और समयाभाव से बालक इन क्रियाओं से वंचित रह जाते हैं ।

४- ४७ विद्यालयों से उपलब्ध उत्तरों से विदित हुआ है कि अब तक केवल ६ विद्यालयों में निर्देशक हैं और अधिकांश विद्यालयों में अभी तक निर्देशकों की नियुक्ति नहीं की गई । खास तौर से एडेड उच्चतर माध्यमिक शालाओं में और बालिका शालाओं में निर्देशक नहीं हैं । जिन बड़े बड़े विद्यालयों में निर्देशक हैं भी वे संख्या में इतने कम हैं कि इतनी बड़ी बालकों की संख्या का उचित निर्देशन नहीं कर पाते । साथ ही कठिनाइयां इस बात की भी पड़ जाती हैं कि इन शारीरिक क्रियाओं के लिए व्यक्तिगत निर्देशन की आवश्यकता पड़ती है । अतएव निर्देशन के अभाव में ८० प्रति शत बालक इन शारीरिक क्रियाओं से वंचित रह जाते हैं ।

५- कसरत तथा व्यायाम के लिए नाना प्रकार के आपरेटस चाहिये पड़ते हैं - एक निर्धारित स्थान में स्थायी तथा चलायमान रूप से रखने की व्यवस्था करनी पड़ती है तथा सामान अधिक होता है - टूटने फूटने पर मरम्मत की व्यवस्था करनी पड़ती है । परन्तु इस संभाग के अन्तर्गत व्यायाम तथा कसरत के सामग्री की विशेष कमी है - इसलिए बालक रूचि तथा इच्छा रखते हुए भी इस कार्य क्रम में भाग नहीं ले पाते ।

अतएव उपरोक्त विश्लेषण का निष्कर्ष निकला कि इस संभाग के विद्यालय बालकों का केवल सैद्धान्तिक शिक्षण करते हैं - उनके शारीरिक शिक्षण की ओर कम ध्यान दिया जाता है - जिससे बालक का सर्वांगीण विकास विद्यालय नहीं कर पाते - जो कि हमारी शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है । बालक तो अपने शारीरिक विकास के लिए समाज से भी साधन जुटाता रहता है जैसे विद्यालय के पश्चात क्लब आदि में जा कर खेल कूद तथा व्यायाम कर आते हैं परन्तु बालिकाओं के लिए ऐसी कोई भी सुविधायें नहीं हैं

प्रदर्शित करने लगेगा अतएव नृत्यों के माध्यम से उसकी श्रृंगारिक भावनाओं का शोधन किया जा सकता है जिससे बालक उन भावनाओं को समाजोपयोगी ढंग से प्रस्तुत करें ।

नृत्य केवल श्रृंगारिक ही नहीं होते । उसमें सामाजिक, सामूहिक, राष्ट्रीय, शास्त्रीय, धार्मिक और नव रसों से युक्त नृत्य होते हैं - वीर रस के भावों के द्योतक भारतीय ताण्डव नृत्य विश्व-प्रसिद्ध है । हमारी संस्कृति में आदि काल से नृत्यों का समावेश रहा आया है । हिन्दू -संस्कृति के देवता - शंकर नट राज और नृत्यों के अधिष्ठाता माने जाते हैं ताण्डव नृत्य की उनकी भाव भंगिमा भारतीय संस्कृति का प्रमुख अंग मानी जाती है । वैदिक साहित्य में नृत्य गायन वादन करने के लिए कुछ जातियों का वर्णन मिलता है जिन्हें गन्धर्व, यक्ष, किन्नर कहा जाता है - वे देवताओं का मनोरंजन करने के लिए रखे जाते थे । देव राज इन्द्र की सभा की अप्पसरायें भारतीय संस्कृति में अपना सानी नहीं रखती । भारतीय नाट्य शास्त्र के प्रणेता - भरत मुनि का भारत नाट्य महा ग्रन्थ विश्व नाट्य साहित्य की अनुपम देन है । अतएव भारतीय संस्कृति की परम्परा में नृत्य व्याप्त है और स्त्री पुरुष सभी समान रूप से नृत्यों में भाग लिया करते थे । वस्तु आज के विद्यालयों में नृत्यों का एक महत्त्वपूर्ण स्थान होना चाहिए । रोम तथा यूनान की सभ्यता का विकास नृत्यों के ही सहारे हुआ । जिन मनोभावों को मानव अपनी वाणी, लेखनी और कलाकार तूलिका से नहीं प्रदर्शित कर पाते उन भावों को नृत्यकार अपनी भाव भंगिमा और हाव भावों से प्रगट करते हैं अतएव यह ललित कलाओं की कोटि में आता हुआ भी एक उत्तम शारीरिक क्रिया है जिसमें बालक के शारीरिक विकास के साथ साथ उसका उच्च कोटि का संवेगात्मक विकास होता है ।

विन्ध्य सम्भागीय विद्यालयों में यत्र तत्र कतिपय श्रृंगारिक नृत्यों का आयोजन किया जाता है ।

४७ उच्चतर माध्यमिक शालाओं द्वारा सम्प्रेषित प्रश्नावलियों के प्राप्तोत्तरों के अनुसार

उन विद्यालयों की छात्र संख्या १५२८६ है जिनमें से अधोलिखित बालक तथा बालिकाएं विभिन्न नृत्यों में भाग लेते हैं जो अति न्यून है। यह न्यूनता अधोलिखित विश्लेषण से स्पष्ट हो जायगी :-

नृत्यों में भाग लेने वाले बालक तथा बालिकाओं की सारिणी

क्रमांक		नाम नृत्य	भाग लेने वालों की संख्या	भाग लेने वाले छात्रों का प्रति शत
१	-	लोक नृत्य	६७	
२	-	राष्ट्रीय नृत्य	०	
३	-	चारित्रिक नृत्य	०	
४	-	सामाजिक नृत्य	०	
५	-	वर्तमान या भाव प्रकाशन नृत्य	०	
६	-	शास्त्रीय नृत्य	५६	१.६५ प्र० श०
७	-	यूनानी नृत्य	०	
८	-	श्रृंगारिक नृत्य	४२	
६	-	रीति रिवाज सम्बन्धी नृत्य	०	
१०	-	संगीत के साथ नृत्य	६६	
		योग :-	२६७	

इस प्रकार इस संभाग के अन्तर्गत २०० बालिकाएं तथा ६७ बालक नृत्य में भाग लेते हैं। इससे प्रतीत होता है कि बालक तथा बालिकाओं में ६८.५ प्रतिशत इन शारीरिक क्रियाओं से वंचित रह जाते हैं जिसका प्रधान कारण विभाग का इस ओर रूचि न लेना है।

१) ४७ उच्चतर माध्यमिक शालाओं के प्राप्तोत्तरों से प्रतीत होता है कि केवल ७ शालाओं में नृत्य आदि का नाम मात्र के लिए प्रबन्ध है शेष ४० शालाओं में विभाग की ओर से इसका कोई आयोजन नहीं है।

२) बालकों की शालाओं में नृत्यादि की शिक्षा का प्रबन्ध ही नहीं है। जहां कहीं एक संगीत अध्यापक हैं - वे भी दो चार बालकों को केवल गाना या कोई वाद्य यन्त्र बजाना सिखलाते हैं परन्तु नृत्य में बालकों की शिक्षा का कोई प्रबन्ध नहीं है। मानो उन्होंने समझ लिया

तालिका से स्पष्ट होगा कि किस प्रकार नृत्यशालाओं, सामग्रियों तथा निर्देशकों का अभाव है :-

विद्यालयों की संख्या के अनुपात में नृत्यशालाओं की सारिणी

विद्यालयों की संख्या	लिखित छात्र संख्या	भाग लेने वाले छात्रों की संख्या	वाद्य यन्त्रों की संख्या	नृत्यशालाओं की संख्या
४७	१५२८६	२६७	५०	४

यानी इतनी बड़ी छात्र संख्या के लिए ४ नृत्यशालाएं हैं। इसी कारण बालक तथा बालिकाओं का विकास इस ओर नहीं हो पाता। धनाभाव भी एक प्रमुख कारण है। समक्ष भेंट से प्रतीत हुआ है कि विभाग नृत्यादि की सामग्री के लिए व उसकी उचित व्यवस्था के लिए कोई द्रव्य नहीं देता। विद्यालयों में खेलों के लिए शुल्क मात्र है परन्तु नृत्य, संगीत के लिए कोई फीस नहीं ली जाती। अतएव शारीरिक शिक्षण के इस कार्य क्रम की व्यवस्था बिलकुल उपयुक्त नहीं है।

५ - तैरने की क्रियाओं का विश्लेषण

तैरने से बालक आरोग्य और स्वस्थ जीवन बिताता है। तैरना एक आनन्ददायक शारीरिक क्रिया है। इससे बालक तथा बालिकाएं आनन्द का अनुभव करते हैं। शारीरिक कार्य क्रमों के अन्तर्गत तैरना एक अत्यन्त मनोरंजक कार्य क्रम माना गया है। इससे बालकों का परिपूर्ण मनोरंजन होता है और उनमें जल के प्रति भय की भावना दूर हो जाती है। तैरते तैरते जल के अंदर वे घर सा अनुभव करने लगते हैं। तैरने से शरीर भर की सभी मांस पेशियों का व्यायाम हो जाता है - मांस पेशियों के विकास के साथ साथ स्नायु भी विकसित हो जाते हैं साथ ही बालक में अन्यान्य कौशल और दक्षता आ जाती है जिसके सहारे वह उत्तम समाज सेवी बन जाता है। जल में क्रीड़ा करने से डूबते हुए मनुष्यों का जीवन बचाने का कौशल अपने आप आ जाता है अतएव बालक तथा बालिकाओं का तैरना अत्यन्त आवश्यक है - तैरने की शिक्षा का उत्तम अवसर ६ से ११ की आयु है - और इस कला का पूर्ण रूपेण विकास १४ से १८ वर्ष की आयु में किया जा सकता है क्यों कि इस समय बालक में सीखने की ताकत बढ़ जाती है।

वैसे तो तैरने के लिये किसी भी अवस्था में रोक नहीं है । व्यायाम, खेल कूद आदि के लिए एक निर्धारित अवधि है परन्तु तैरना ऐसा व्यायाम है जो कि सभी अवस्थाओं में किया जा सकता है । इसकी शिक्षा के लिए उपयुक्त स्थल विद्यालय के पास की नदी या तालाब हो सकते हैं परन्तु जिन विद्यालयों में उचित व्यवस्था है वहां विद्यालय के अन्दर ही तैरने के लिए पोखरे बनवा दिये जाते हैं ।

इस संभाग के उच्चतर माध्यमिक शालाओं से प्राप्तोत्तरों के द्वारा विदित हुआ है कि तैरने की क्रिया बालक अपने आप विद्यालय के पश्चात अपने सामाजिक वातावरण से सीखते हैं अतएव तैरने में भाग लेने वाले बालक की संख्या अत्यन्त कम है । इसका ज्ञान अधोलिखित तैरने मे भाग लेने वाले छात्रों की तालिका से हो जायगा -

तैरने में भाग लेने वाले छात्रों की सारिणी

छात्र संख्या	तैरने मे भाग लेने वाले छात्रों की संख्या	तैरने में भाग लेने वाले छात्रों का प्रति शत
१५२८६	१६५	१. ४ प्र० श०

१) इस संभाग के अन्तर्गत किसी भी विद्यालय मद में तैरने के लिए उपयुक्त पोखरों की व्यवस्था नहीं है जिसके फल स्वरूप सभी बालक इस उत्तम शारीरिक क्रिया से वंचित रह जाते हैं ।

२) सामाजिक वातावरण में रह कर बालक अपने आप तैरना सीखता ~~ह~~ है विद्यालय में ऐसी कोई सुविधा या साधन नहीं जहां पर कि उसे उचित तैरने की शिक्षा दी जा सके ।

३) अध्यापक तथा अभिभावकों की प्रेरणा की अत्यन्त कमी है जिसके कारण बालकों का इस ओर प्रवृत्त होने के लिए प्रोत्साहन नहीं मिलता । विद्यालय में इन क्रियाओं के करने का अवसर नहीं दिया जाता ।

४) पाठ्य क्रमान्तर्गत इन क्रियाओं को कोई महत्व नहीं दिया जाता - इसीलिए किसी भी विद्यालय के टाइम टेबुल में तैरने के लिए समय निर्धारित नहीं है ।

५) विभाग तथा शासन इन क्रियाओं को उपेक्षित तथा बेकार समझते हैं कि आज तक किसी भी स्कूल में इस विषय के निर्देशकों

की नियुक्ति नहीं की गई । इससे बालक समाज से ही जो सही या गलत रीति से तैरना सीख सके वही काफी है उनके उचित मार्ग दर्शन की कोई व्यवस्था नही है । अतएव विघालयों में साधन की कमी होते हुए भी उचित निर्देशकों के सहारे तैरने का अच्छा प्रशिक्षण दिया जा सकता है । परन्तु निर्देशकों के अभाव में अधिकांस बालक इस समाजोपयोगि कला से वंचित रह जाते हैं ।

बाह्य क्रियाएं

शारीरिक क्रियाओं का विश्लेषण

बालकों में आत्मानुशासन, साहस, उत्तम मैत्री भावना, शारीरिक क्रियाओं की परिपक्वता और उत्तम मनोरंजन के लिए दूर जा कर खुले मैदानों की क्रियाओं का आयोजन किया जाता है जिसके अन्तर्गत शिविर लगाना, बैल गाड़ियों पर यात्रा करना, पर्यटन, साइकल चलाना, नाव खेना, नावों में यात्रा करना, वृक्षारोहण, फिसलने की क्रियाएं आदि कार्य क्रम हैं । इनका आयोजन बालकों के विकास के लिए प्रत्येक विघालय में होना चाहिए ।

उच्चतर माध्यमिक शालाओं से प्राप्तोत्तरों के आधार पर इन क्रियाओं में भाग लेने वाले बालकों की संख्या का विश्लेषण अधोलिखित सारिणी से स्पष्ट हो जायगा ।

बाह्य क्रियाओं में भाग लेने वाले विघार्थियों की

सारिणी

नाम कार्य क्रम	भाग लेने वाले छात्रों की संख्या	भाग लेने वाले छात्रों का प्रति शत
शिविर लगाना	६६	
बैलगाड़ियों पर यात्रा करना	०	
पर्यटन	५५	
साइकिल चलाना	६७	
नाव खेना	०	१, ७३ पृ० श०
नावों मे यात्रा करना	०	
वृक्षारोहण	५०	
फिसलने की क्रियाएं	०	
योग	३०१	

उपरिलिखित विश्लेषण से विदित होता है कि शिविर लगाना ४७ विद्यालयों में से प्राप्त उत्तरों में से केवल कुछ विद्यालयों में शिविर लगाने की क्रियाएं की जाती हैं जिनमें ६६ विद्यार्थी भाग लेते हैं।

बैलगाड़ियों में भ्रमण एक भी विद्यालय में नहीं किया गया है।

पर्यटन कुछ विद्यालयों में आयोजित किया जाता है जिनमें कुल ५५ विद्यार्थियों ने भाग लिया है। साइकल चलाना विद्यालयों में आयोजित किया जाता है जिसमें ६७ विद्यार्थियों ने भाग लिया है। नाव सेना और जल यात्राओं का आयोजन किसी भी विद्यालय में नहीं किया जाता। इसी प्रकार फिसलने की क्रियाएं भी किसी भी विद्यालय में आयोजित नहीं की जाती। केवल २ विद्यालयों में वृक्षारोहण कार्य क्रमों का आयोजन किया जाता है जिनमें बालक कुल ५० भाग लेते हैं।

इस प्रकार से इन बाह्य क्रियाओं में अत्यन्त कम बालक भाग लेते हैं। यद्यपि बालकों की रुचि इन कार्य क्रमों में भाग लेने के लिए विशेष रहती है परन्तु विद्यालयों में धनाभाव के कारण किसी प्रकार से इन क्रियाओं को सफल नहीं बनाया जा सकता - विभाग व्दारा इन क्रियाओं को सफल बनाने के हेतु कोई द्रव्य नहीं दिया जाता। केवल वही गेम्स फीस है चाहे उसका जैसा उपयोग किया जाय वह भी पर्याप्त नहीं है।

अभिभावक अपने बालकों को बाहर भेजने से रोकते हैं उनकी इस प्रोत्साहन की कमी के कारण बाह्य क्रियाएं सफल नहीं हो पाती।

प्राचार्य गण तथा अध्यापक गण भी इस ओर विशेष ध्यान नहीं देते अन्यथा बालकों के उत्साह वर्धन करने से ये क्रियाएं सफल बनायी जा सकती हैं। इन क्रियाओं को आयोजित कराने पर विभाग व शासन भी विशेष जोर नहीं देता। इन्हीं कारणों से बालकों का इस ओर समुचित विकास नहीं हो पाता।

पी० टी० एवं ड्रिल, एन० सी० सी०, ए० सी० सी० एवं स्काउटिंग का विश्लेषण

बालक उस समय तक सुशिक्षित नहीं माना जा सकता जब तक वह मानव समुदाय के बीच उठने-बैठने, चलने-फिरने, शिष्टाचार

आदि दैनिक क्रियाओं में सुचारु न हो । शारीरिक ढांचे की सुडौलता प्रत्येक विद्यार्थी में आवश्यक रूप से होनी चाहिए । सुगठित शरीर वाला विद्यार्थी स्फूर्तिवान और क्रियाशील रहता है । इस प्रकार सुडौलता और समाज में व्यवहार के तरीकों की शिक्षा हमें पी० टी और ड्रिल से मिलती है । इस संभाग के विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों के अनुसार विद्यालयों में पी० टी एवं ड्रिल की शिक्षा दी जाती है ऐसा विदित हुआ है ।

शारीरिक सुडौलता के अलावा आधुनिक जगत में सैनिक शिक्षा, मूल शिक्षा का एक अंग समझी जाने लगी है । सैनिक शिक्षा का शिक्षा में महत्वपूर्ण स्थान है - प्रमुखतः किशोरावस्था में बालकों को सैनिक शिक्षा की मूल-भूत कला का प्रारम्भिक प्रशिक्षण देना अनिवार्य है । रामायण तथा महा भारत काल में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सैनिक शिक्षा देना ही था । अतएव इस युग में वही आवश्यकता का अनुभव किया जाने लगा है अतएव हमारे विन्ध्य संभागीय विद्यालयों में लगभग २५ प्रति शत विद्यालयों में सैनिक शिक्षा का आयोजन किया जाता है । बालिकाओं के लिये भी सैनिक शिक्षा आवश्यक समझी गई है अतएव उनके लिए भी उच्चतर माध्यमिक शालाओं में सैनिक शिक्षा का आयोजन किया जाता है । विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों में ८ बालक शालाओं में , ४ बालिकाशालाओं में एन० सी० सी० तथा अन्य की शिक्षा बालकों को दी जाती है । इसका विश्लेषण आगे लिखी तालिका से स्पष्ट हो जायगा ।

इसी प्रकार स्काउटिंग तथा गर्ल्स गाइड का भी शिक्षा में महत्वपूर्ण स्थान है । शारीरिक क्रियाओं के आयोजन के ~~अन्त~~ अन्तर्गत कुछ ऐसी भी क्रियाएं होनी चाहिए जो सैद्धान्तिक, सामाजिक तथा मनोरंजक हों । शारीरिक क्रियाओं में ऐसी क्रियाओं का समावेश होने से बालकों के व्यक्तित्व का संतुलित विकास होता है । उच्चतर माध्यमिक शालाओं में बालकों की किशोरावस्था का प्रारम्भ काल रहता है । इस आयु में उनकी विभिन्न जिज्ञासायें और प्रवृत्तियां होती हैं । अतएव उनका उचित मार्ग में शोधन होना चाहिए । स्काउटिंग और गर्ल्स गाइड आदि ऐसे आयोजन हैं जिनसे बालकों की मूल प्रवृत्तियों का उचित मार्गान्तरीकरण होता है । बच्चों को सदैव किसी न किसी काम में लगा रखना उचित मनोवैज्ञानिक रीति है । अस्तु विद्यालय के पश्चात अवकाश काल में अन्यान्य क्रियाओं में मस्तिष्क को लगाये रहने से बालकों की रुचि सदैव सृजनात्मक कार्यों की ओर लगी रहती है । विन्ध्य

संभागीय विद्यालयों में इस ओर किस प्रकार की प्रगति है इसका दिग्दर्शन अधोलिखित सारिणी से होगा । विद्यालयों में स्काउटिंग का आयोजन किया जाता है । विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि कुछ विद्यालयों में स्काउटिंग के कार्य क्रमों का आयोजन किया जाता है । गर्ल्स गाइड किसी भी विद्यालय में नहीं हैं ।

विविध कार्य क्रमों के विश्लेषण की सारिणी

नाम कार्य क्रम	भाग लेने वाले छात्रों की संख्या	भाग लेने वाले छात्रों का प्रति शत
स्काउटिंग	६८	४
गर्ल्स गाइड	०	
पी० टी एवं ड्रिल	५२	१. ५० प्रति शत

१) पी० टी० एवं ड्रिल के कार्य क्रम विद्यालयों में आयोजित किए जाते हैं जिनमें से ५० प्रति शत विद्यालयों में सामान्य शिक्षकों के व्दारा ही ये कार्य क्रम सम्पादित किए जाते हैं । प्रशिक्षित अध्यापकों का प्रावधान न होने के कारण- बालकों को समुचित प्रशिक्षण नहीं मिल पाता ।

२) जहां पर प्रशिक्षित अध्यापक हैं वहां सामूहिक रूप से विद्यार्थियों को पी० टी० का प्रशिक्षण दिया जाता है । शेष विद्यालयों में कक्षाध्याप-कों व्दारा पी० टी० की शिक्षा दी जाती है ।

३) विद्यालयों में बताया गया है कि पी० टी० ड्रिल का आयोजन नहीं किया जाता । अतएव २५०० छात्र पी० टी० से वंचित रह जाते हैं जिससे उनका शारीरिक विकास पूर्णतया नहीं हो पाता ।

४) पी० टी० के समय के संबंध में प्राचार्यों की विभिन्न सलाहें हैं विद्यालयों में प्राय: अन्तिम घण्टे में ही पी० टी० का कार्य क्रम समय विभाजक चक्र में रखा जाता है । अधोलिखित तालिका में विभिन्न विद्यालयों व्दारा पी० टी० का समय दिया गया है ।

पी० टी० समय सारिणी

समय	विद्यालय	प्रतिशत
३५ मिनट	२८	६० प्र० श०
३० ,,	६	१६.५ ,,

समय	विधालय	प्रति शत
४० मिनट	१०	२०.६५ प्र० श०

आम तौर से विधालयों में पी० टी० का समय ३० मिनट का ही दिाया जाता है - अपनी सुविधानुसार समय घटाया बढ़ाया जाता रहता है।

१) स्काउटिंग का कार्य क्रम ४० प्रति शत विधालयों में आयोजित किए जाते हैं। जिनमें २० प्र० श० विधालयों में इनका प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षित अध्यापक हैं। शेष २० प्र० श० विधालयों में - सामान्य शिक्षकों व्दारा प्रशिक्षण दिया जाता है। अतएव प्रशिक्षित अध्यापकों का प्रावधान न होने के कारण बालकों को समुचित स्काउटिंग की शिक्षा नहीं मिल पाती।

२) १८ विधालयों में जहां पर प्रशिक्षित अध्यापक हैं वहां पर प्रशिक्षण सामूहिक रूप से दिया जाता है। शेष पांच विधालयों में कक्षाध्यापकों व्दारा प्रशिक्षण दिया जाता है।

३) १६ विधालयों में स्काउटिंग का आयोजन नहीं किया जाता अतएव ३८०० छात्र स्काउटिंग की परीक्षा से वंचित रह जाते हैं जिससे उनकी शारीरिक विकास नहीं हो पाता।

४) प्राय: प्राचार्यों ने स्काउटिंग के लिए समय विभाजन चक्र में अन्तिम घण्टे में ३५ मिनट समय देने की सलाहें दी हैं। अतएव आम तौर से ३५ मिनट तक स्काउटिंग का कार्य क्रम किया जाया करता है।

५) उपलब्ध विधालयों के उत्तरों से विदित हुआ है कि किसी भी विधालय में गर्ल्स गाइड नहीं है।

१) सैनिक शिक्षा के कार्य क्रमों का आयोजन केवल २५ प्रति शत विधालयों में किया जाता है। सैनिक शिक्षा की सुविधाएं बालकों के समान बालिकाओं को भी दी जाती हैं। उपलब्ध विधालयों के उत्तरों से विदित हुआ है कि केवल पांच विधालयों में एन० सी० सी० सैनिक शिक्षा का प्रशिक्षण किया जाता है जिनमें १०५ छात्र तथा छात्राएं भाग लेते हैं।

२) सभी विधालयों में जहां पर सैनिक शिक्षा का आयोजन किया जाता है प्रशिक्षित अध्यापक तथा अध्यापिकाएं हैं जो विधिवत बालकों का प्रशिक्षण करते हैं।

३) वर्ष में एक बार वाह्य शिविरों का भी आयोजन किया जाता

है जिसमें सभी बालक बालिकाएं भाग लिया करते हैं।

४) प्राय: सप्ताह में तीन बार बालकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। उनके पोशाक तथा नास्ते का उचित प्रबन्ध रहता है।

५) शिविरों में जाने का व्यय सरकार बर्दास्त करती है। इस प्रकार से जहां तक सैनिक शिक्षा का संबंध है उसकी विद्यालयों में उचित व्यवस्था है। परन्तु केवल २५ प्रति शत विद्यालयों में सैनिक शिक्षा का अभी तक आयोजन किया जा सका है। इसलिए तीन चौथाई बालक इस शिक्षा से वन्चित रह जाते हैं। आम तौर से विद्यालयों में एक ही प्रशिक्षित अध्यापक रहते हैं इसलिए बालकों का प्रशिक्षण सामूहिक रूप से ही किया जाता है ।

सामाजिक एवं शारीरिक क्रियाओं का विश्लेषण

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के अन्तरगत कतिपय सामाजिक कार्य क्रम भी सम्मिलित हैं। इन शारीरिक सामाजिक कार्य क्रमों से बालकों में सामाजिकता की भावना की वृद्धि होती है। आधुनिक युग प्रजातन्त्र का युग है यहां छोटे बड़े ऊंच नीच का भेद भाव नहीं है। सम्मिलित रूप से कार्य करने का आदर्श आज के युग का सिद्धान्त है। सामाजिक कार्यों से बालकों में सहयोग की भावना जागृत होती है। इस प्रकार मिल कर काम करने से वास्तविक नागरिकता के कर्तव्यों का ज्ञान होता है किन्तु उच्चतर माध्यमिक शालाओं में इन क्रियाओं का कितना अभाव है यह अधोलिखित तालिका से स्पष्ट हो जाता है।

सामाजिक क्रियाओं की सारिणी

नाम कार्य क्रम	भाग लेने वाले छात्रों की संख्या	प्रति शत
प्रारंभिक चिकित्सा	५५	
रेड क्रास सोसाइटी	५७	१. ६८ प्र० श०
श्रम दान	१३८	
	२५०	

उपरोक्त सारिणी का निष्कर्ष यह निकला कि उच्चतर माध्यमिक शालाओं में प्रारंभिक चिकित्सा व रेड क्रास सोसाइटी के संगठन का सर्वथा अभाव है।

प्रारंभिक चिकित्सा बहुत कम विद्यालयों में आयोजित की जाती है। अर्थात ८० प्र० श० विद्यालय इससे पूर्ण रूपेण वंचित रह जाते हैं। इससे प्रतीत होता है कि इस संभाग में अभी इन कार्य क्रमों का महत्व नहीं समझा जाता है। लोगों की यह भावना बन गई है कि इन कार्य क्रमों में भाग लेने से बालकों के अध्ययन कार्य में बाधा पड़ती है अतएव इन कार्यों को प्रोत्साहन नहीं दिया जाता है।

किशोरावस्था ही सहयोग, सहानुभूति, समाज सेवा आदि ऐसे गुणों का बालकों के हृदय में बीजारोपण करने की अवस्था है अतएव इस अवस्था में अवश्य ही इन कार्य क्रमों का आयोजन विद्यालय में किया जाना चाहिए।

अधोलिखित सारिणी से इन क्रियाओं में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या का पता लगेगा।

------00000------

समारोह तथा प्रतियोगिताओं का संगठन

विद्यालय के जीवन में क्या मानव जीवन के पग पग पर प्रतियोगिताओं का विशिष्ट महत्व है। प्रतियोगिताओं से बालकों का उत्साह बढ़ता है साथ ही उनमें स्वास्थ स्पर्धा की भावना का विकास होता है जो उन्हें आत्मोन्नति के लिये प्रेरित करती है। पर विरल उत्तरोत्तर विकास शील है।

विधालयों के प्रतियोगिताओं आयोजन से बालकों को आत्म प्रदर्शन का अवसर मिलता है। उनके आटम पर्दशन कीमूल प्रवृत्ति होती है - वे प्रतियोगिताओं के माध्यम से इस प्रविति की सही मांग में विकाश होता है। आत्म प्रदर्शन के साथ बालकों को आत्म निरीक्षण का आधार आयोजित प्रतियोगितायें के द्वारा मिलता है वे जिन खेलों का अभ्यास करते हैं उनमें कितनी विशम आपेक्षित है इसकी अनुभव वे प्रतियोगिताओं से ही किया करते हैं।

प्रतियोगिताओं से बालकों को आत्म सन्तोष भी होता है। यों तो बालक अपने सहपाठियों के साथ - खेलता ही रहता है परन्तु टूर्नामेन्ट , मैच, आदि में उन्हें एक सीमित समाज से वृहत्त समाज में जाने की आधार प्राप्त होता है। उनमें समाजिकता की भावना भी विसम होती है। समाजिकता की भावना के लिए सामूहिक खेल उपयुक्त तम होते है परन्तु टूर्नामेन्ट , मैच, आदि इस - समाजिकता के क्षेत्र को विसम बना देते है प्रतियोगिताओं की सफलता के लिए सभी भाग लेने वाली टीमों के सहयोग और सहकारिता की आवश्यकता पड़ती है। एक दूसरे से परिचय होता है - बालक विभिन्न व्यक्तियों के सम्पर्क में आते हैं - उनमें एक दूसरे के प्रति स्नेह सहानुभूति आदि की भावनाओं का विसम होता है वे विधालय के एक छोटे से समाज से निकल कर विशाल समाज का दर्शन करते हैं इससे उनका परिचय ज्ञान वा मानसिक जगत विकसित होता है। सहयोग और सहकारिता की भावना डेली जारोपण का उपयुक्त अभाव टूर्नामेन्ट , मैच अपना आयोजित प्रतियोगिताओं में ही मिलता है। विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं - में इन प्रतियोगिताओं का किस प्रकार आयोजन किया जाता है - इसी से स्पष्टीकरण अधोलिखित तालिका से हो जाता है।

समारोह तथा प्रतियोगिता - प्रदर्शक सारणी-

कार्य क्रम	भाग लेने वाले छात्र	प्रति शत
टूर्नामेन्ट	१५०	
पर्वों में आयोजित कार्य क्रम	१२२	२.५०प्रतिशत
वार्षिक खेल कूद समारोह	१०१	
योग	३७३	

उपरिलिखित सारिणी से स्पष्ट है कि उच्चतर माध्यामिक शालाओं में इन प्रतियोगिताओं तथा समारोहों में कुल छात्र संख्या का २.५० प्रतिशत अंश भाग लेता है क्योंकि ये उत्सव अर्थ साध्य हुआ करते हैं। विद्यालयों में व्यापक रूप से धनाभाव रहता है इसलिए इच्छा रखते हुए भी इन कार्य क्रमों का आयोजन नही हो पाता केवल ४ उच्चतर माध्यमिक शालाओं में इनका आयोजन किया जाता है जिनमें भाग लेने वाले छात्रों की संख्या ३७३ मात्र है। विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों से ज्ञात हुआ है कि बालक इन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए बड़े उत्सुक रहते हैं। फिर भी धनाभाव के कारण सम्पन्न नही किये जा सकते।

क्रीड़ा शुल्क का विश्लेषण

खेल कूद की सामग्री तथा सामयिक आयोजनों के लिए धन की आवश्यकता पड़ती है इसकी जानकारी के लिए प्रश्नों द्वारा ज्ञात किया गया है कि उच्चतर - माध्यमिक शालाओं में एक मात्र साधन क्रीड़ा शुल्क,जिसका विवरण आधोलिखित सारणीं से स्पष्ट हो जायगा।

क्रीड़ा शुल्क की सारणी

कक्षा	प्रति छात्र	मासिक
९	२५ नये पैसे	४
१०	२५ नये पैसे	४
११	२५ नये पैसे	४

इतना कम क्रीड़ा शुल्क से विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों को सफल बनाने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कभी कभी विभाग द्वारा सामग्री मिल जाती है वह भी कोई अच्छी प्रकार की नही होती अतएव ४० विद्यालयों के प्राचार्यों ने क्रीड़ा शुल्क बढ़ाने के लिए सुझाव दिये हैं जो अधोलिखित प्रकार से हैं।

प्रस्तावित क्रीड़ा शुल्क

कक्षा	प्रतिछात्र	मासिक
९	५० नये पैसे	४
१०	५० नये पैसे	४
११	५० नये पैसे	४

यदि क्रीड़ा शुल्क की दर बढ़ाकर ५० नये पैसे प्रति छात्र कर दी जाय तो किसी प्रकार सन्तोष जनक आयोजन किये जा सकते हैं ।

(१) सभी विद्यालय शारीरिक शिक्षण सम्बन्धी कार्य क्रमों में क्रीड़ा शुल्क का इस्तेमाल करते हैं । इसी से विद्यालयों में क्रीड़ा सामग्री आदि की क्रय की जाती है

(२) यह धन राशि(अनआडिटेड)अलेखित कैश के रूप में समझी जाती है अतएव प्राचार्य गण इसका प्रयोग अपनी इच्छानुसार करते रहते हैं । दो एक विद्यालयों के उत्तरों से स्पष्ट हुआ है कि क्रीड़ा शुल्क का उपयोग स्टेशनरी आदि के मंगाने में भी कर लिया जाता है ।

(३) विद्यालयों में विभाग द्वारा कोई बजट आदि का आयोजन नहीं है जनता द्वारा अनुदान भी किसी विद्यालय को नहीं दिया जाता इस तरह आय का एक मात्र साधन क्रीड़ा शुल्क है ।

शारीरिक क्रियाओं में भाग न ले सकने के कारण

इन कारणों में मुख्य रूप से अभिभावकों के अभिरुचि की कमी है ।- कतिपय शालाओं के अध्यापक भी केवल सैद्धान्तिक शिक्षण पर ही जोर देते हैं शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों को उपयोगिता पर परदा डाल देते हैं विद्यालय में दूर ग्रामों से पढ़ने आने के कारण भी बालक उन कार्य क्रमों में भाग नहीं ले पाते । सामग्री,क्रीड़ा स्थलों - व्यायाम शालाओं और निर्देशकों का व्यापक अभाव रहता है । बालक गृह कार्य में सलग्न रहने के कारण भी शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों में भाग नहीं ले पाते ।

प्रमुखत: विभाग शारीरिक कार्य क्रमों को बढाने पर जोर नहीं देता इसलिए विद्यालयों में इनका व्यापक अभाव दृष्टिगोचर होता है । इस प्रकार से उच्चतर माध्यमिक शालाओं से आयोजित शारीरिक क्रियाओं का विश्लेषण है । इसके अतिरिक्त विद्यालयों के प्राचार्यों ने विद्यालयों में खेलने के लिए सुझाव दिये हैं । भारतीय खेल भारतीय उच्चतर माध्यमिक शालओं के लिए उपयुक्त है इसलिए कि भारत एक गरीब देश है और - भारतीय खेलों में धन की आवश्यकता नहीं है ।

५ विद्यालय के प्राचार्यों ने शारीरिक क्रियाओं के अन्तर्गत योग आसन

आदि का आयोजन करने के लिए सुझाव दिये हैं।

कुछ भी ही अभी उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शारीरिक क्रियाओं के आयोजन पर पूर्ण रूपेण जोर नहीं दिया जाता इसीलिए इसमें भाग लेने वाले छात्रों की संख्या अत्यन्त कम है। प्राचार्यों की सम्मति है कि बालक का सर्वांगीण विकास एक मात्र शारीरिक - शिक्षण कार्यक्रमों से ही है अस्तु विद्यालयों में इसका आयोजन होना अत्यावश्यक है।

....

अष्टम अध्याय

अध्ययन का निष्कर्ष

सम्प्रेषित शोध कार्य के अध्ययन से विदित हुआ है कि बालक का सर्वांगीण विकास केवल शैक्षणिक शिक्षण से संभव नहीं है अपितु पाठ्य क्रम में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के सम्मिश्रण से ही सकता है। बालक के व्यक्तित्व में इन शारीरिक क्रियाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। आधुनिक शिक्षा जगत में नवीन मनोवैज्ञानिक खोजों के आधार पर यह समझा जाने लगा है कि केवल पुस्तकीय ज्ञान से बालकों की शिक्षा पूरी नहीं हो सकती। अतएव उनके भावी जीवन यापन के लिए शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास करा कर कौशल दक्षता का विकास करना चाहिए जिससे उनमें अध्यवसाय उद्योग धंधों के प्रति प्रेम और ~~परिश्र~~ परिश्रमप्रियता की भावना आ जाय और वे स्वस्थ, निरोग तथा बलिष्ठ नागरिक बन सकें।

पिछले अध्याय में यत्र तत्र बिखरे हुए परिणाम हैं उन्हें एक स्थान पर समायोजित कर लेना समीचीन होगा ताकि उनको विहंगम दृष्टि से एकत्रित रूप में अवलोकन किया जा सके और प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर हम अपने यथा साध्य सुझाव भी प्रस्तुत कर सकें। इस अध्ययन कार्य के हेतु जो लक्ष्य निर्धारित किए गए थे उन्हें अध्ययन एवं विश्लेषण की सुविधा की दृष्टि से आठ भागों में विभाजित किया गया था।

(१) सामूहिक खेल (आंतरिक तथा बहिर्द्वार) (२) कसरत (एथलैटिक्स) (३) व्यायाम (जमनास्टिक) (४) नृत्य (५) तैरना (६) बाह्य क्रियाएं (७) विविध शारीरिक कार्य क्रम (८) सामाजिक कार्य क्रम।

अस्तु इस अध्ययन कार्य के फलस्वरूप जिन ~~निष्कर्षों~~ निष्कर्षों पर पहुंचा गया है उनका उल्लेख भी इन्हीं पांच उपशीर्षकों के अन्तर्गत करना अधिक उपयुक्त होगा।

(१) सामूहिक खेल (आंतरिक और बहिर्द्वार) की क्रियाएं :-

विन्ध्य सम्भागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं में अभी शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का महत्व पूर्ण रूपेण नहीं समझा जा रहा है। सम्प्रेषित प्रश्न मालिकाओं के प्रदत्तों (डाटा) के अनुसार २ विद्यालयों के प्राचार्यों ने, विद्यालय की छात्र संख्या जो कक्षावार पूछी गई थी उसकी

उसकी कोई जानकारी नहीं दी । विद्यालयों के खेल में भाग लेने वाली छात्र संख्या का ६० प्र० श० सामूहिक खेलों से लाभान्वित होता है । सभी शारीरिक क्रियाओं में मिला कर कुल छात्र संख्या का ४८ भाग सम्मिलित होता है । जिसमें स_ से अधिक छात्र सामूहिक खेलों से लाभान्वित होते हैं । वे कुल शारीरिक क्रियाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों की संख्या का २७. ५ भाग है जो आधे से भी अधिक है । उच्चतर माध्यमिक शालाओं में प्रायः फुट बाल, वाली बाल, हाकी, बैडमिन्टन और कबड्डी आदि सामूहिक खेल खेले जाते हैं । कबड्डी का खेल सभी विद्यालयों में खेला जाता है । दो विद्यालयों में बैडमिन्टन का खेल खेला जाता है । बुन्देलखण्ड में हाकी का खेल बड़े चाव से खेला जाता है ।

इस संभाग के अन्तर्गत किसी भी बालिका विद्यालय में फुटबाल, वालीबाल तथा हाकी के खेलों का आयोजन नहीं किया जाता । सामूहिक खेलों के नाते केवल कबड्डी तथा खो खो कन्या शालाओं में खेले जाते हैं । अधिकांश रूप से बालिकाएं अंतर्व्दार (इन डोर) खेल खेला करती हैं । जिनमें कैरम, लूडो और सांप तथा सीढ़ी आदि हैं । बालक इन डोर खेलों में कम संख्या में सम्मिलित होते हैं ।

(२) एथलैटिक्स (कसरत) (३) जमनास्टिक (व्यायाम) की क्रियाएं

४७ विद्यालयों के प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि केवल १५ विद्यालयों में जमनास्टिक (व्यायाम) तथा एथलैटिक्स (कसरत) का आयोजन किया जाता है । जिनमें कुल छात्र संख्या का १०. ६ प्रति शत अंश भाग लेता है जो अत्यन्त कम है - भाग लेने वाले छात्रों की संख्या ५४० कुल है । जमनास्टिक का आयोजन और बहुत कम किया जाता है । केवल ४ विद्यालयों में व्यायाम शालाएं हैं । अन्य विद्यालयों के बालक व्यायाम का अभ्यास सार्वजनिक व्यायामशालाओं में करते हैं । इसी प्रकार एथलैटिक्स के कार्य क्रमों का संपादन करने के लिए केवल ५ विद्यालयों में अखाड़े हैं और शेष बालक समाज के अखाड़ों में कसरतों का अभ्यास करते हैं । विद्यालयों के प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि किसी भी विद्यालय के समय विभाजक चक्र में व्यायाम और कसरतों के लिए समय निर्धारित नहीं है । केवल अन्तिम घण्टे में आम तौर से ४० मिनट का समय दिया जाता है जिसमें बालक चाहे खेलें और चाहे घर चले जांय ।

निर्देशकों का व्यापक अभाव है इसलिए बालकों का वैयक्तिक तथा सामूहिक रूप में भी शिक्षण करना कठिन हो जाता है । अधिकांश विद्यालयों में जमनास्टिक तथा एथैलेटिक्स के कार्य क्रमों का आयोजन करने के लिए साम्ग्री ही नहीं है ।

संभागान्तर्गत किसी भी कन्याशाला में ~~जमनास्टिक~~ जमनास्टिक तथा एथैलेटिक्स के कार्य क्रमों का आयोजन नहीं किया जाता है । इस प्रकार एक बहुत बड़ी बालिकाओं की संख्या अपना सम्यक शारीरिक विकास नहीं कर पाती । जिन विद्यालयों में व्यायामशालाएं हैं भी वे विद्यालय से दूर हैं तथा उनमें हवा रोशनी और स्वच्छता का प्रबन्ध नहीं है । साम्ग्री तथा कपड़े बदलने के कमरे किसी भी विद्यालय में नहीं हैं ।

४- नृत्य :- जिस प्रकार से किसी भी कन्या शाला में जमनास्टिक तथा एथैलेटिक्स का आयोजन नहीं किया जाता ठीक उसी प्रकार से किसी भी बालक विद्यालय में नृत्यों का समावेश नहीं है । इस संभाग के एक भी बालक नृत्यों में भाग नहीं लेते । केवल बालिका विद्यालयों में नृत्यों का आयोजन किया जाता है वह भी जो नृत्य आवश्यक है उनका शिक्षण किसी भी विद्यालय में नहीं किया जाता । केवल कुछ श्रृंगारिक तथा रंग मंच पर वाद्य के साथ नाचे जाने वाले नृत्यों का शिक्षण किया जाता है । उनमें भाग लेने वाली बालिकाओं की संख्या अत्यन्त कम है । शास्त्रीय और लोक नृत्यादि का शिक्षण नहीं किया जाता है । साम्ग्री की विशेष कमी है तथा प्रशिक्षित निर्देशकों एवं निर्देशिकाओं का अभाव है ।

एक भी ऐसा ~~विद्यालय~~ विद्यालय नहीं है जहां पर कि सुसज्जित ~~नृत्~~ नृत्यशाला हो । ७ बालिकाओं के विद्यालयों में से सभी में एक कमरे में नृत्यों का आयोजन कर लिया जाता है ।

इस प्रकार से कुल छात्र तथा छात्राओं की ~~संख्या~~ संख्या में से केवल २६७ छात्राएं नृत्यों में भाग लेती हैं जो कि छात्र संख्या का १. ६५ प्रतिशत मात्र है ।

५) <u>तैरने की क्रियाएं</u>

इस संभाग के अन्तर्गत तैरने में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या १६५ है जो कि समूची छात्र संख्या का १. ४ प्रति शत भाग है । परन्तु प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि किसी भी विद्यालय में तैरने के लिए पोखरा या तालाब

नहीं है और न समय विभाजक चक्र में तैरने के लिए समय ही दिया जाता । फिर भी विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों से विदित होता है कि तैरने वाले छात्रों की संख्या कुछ न कुछ है - इससे स्पष्ट है कि बालक अपने सामाजिक ~~जीवन~~ जीवन में रह कर सामाजिक तालाब अथवा किसी नदी से तैरना सीखते हैं । इस प्रकार से बिना उचित निर्देशन के तैरने से बालक के तैरने के कौशल का विकास नहीं होता है और जो तैरने के सुपरिणाम हैं उनसे बालक वंचित रहता है । किसी भी विद्यालय में तैरने का शिक्षण करने के लिए निर्देशक नहीं हैं और विद्यालयों में तैरने के लिए आवश्यक सामग्री का पूर्णतया अभाव है । इसलिए जिन बालकों की तैरने में रूचि भी रहती है वे भी सामग्री तथा साधन की कमी के कारण अपनी तैरने की कला का विकास नहीं कर पाते ।

६) वाह्य क्रियाएं

इन क्रियाओं में कुल ३०१ बालक भाग लेते हैं जो समूची संख्या का १.७३ प्रति शत है । इस संभाग के अन्तर्गत इन क्रियाओं का आयोजन नाम मात्र को विद्यालयों में किया जाता है । पर्यटन और शिविरों आदि में सम्मिलित होने के लिए द्रव्य की आवश्यकता पड़ती है । साथ ही नाव खेने आदि की क्रियाओं में सामग्री की आवश्यकता पड़ती है वह भी इस संभाग के विद्यालयों में उपलब्ध नहीं है । द्रव्य जो है वह अत्यन्त कम है - आमदनी का केवल एक साधन क्रीड़ा शुल्क है और क्रियाएं बहुत सी हैं इसलिए इतनी थोड़ी क्रीड़ा शुल्क में पूरा नहीं पड़ता । अभिभावकों की ओर से इन क्रियाओं में भाग लेने के लिए बालकों को प्रोत्साहन नहीं मिलता - विभाग भी इन पर जोर नहीं देता । अतएव इन क्रियाओं का समुचित आयोजन नहीं किया जा सकता । अध्यापक इन कार्यक्रमों में रुचि नहीं लेते ।

७) विविध क्रियाएं

एन० सी० सी० यानी सैनिक शिक्षा - का आयोजन कुछ विद्यालयों में किया जाता है जिसमें २२५ बालक भाग लेते हैं जो कुल छात्र संख्या का १.५० प्रति शत है । सैनिक शिक्षा बालिका शालाओं में भी समान रूप से चलाई जाती है । जहां जहां सैनिक शिक्षा है उन विद्यालयों में प्रशिक्षित अध्यापक तथा अध्यापिकाएं हैं जो बालकों तथा बालिकाओं का सामूहिक रूप से प्रशिक्षण करते हैं । बालकों के पोशाक आदि का उचित प्रबन्ध है । सैनिक शिक्षा का सप्ताह में दो बार आयोजन किया जाता है और यथा

उचित नाश्ते का भी प्रबन्ध सैनिक शिक्षा में भाग लेने वाले बालकों के लिए रहता है। इस प्रकार शारीरिक क्रियाओं के इस अंश का आयोजन उचित है।

पाठशाला समय के अन्तिम घण्टे में सामूहिक रूप से पी० टी० एवं ड्रिल का आयोजन विद्यालयों में किया जाता है जिसमें ५२ छात्र भाग लेते हैं। निर्देशकों का अभाव है - इसलिए शारीरिक शिक्षा के इस क्षेत्र में विकास नहीं है।

स्काउटिंग का आयोजन कुछ विद्यालयों में किया जाता है जिसमें ६८ छात्र भाग लेते हैं। समय विभाजक चक्र में अन्तिम घण्टे में इसका आयोजन किया जाता है। निर्देशकों का व्यापक अभाव है इसलिए उचित शिक्षण नहीं हो पाता। अभिभावक पोशाक आदि का प्रबन्ध नहीं कर पाते। बहुत से बालक दूर के ग्रामों से पढ़ने के लिए आते हैं - इसलिए उन्हें जाने की जल्दी रहती है और वे इन शारीरिक क्रियाओं ~~में~~ में भाग नहीं ले पाते ।

इस संभाग के अन्तर्गत विद्यालयों में गर्ल्स गाइड का आयोजन नहीं किया जाता।

८) सामाजि क्रियाएं

विद्यालयों में आयोजित सामाजिक शारीरिक कार्य क्रमों में २५० बालक भाग लेते हैं । भाग लेने वाले विद्यार्थियों का प्रति शत १.६८ है । सामाजिक कार्य क्रमों के अन्तर्गत श्रमदान में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या सब से अधिक है इसलिए इसमें भाग लेने वाले छात्रों की संख्या बहुत कम है।

समारोह तथा ~~प्रदर्शन~~ प्रतियोगिताएं

उपलब्ध विद्यालयों के उत्तरों से ज्ञात हुआ है   विद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है इसमें   बालक भाग लेते हैं जो समूची छात्र संख्या का   प्रति शत है। जिन विद्यालयों में प्रतियोगिता -ओं तथा टूनमिन्टों का आयोजन किया जाता है उनमें पुरस्कार आदि की भी व्यवस्था रहती है। प्रतियोगिताओं के तार तम्य में एक विद्यालय के छात्र ने कुश्ती में विजय प्राप्त की और संस्था की ओर से उसे पुरस्कृत ~~किया गया~~

तथा प्रशंसित किया गया । इस पुरस्कार के फल स्वरूप बालक का उत्साह बढ़ा और उसने सभी कुश्ती लड़ने वालों को परास्त कर दिया जो उसके बस की बात न थी । इस प्रकार से प्रतियोगिताओं व टूर्नामेन्ट में पुरस्कार का प्रबन्ध करना आवश्यक हो जाता है । इसके लिए कुछ द्रव्य की आवश्यकता पड़ती है - ये समारोह अर्थ साध्य हुआ करते हैं - अतएव सभी विद्यालय इनका आयोजन नहीं कर पाते । यही कारण है कि ये समारोह इतनी कम संख्या में आयोजित किए जाते हैं और कम छात्र भाग लेते हैं ।

स्काउट रैली आदि में कम ही बालक भाग ले पाते हैं क्यों कि विद्यालयों के पास उतना द्रव्य नहीं रहता कि वे अपने ट्रुप को रैली आदि में भाग लेने भेज सकें । पर्वों और वर्ष के अन्त में विद्यालयों में समारोहों का आयोजन किया जाता है । ये आयोजन बालकों से चन्दा ले कर आयोजित किए जाते हैं अतएव जो जितना बड़ा विद्यालय होता है और बालक तथा उनके अभिभावक जितना अधिक आर्थिक सहयोग देते हैं उतने ही ~~सफल~~ सफल ये समारोह हुआ करते हैं ।

आय के स्रोत

विन्ध्य संभागीय विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण कार्य - क्रमों की सफलता के लिए आय के साधनों में से प्रमुख क्रीड़ा शुल्क है । विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि किसी भी विद्यालय में जनता द्वारा अनुदान नहीं मिलता । खेल कूद की सामग्री खरीदने के लिए भी कोई बजट विभाग की ओर से नहीं दिया जाता । कभी कभी कुछ विद्यालयों को सामग्री अवश्य दे दी जाती है । परन्तु शत प्रति शत विद्यालयों में क्रीड़ा शुल्क से क्रीड़ा सामग्री क्रय करते हैं और उसी द्रव्य से टूर्नामेन्ट प्रतियोगिताओं आदि का प्रबन्ध करते हैं । बालकों को रैली आदि में जाने के लिए इसी धन का उपयोग किया जाता है ।

एक विद्यालय के प्राप्त उत्तर से विदित हुआ है कि इसी क्रीड़ा शुल्क से सम्बन्धी विद्यालय में जब कभी स्टेशनरी आदि का सामान कम गया तो मंगा लिया जाता है । कभी कभी यात्रा खर्च भी क्रीड़ा शुल्क से ले लिया जाता है ।

शत प्रति शत विद्यालयों के प्राचार्यों ने क्रीड़ा शुल्क की दर

२५ नये पैसे प्रति बालक प्रति मास अंकित किया है । कक्षा ६ तथा ११ में समान रूप से इसी दर से क्रीड़ा शुल्क वसूल की जाती है ।

८० प्रति शत प्राचार्यों ने वर्तमान क्रीड़ा शुल्क को बहुत कम बतलाया है और यह अंकित किया है कि सत्र भर के शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के आयोजन के लिए यह धन राशि अत्यन्त कम है अतएव सम्बन्धी प्राचार्यों ने क्रीड़ा शुल्क को कम से कम २५ नये पैसे से बढ़ा कर ५० न० पै० प्रति छात्र कर देने का सुझाव दिया है ।

इस धनाभाव के कारण बालक विभिन्न विद्यालयों में टूर्नामेन्ट खेलने नहीं जा पाते । प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं किया जा सकता - यात्रा और परिभ्रमण आदि तो बिलकुल असम्भव है - इसलिए शारीरिक शिक्षण के द्वारा बालक का जितना विकास करना चाहिए उतना नहीं हो बन पाता है ।

------00000-------

सप्तम अध्याय

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों की समायोजना हेतु निष्कर्ष निर्देश

अध्ययन प्राप्त निष्कर्षों से विदित हुआ है कि विन्ध्य संभागान्तर्गत उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शारीरिक शिक्षण कार्य - क्रमों का समुचित संगठन नहीं किया जा रहा है । इस औद्योगिक और यांत्रिक युग में उसी परम्परागत शिक्षण पद्धति का अनुसरण किया जा रहा है । विद्यालय के प्राचार्य भी सैद्धान्तिक पाठ्य प्रणाली को ही प्राथमिकता देते हैं, शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों को उतना महत्व नहीं देते । परिणाम स्वरूप बालक का शीर्ष तो सूचना से भर दिया जाता है परन्तु उनका शरीर पीला पड़ जाता है और उसमें मस्तिष्कीय शक्ति होते हुए भी शारीरिक शक्ति विहीन होने के कारण अपनी बुद्धिमत्ता का उपयोग करने की क्षमता नहीं रह जाती । शारीरिक क्रियाओं के अभाव में कर्मेन्द्रियों का विकास नहीं हो पाता इसलिए बालक में कौशल दक्षता नहीं आती । स्नायुओं का विकास नहीं हो पाता इसलिए मस्तिष्क जो विचार करता है उसको हाथ कार्य रूप में परिणित नहीं कर पाते । मांस पेशियां विकसित नहीं हो पाती इसलिए बालक

में कार्य क्षमता और परिश्रमशीलता नहीं आ पाती - इसके अभाव में बालक का सारा ज्ञान अधूरा और अपूर्ण रह जाता है । अतएव प्रत्येक उच्चतर माध्यमिक शाला में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का संगठन करना चाहिए । अपने इस गवेषणात्मक अध्ययन एवं प्राप्त परिणामों के आधार पर विभिन्न क्रियाओं के समायोजना हेतु अधोलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किए जा रहे हैं ।

१ - <u>सामूहिक खेल</u>

सामूहिक खेलों के अध्ययन के लिए सर्व प्रथम क्रीड़ा स्थलों की आवश्यकता पड़ती है अतएव क्रीड़ास्थलों की व्यवस्था के अध्ययन के परिणामस्वरूप इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि उच्चतर माध्यमिक शालाओं में क्रीड़ा - स्थलों का पूर्ण अभाव है । कबड्डी एवं बाली बाल के क्रीड़ा स्थल संतोषप्रद कहे जा सकते हैं किन्तु फुट बाल एवं हाकी खेलने के लिए क्रीड़ा स्थलों का नितान्त अभाव है अतएव विभाग या राज्य की ओर से विद्यालयों के लिए यथोचित खेल के मैदानों की व्यवस्था की [illegible] जानी चाहिए । विद्यालयों के [illegible] आस पास जो परती भूमि पड़ी हो उसे माल विभाग द्वारा दिलाए जाने का प्रयास किया जाना चाहिए । दूसरे विभाग या राज्य से विशेष अनुदान मिलना चाहिए जिससे विद्यालय अपनी आवश्यकतानुसार क्रीड़ास्थलों की व्यवस्था कर सकें । सन् १९५८ में मद्रास में खेल कूद की कार्य कारिणी समिति की राष्ट्रीय सभा हुई जिसमें निम्नलिखित विद्यालयों की छात्र संख्या के अनुसार क्रीड़ास्थलों के निमित्त भूमि अभिस्तावित की गई है

संस्था	छात्र संख्या के लिए	क्रीड़ा स्थल के हेतु भूमि
१ - कालेज	१००० से १५०० तक	१० एकड़
२ - हायर सेकण्डरी स्कूल	५०० से १००० तक	५-६ एकड़
३- मिडिल स्कूल	२०० से ५०० तक	२-५ एकड़
४- प्राइमरी स्कूल	----	१ एकड़

उपरोक्त सारिणी के अनुसार उच्चतर माध्यमिक शाला के लिए जहां ५०० से १००० तक विद्यार्थी हों वहां ५ से ६ एकड़ भूमि के हिसाब से क्रीड़ा स्थलों की व्यवस्था होनी चाहिए यह नियम तभी कार्यान्वित हो सकता है जब शिक्षा विभाग प्रदेशीय सरकार से तत्सम्बन्धी कार्य संपादन हेतु कार्यवाही करे । इससे विद्यालयों के क्रीड़ास्थलों का अभाव दूर हो सकता है ।

२- क्रीड़ा शुल्क एवं सामग्री

क्रीड़ा शुल्क की वृद्धि के लिए प्राचार्यों का बहुमत है। दूसरे उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कोई अन्य शुल्क नहीं ली जाती अत: निम्नलिखित दर से क्रीड़ा शुल्क ली जा सकती है -

कक्षा	वर्तमान क्रीड़ा शुल्क एवं क्रीड़ा शुल्क	प्रस्तावित क्रीड़ा शुल्क
९	२५ नए पैसे	५० नए पैसे
१०	२५ ,,	५० ,,
११	२५ ,,	५० ,,

क्रीड़ा शुल्क का निरीक्षण (आडिट) किया जाना चाहिए क्यों कि क्रीड़ा शुल्क का व्यय खेल के अतिरिक्त अन्य मद्द में कर दिया जाता है अत: विभाग द्वारा इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि क्रीड़ा शुल्क का व्यय एक मात्र क्रीड़ा सामग्री खरीदने, टूर्नामेण्ट और खेल कूद के अन्य आयोजनों को सफल बनाने में किया जाय।

३- चूंकि शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम शिक्षा के प्रमुख अंग हैं अतएव अनिवार्य रूप से विद्यालयों में इनका आयोजन किया जाना चाहिए और समय विभाजक चक्र के अन्तर्गत इन शारीरिक क्रियाओं को अन्य पाठ्य विषयों की भांति समय दिया जाना चाहिए जिससे हर एक बालक को अपना शारीरिक विकास करने का अवसर मिल सके। प्राय: अन्तिम घण्टे में इनका आयोजन करने से सभी बालक भाग नहीं ले पाते और अपने घर चले जाते हैं।

४- विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि उनके उचित मार्ग दर्शन की व्यवस्था नहीं है अतएव कुछ ऐसी शारीरिक क्रियाएं हैं जिनका सामूहिक रूप से मार्ग दर्शन किया जा सकता है जैसे पी० टी० एवं ड्रिल तथा स्काउटिंग अतएव इनके लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की आवश्यकता है। क्रियाओं के सम्पादनार्थ प्रशिक्षक शिक्षक भेजे जांय। अब तक केवल ४० प्रति शत विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षक हैं। कुछ ऐसी शारीरिक क्रियायें हैं जैसे जमनास्टिक तथा एथलैटिक्स - इनके लिए व्यक्तिगत शिक्षण की आवश्यकता है। अतएव इन क्रियाओं का प्रशिक्षण देने के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित अध्यापक होना चाहिए जो बालकों को व्यक्तिगत

रूप से प्रशिक्षण दे सकें।

६- विद्यालयों में समय समय पर शारीरिक क्रियाओं के पारंगत तथा विशेषज्ञों के द्वारा बालकों के सम्मुख प्रदर्शन ~~कैन~~ करने का आयोजन करना चाहिए ता कि बालक शारीरिक क्रियाओं के कौशल का वस्तु पाठ ~~सम्के~~ पा सकें और प्रेरणा प्राप्त कर अपना विकास कर सकें। ~~पाठ्य-क्रमान्तर्गत-शारीरिक-शिक्षण~~

७- पाठ्य क्रमान्तर्गत शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का प्रायोगिक शिक्षण तो होना ही चाहिए साथ ही अन्य विषयों की भांति इसका सैद्धान्तिक शिक्षण भी किया जाय ता कि बालक शारीरिक क्रियाओं के साहित्य से परिचित हो सकें और इन क्रियाओं का पूरा पूरा लाभ उठा सकें। समय विभाजक चक्र में सैद्धान्तिक शिक्षण के लिए कम से कम ४० मिनट का समय दिया जाना चाहिए।

८- जिस ~~प्रका~~ प्रकार से शारीरिक क्रियाओं में पारंगत व्यक्तियों के प्रदर्शन आवश्यक हैं ठीक उसी प्रकार से विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के विशेषज्ञों के व्याख्यान आदि का भी समय समय पर आयोजन करना चाहिए। समयानुसार शारीरिक कार्य क्रमों के प्रशिक्षण हेतु अध्यापकों को रिफ्रेसर कोर्स करने के लिए भेजने की व्यवस्था विभाग द्वारा होनी चाहिए ताकि बालकों को नवीनतम शारीरिक क्रियाओं से परिचित करा कर उनका अभ्यास कराया जा सके। अभी तक किसी भी विद्यालय में अध्यापकों के इस प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं है।

९- विद्यालय में शारीरिक शिक्षण से सम्बन्धित पर्याप्त साहित्य होना चाहिए जिससे बालक इन क्रियाओं के साहित्य को पढ़ कर इनके प्रशिक्षण का पूरा पूरा लाभ उठा सके - विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों में किसी भी विद्यालय में शारीरिक शिक्षण पर समुचित साहित्य नहीं है।

स्वास्थ्य शिक्षण

१- शारीरिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए आवश्यक है कि बालक के भोजन की उचित व्यवस्था हो। बालक पाठशाला में ६ घण्टे तक पढ़ता है इस बीच उसे एक बार दोपहर में नास्ते का प्रबन्ध विभाग को अवश्य करना चाहिए ता कि बालक पढ़ाई में क्षीण होने वाली शक्ति को पुनः प्राप्त कर सके। विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों से ज्ञात हुआ है कि केवल दो विद्यालय के प्राचार्य अपनी स्वेच्छा से बालकों से कुछ पैसा वसूल कर के नास्ते का

प्रवन्ध करते हैं शेष सभी विद्यालयों में नास्ते का कोई इन्तजाम नहीं अतएव विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि वह दोपहर में वालकों के नास्ते का प्रवन्ध करें ।

नास्ते के संवन्ध में चाहे गये सुझाओं में चार प्राचार्यों ने आर्थिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए भीगे चने नमक के साथ नास्ते में देने का प्रस्ताव रखा है । ७ विद्यालयों के प्राचार्यों ने नास्ते में दूध दिये जाने के लिए सिफारिश की है - परन्तु भीगे चने विशेष उपयुक्त और सर्व सुलभ है अतएव यदि विभाग भीगे चने मात्र नास्ता में वितरित करा सके तो अधिक उत्तम होगा ।

(२) किसी भी मानसिक या शारीरिक कार्य के पश्चात आराम आवश्यक है अतएव शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास के पश्चात वालक के उचित आराम के लिए अवकाश की व्यवस्था की जानी चाहिए । गृह कार्य इतना न दिया जाय कि वालक उसके वोझ से दबा रहे और पूर्ण रूपेण सोने का समय न पा सके । अक्सर वालक गृह कार्य के भार से दबा रहता है और उसका सारा अवकाश काल - इसी काम में समाप्त हो जाता है वह अपने शारीरिक विकाश के लिये खेल कूद करने का समय - नहीं पाता ।

(३) किसी भी शारीरिक क्रिया का अभ्यास करने के लिए एक निर्धारित गणवेश(पोशाक) की आवश्यकता है । अतएव आम भावकों को चाहिए कि विभिन्न शारीरिक क्रियाओं के समुचित संपादनार्थ - उचित पोशाक का प्रबंध करें । एक से कपड़े पहिने वहुत विद्यालयों के बालक देखने में अत्यन्त सुन्दर दिखाई देते हैं ।

(४) शारीरिक स्वस्थता के लिए स्वच्छता आवश्यक है अतएव - विद्यालय के आस पास सफाई और स्वच्छता का प्रवन्ध होना चाहिए । पढ़ाई के कमरों में उचित रोशनी वा फरनीचर का प्रवन्ध होना चाहिए ताकि वालक का विशेष रूप से थक न जांय ।

(५) विद्यालयों से प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि अब तक केवल १७ - विद्यालयों में प्रारंभिक चिकित्सा का प्रवन्ध है शेष ३० विद्यालयों में किसी प्रकार की चिकित्सा का प्रवन्ध नहीं - अतएव विभाग को चाहिए कि प्रत्येक विद्यालय - में प्रारंभिक चिकित्सा का प्रवन्ध करें विना प्रारंभिक चिकित्सा के कभी २ दुर्घटनायें विकराल रूप धारण कर लेती हैं ।

(६) विद्यालयों के प्राप्त उत्तरों से ज्ञात हुआ है केवल १५ प्रतिशत विद्यालयों में डाक्टरी जांच का प्रवन्ध है - शेष ८५ प्रतिशत विद्यालयों में डाक्टरी जांच नहीं

होती इसलिये बालक रुग्ण बने रहते हैं। विभाग के प्रत्येक विद्यालय में डाक्टरी निरीक्षक के डाक्टरों को एलाउन्स देने का प्रबन्ध करना चाहिए । ताकि वे कम से कम एक माह में आकर बालक के खून की जांच और वजन आदि ले लिया करें ताकि मास भर में बालक का कितना शारीरिक विकाश हुआ इससे पता लग जाय । केवल डाक्टरी जांच से अपेक्षित लाभ नहीं हो सकता । जब तक की प्राचार्य महोदय , डाक्टरों की सिफारिशों पर अमल कराने का प्रयास न करें । अतएव प्राचार्य महोदयों को इस ओर अपना ध्यान आकर्षित करना चाहिए । निरीक्षण के तार तम्य में शारीरिक स्वस्थ रक्षा के लिये चिकित्सकों के व्याख्यान आदि का भी आयोजन करना चाहिए ।

<u>मूल्यांकन</u>

(१) जब तक विद्यार्थियों में आयोजित कार्यक्रमों को अन्य विषयों की भांति सैद्धान्तिक परीक्षा न ली जायगी और प्राप्तांकों को अन्य विषयों की अंकों के साथ - जोड़ा न जायगा तब तक शारीरिक क्रियाओं का शिक्षण में महत्व नहीं समझा जायगा शारीरिक क्रियाओं की शिक्षण अनिवार्य विषयों की भांति करना चाहिए ।

(२) जिस प्रकार से इसकी सैद्धान्तिक परीक्षा आवश्यक है उसी प्रकार से शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों की प्रायोगिक परीक्षा आवश्यक है । कार्य क्रमों की प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन करने से बालकों में सुन्दर और उत्तम रीति से क्रियाओं के प्रदर्शन की भावना का उदय होगा और वे इसके लिए साल भर अभ्यास करेंगे ।

(३) जिस प्रकार से अनिवार्य विषय में उत्तीर्ण होना आवश्यक रहता है ठीक उसी प्रकार से यदि बालक शारीरिक शिक्षण की सैद्धान्तिक परीक्षा सफल नहीं है तो उसे सफल घोषित न किया जाय - यानी शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का - महत्व बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि इसकी सफलता और विफलता का प्रभाव समूचे परीक्षा फल पर पड़े ।

<u>कार्यक्रमों को सफल बनाने में कठिनाइयों के निवारणार्थ सुझाव</u>

(१) विद्यालयों के उपलब्ध उत्तरों से विदित हुआ है कि आम तौर से सभी विद्यालयों में क्रीड़ा सामग्री की विशेष कमी रहती है जिसके कारण बालकों की शारीरिक क्रियाओं का पूरा २ काम नहीं हो पाता अतएव विभाग को सामग्री क्रय करने ~~xxxxxxxxxxxxxxxxxx~~ के अतिरिक्त द्रव्य की व्यवस्था करनी चाहिए साथ ही प्राचार्यों द्वारा प्रस्तावित क्रीड़ा शुल्क को बढ़ा देना चाहिए और क्रीड़ा शुल्क का उपयोग एक मात्र शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों में किये जाने हेतु जोड़ देना चाहिए ।

(२) इसी प्रकार से व्यायाम शालाओं तथा अखाड़ों का व्यापक अभाव है, ऐसी कोई भी पाठशाला नहीं है जिसमें कि उचित व्यायामशाला हो-साथ विद्यालयों में व्यायाम शालायें है परन्तु वे बिल्कुल उपयुक्त नहीं हैं - उनमें हवा और रोशनी का कोई प्रबन्ध नहीं है, उनका फर्श आदि भी खराब है। सामग्री रखने के कमरे आदि भी विद्यालयों में नहीं हैं। अतएव विभाग को चाहिए कि शालाओं में सर्व प्रथम व्यायामशालाओं और जमनेशियम आदि की उत्तम व्यवस्था करें ताकि बालक अपना शारिरिक विकास कर सकें।

(३) इसी प्रकार से बालकों के खेलने के लिए क्रीड़ा स्थलों की संख्या है जो इतनी विशाल छात्र संख्या के लिए बिलकुल पर्याप्त नहीं है। अतएव विभाग को विद्यालय के आस पास पड़ी परती भूमि को राजस्व - विभाग से सम्पर्क स्थापित कर विद्यालयों के खेल के मैदान के लिए दिलवाना चाहिए था। क्रीड़ा स्थल या व्यायाम शाला विद्यालय से अधिक दूर नहीं। प्राचार्यों के द्वारा भेजे गये उत्तरों से विदित हुआ है कि ६० प्रति शत - विद्यालयों में हॉकी तथा फुटबाल के लिए सम्मिलित क्रीड़ा स्थल हैं अतएव विभाग की ओर से विशेष अनुदान मिलना चाहिए जिससे पृथक-पृथक - क्रीड़ा स्थलों की व्यवस्था की जा सके।

(४) अधिकांश विद्यालयों के प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि अभिभावक बालकों को गृह कार्य में लगाये रहते हैं और खेलने कूदने का अवसर नहीं देते अतएव अभिभावकों को अपना यह दृष्टिकोण बदलना चाहिए और बालकों को शारिरिक क्रीयाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

(५) भारत ग्रामों का देश है और उच्चतर माध्यमिक शालायें अब तक - केवल कस्बों में ही संचालित की जा रही हैं अतएव स्वाभाविक है कि - समीपवर्ती ग्रामों के बालक विद्याध्यन के लिए कस्बों के विद्यालयों में आवें ग्रामों से आये हुए विद्यार्थी पाठशाला समय में शिक्षण समाप्त करने के - बाद अपने घर जाने के लिए उत्सुक रहते हैं और खेल कूद में भाग नहीं ले पाते इसलिए विभाग व शासन को छात्रावासों की उचित व्यवस्था करनी चाहिए जिससे ग्रामीण बालक कस्बों में रहकर विद्यालय के शारीरिक कार्य क्रमों में सम्मिलित हो अपना शारीरिक विकाश कर सकें।

(६) इस सम्भाग के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक गण भी खेलों में भाग नहीं लेते क्योंकि वे सैध्यान्तिक शिक्षा प्रणाली में शिक्षित हुए हैं और शारिरिक कार्य क्रमों से वंचित रहे आये हैं इसलिए उनकी रुचि -

स्वयं शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों से नही होती है और वे बालक को भी इस - ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा स्वयं नही दे पाते । अस्तु अध्यापकों को स्वयं खेलकूद में दक्ष होना चाहिए और बालकों को उचित प्रेरणा प्रदानकरनी चाहिए ।

(७) प्राचार्यों के सुझावों से जाहिर होता है कि विभाग शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों को बढ़ाने के लिए जोर नही देते - जोर देना तो दूर सामग्री तक देने की - उचित व्यवस्था नही हो पाती अतएव विभाग को समय-समय पर शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों की अनिवार्यता पर जोर देना चाहिए और समुचित द्रव्य तथा सामग्री देने की व्यवस्था करनी चाहिए ।

शारीरिक क्रियायें और बाल विकाश

उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए १४ से १८ वर्ष तक की आयु निर्धारित की गई है - और यही बालक की किशोरावस्था का प्रारम्भ काल है - इस समय बालक के शारीरिक तथा मनोवैज्ञानिक जगत में क्रान्तिकारी परिवर्तन होते हैं इसी समय आवश्यक होता है कि बालक को उचित शारीरिकक्रियाओं का लगातार - अभ्यास कराया जाय इस अवस्था के लिए प्रमुखत: जमनास्टिक तथा एथलेटिक्स - शारीरिकक्रियाओं का अभ्यास कराया जाना अधिक समीचीन होता है । इस - क्रियाओं से :-

(१) बालकों की काम प्रवृत्ति का शोधन होता है और कड़े व्यायाम के - अभ्यास से वे अपनी अतिरिक्त शक्ति का अच्छा उपयोग करते हैं उनमें सामुहिकता की भावना का विकाश होता है । आत्म गौरव -आत्मप्रदर्शन का अवसर मिलता है इसलिए आवश्यक है कि इस उमर में शारीरिकक्रियाओं का अभ्यास करया जाय

(२) शारीरिक क्रियाओं से बालकों के चारित्रिक गुणों का विकाश होता है उनका नैतिक उत्थान होता है साथ ही उनमें सामाजिकता, सौन्दर्यानुभूति, - शारीरिककार्य क्षमता आत्मानुशासन व्यवसायों के प्रति प्रेम और अवकाश के समय का सदुपयोग करने की आदत बनती है - अस्तु विद्यालयों में इन कार्य क्रमों का आयोजन करना परमावश्यक है ।

इस प्रकार बालक के व्यक्तित्व का सन्तुलित विकाश करने के लिए इस शारीरिकक्रियाओं का आयोजन करना चाहिए ।

....

विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के शारीरिक शिक्षण केकार्यक्रमों के-
-अध्यन का

सारांश

प्रस्तावना

शिक्षा का तात्पर्य बालक का सर्वांगिण विकाश करना और विद्यालय एक ऐसा स्थल है जहां पर बालक को अपना विकाश करने का अवसर प्राप्त होता है । बालक का एक मात्र मानसिक विकाश कर देना शिक्षा का आशय नही है । शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क रहता है अतएव शिक्षण में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का समावेश करना बहुत आवश्यक है । जिससे बालक के मानसिक विकास के साथ ही - शारीरिक विकाश भी होता चले और हमारा सिद्धान्त जो शिक्षा द्वारा बालक के व्यक्तित्व का सन्तुलित विकाश करना है पूरा हो जाय ।

माध्यमिक शिक्षा आयोग ने अपने प्रतिवेदन में आधुनिक शिक्षा के दोषों की ओर इंगित किया है जिनमें से (१)शिक्षा का एकांगी तथा सैद्धान्तिक होना- (२)वर्तमान शिक्षा व्यावसायिक एवम् प्राविधिक नही है और विद्यालयों के शिक्षण में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का विशेष अभाव रहता है जिससे बालक के मांश- -पेशियों स्नायियों और सम्वेगों का समुचित विकाश नही हो पाता इससे बालक कौशल दक्षता,अध्यवसाय और परिश्रमशीलता नही सीख पाता । अतएव उच्चतर- माध्यमिक शालाओं में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम किस स्तर तक किये जाते हैं इसका अध्यन्न करने का प्रयास किया गया है ।

प्रथम अध्याय

--विषय प्रवेश --

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का अर्थ :-

यद्यपि शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का क्षेत्र बहुत व्यापक है तथापि-हमारा यहां पर विद्यालय के अन्दर होने वाली शारीरिक - क्रियाओं के अध्यन्न से तात्पर्य है । शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम का विद्यालय के पाठ्यक्रम एवम्-~~सहगामी~~ सहगामी क्रियाओं में महत्व पूर्ण स्थान है अतएव पुस्तकीय अध्ययन के अतिरिक्त बालक के सर्वांगिण विकाश के लिए शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का विशेष महत्व है । इस कार्य क्रमों को हम अधोलिखित भागों में बांट - सकते हैं -

(१) शरीर विकाश सम्बन्धी क्रिया-विभिन्न खेल कूद

(२) मांस पेशियां तथा स्नायु विकास संबंधी क्रियांए-

जमनास्टिक(व्यायाम)एथलैटिक्स(कसरत)

(३)भावना वा विचार संबंधी क्रियाएं

टीम गेम्स(सामूहिक खेल)प्रारंभिक चिकित्सा,रेडक्रास,

-स्काउटिंग और गर्ल्स गाइड आदि)

(४) मनोरंजन संबंधी क्रियायें - नृत्य तथा तैरना आदि ।

२-शोध कार्य के लक्ष्य

लक्ष्यों का स्पष्टज्ञान होना किसी भी कार्य की पूर्णता एवम् सफलता का परिचायक होता है । सोध कार्य के लक्ष्य मानव जीवन के लक्ष्य हैं और मानव जीवन के लक्ष्य शिक्षा में समस्या मूलक तत्व हैं । इन समास्याओं को सुलझाने के लिए मानव जीवन के आर्थिक,आद्योगिक,सामाजिक,शारीरिक,नैतिक तथा यांत्रिक तत्वों को समझाना होगा ।

प्रस्तुत सोध कार्य के लक्ष्यों को दो भागों में विभक्त किया गया है :-

(१) अध्ययनकाल में होने वाले शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों तथा उनके तत्वों को जानना । और

(२) कक्षा की चाहार दीवारी के बाहर होने वाले सारीरिक - शिक्षण कार्य क्रमों को पर्यवेक्षण करना ।

३.भारत में इस दिशा में हुए शोध कार्य

वर्तमान शिक्षा पद्धति उन्नीसवी सदी की देन है - उस समय में भारत वर्ष में अंग्रेजों का साम्राज्य था अतएव उन्होंने अपने आवश्यकतानुसार शिक्षा पद्धति का संगठन किया । इस समय बालक के सर्वांगिण विकास पर जोर नहीं दिया जाता था अतएव इस दिसा में काफी समय तक कोई अन्वेषण कार्य नहीं हुए । बाद में सन् १९२१ में सारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के सम्बन्ध में कार्य प्रारम्भ हुआ और श्री एच० सी० बक ने इस कार्य को प्रारम्भ किया । सर्व प्रथम मद्रास में वाई०एम०सी०ए० स्कूल स्थापना हुई और सन् १९३३ में लखनऊ में शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय की स्थापना हुई ।

४. विदेशों में हुए शोध कार्य का सिंहावलोकन

समारम्भ सर्व प्रथम यूनान में हुआ । वहां पहले वैयक्तिक खेल कूद, व्यायाम आदि होते थे बाद में सामूहिक खेल कूद होने लगे । मध्य काल में इंगलैंड के पब्लिक स्कूलों में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का समारम्भ हुआ । विंचेस्टर कालेज में १३८३ई० में इन शारीरिक क्रियाओं के लिए कुछ नियम भी निर्धारित कर दिये गये, अमेरिका में सन् १८११ में फुटवाल इक्सटर अकेडमी की स्थापना हुई ।

द्वितीय अध्याय

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का शिक्षा में महत्व

शिक्षा का अभिप्राय

पहिले शिक्षा का तात्पर्य मस्तिष्क को ज्ञान से भरना था । अब यह अभिप्राय नहीं रह गया है केवल पुस्तकीय ज्ञान मात्र से बालकों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है । शिक्षा व्यापक अर्थ लिया जाने लगा है । संकुचित अर्थ में केवल विद्यालय के चहार दिवारी के भीतर की शिक्षा मात्र मानी जाती थी - इससे बालक को जीवन की पूरी शिक्षा नहीं मिल पाती थी । शिक्षा का अर्थ लैटिन भाषा के एडूकेटम शब्द से लगाया जाता है जिसका अर्थ है अग्र मति देना अर्थात अंतर्निहित शक्तियों को बाहर की ओर विकासोन्मुख करना एडूकेशन शब्द को विभिन्न शारीरिक मानसिक एवम् नैतिक शक्तियों के विकास या प्रादुर्भाव का पर्याय माना गया है ।

शिक्षा की आवश्यकता :-

मानव जीवन के लिए शिक्षा की आवश्यकता सर्व मान्य है व्यक्ति के विकास, उसके उन्नयन, जीवन यापन की क्षमता तथा कार्य पटुता आदि के लिए शिक्षा की अनिवार्यता स्वयं सिद्ध है । शिक्षा द्वारा रचनात्मक शक्ति का - विकास होता है और मानव समाजोपयोगी बन जाता है ।

३- शिक्षा में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का समन्वय

शिक्षा का अर्थ उस समय तक पूरा नहीं होता जब तक कि बालक कुछ करना न सीख जाय । आज संसार का औद्योगीकरण हो रहा है - इस - व्यावसायिक युग के साथ साथ चलने के लिए आज अपने देश को अध्यापक और वकीलों की आवश्यकता उतनी नहीं है जितनी की कारीगरों, परिश्रम करने वालों और यांत्रिक कार्य में दक्ष लोगों की है । शिक्षा का तात्पर्य केवल बालक का मानसिक विकास करने से पूरा नहीं हो जाता बल्कि उसके साथ उसका

शारिक विकास करना भी आवश्यक है अतएव विद्यालयों में ~~सम्हिक~~ शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का आयोजन करना परमावश्यक है शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से बालक स्वथ्य, निरोग, अध्यवयी और कला कौसल में दक्ष हो जाते हैं भावी जीवन यापन के लिए उन्हें एक प्रसस्थ मार्ग मिल जाता है। इतना ही नही शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों से उनका उचित मनोरंजन भी होता है और वे विद्यालय से अनुराग करना सीख जाते हैं। अतएव शिक्षण में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का समावेश करना अनिवार्य है।

तृतीय अध्याय

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के उद्देश्य

शिक्षा स्वयं एक सोद्देश्य क्रिया है और बालक ~~का~~ स्वभाव से ही क्रिया शील होता है। इस प्रकार पाठ्य क्रमान्तर्गत शारीरिक क्रियाओं का उद्देश्य युक्त होना आवश्यक है -। शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के उद्देश्य लगभग पाठ्यक्रमों के उद्देश्यों से मिलते जुलते हैं परन्तु विशेष रूप से बालक की शारीरिक स्वस्थ्यता, कार्य क्षमता, कौशल दक्षता उच्च नैतिकता और अतिरिक्त समय का सदुपयोग करने की शिक्षा देना शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के उद्देश्य के अन्तर्गत है।

शिक्षाविद रैन शारीरिक क्रियाओं के उद्देश्यों का निराकरण करते हुए कहता है कि शारीरिक क्रियायें शिक्षालय के पश्चात अवकाश को ~~अ~~ वरदान में बदलती तथा जीवन के बोझ को आनन्द मय बनाती हैं। शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के कुछ विशिष्ट उद्देश्य अधोलिखित प्रकार से हैं --

शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण

स्वथ्य नागरिक देश की पूंजी हैं। अतएव शिक्षालयों का कर्तव्य है वे स्वथ्य नागरिकों का निर्माण करें। विद्यालयों में ~~क~~ आयोजित शारीरिक कार्य क्रमों के अभ्यास से बालक का शरीर स्वथ्य, सुडौल और सगठित बन जाता है उसमें परिश्रम शीलता और कठिन काम करने के लिए साहस आ जाता है। जब तक शरीर स्वस्थ अच्छा नहीं होगा तब तक कोई भी मतिष्क में उठा हुआ - विचार कार्य रूप में परिणित किया जा सकता इस लिए शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का अभ्यास करा कर शरीर को शक्तिशाली बनाना है जिससे - शक्तिशाली राष्ट्रनिर्माण किया जा सके।

औद्योगिक युग के लिए कार्य कुशल कारीगर

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम का अभ्यास करते करते बालक में अपने आप - कौशल दक्षता का उदय हो जाता है। और वह भावी जीवन के कोई न कोई व्यवसाय चुन लेता है - क्योंकि शारीरिक क्रियाओं से उसकी प्रतिभाओं का विकास हो जाता है इस प्रकार से कुशल कारीगर हमारे देश को समृद्धि बनाने में अच्छा योगदान करेंगे-। संसार में औद्योगिक तथा आर्थिक क्रान्ति हो रही है इसके लिए आज हमें-वकील और अध्यापकों की अपेक्षा कुशल काम करने वालों की आवश्यकता है-जिनका निर्माण विद्यालयों में - आयोजित शारीरिक कार्यक्रमों द्वारा होता है।

चरित्र और सामाजिकता का विकास

विद्यालयों में आयोजित शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के द्वारा में सहानुभूति, सहयोग, शिष्टता आत्मानुशासन तथा बंधुत्व की भावना का निर्माण होता है-इस प्रकार उसमें अच्छी-अच्छी आदतें आती हैं और वह अपना चारित्रक विकास कर लेता है। शारीरिक क्रियाओं का प्रभाव उसके संवेगात्मक जीवन पर भी पड़ता है। सामूहिक खेलों और मनोरंजक क्रियाओं द्वारा बालक में उत्तम सामाजिकता के गुणों का विकास होता है।

मांस पेशियों, स्नायुओं तथा कर्मेन्द्रियों का विकास

शारीरिक क्रियाओं का सतत् अभ्यास करने से मांसपेशियों का विकास हो जाता है और उसके साथ साथ स्नायुओं का भी विकास हो जाता है। हर शारीरिक क्रिया का संबंध किसी न किसी कर्मेन्द्रिय से रहता है अतएव इनके अभ्यास से कर्मेन्द्रियाँ विकसित हो जाती हैं और बालक के मस्तिष्क तथा हाथ का सीधा संबंध स्थापित हो जाता है - जिससे उसके मस्तिष्क में जो विचार उठे उनको हाथ या कर्मेन्द्रियां रचनात्मक रूप दे देता है मांस पेशियों के विकास से बालक की कार्य क्षमता बढ़ जाती है। अभ्यास के लिए - शारीरिक क्रियाओं का चुनाव करते करते - बालक अपनी कौशल दक्षता के आधार पर जीवन यापन के लिए किसी न किसी उद्योग का चुनाव कर लेता है इस प्रकार से देश की आर्थिक उन्नति में बालक सहायक सिद्ध होता है। कर्मेन्द्रियों के विकास के आधार पर ही माण्टेसरी आदि कई शिक्षा प्रणालियां प्रचलित की गई - और पूर्ण सफलता मिल रही है।

स्वास्थ्य मनोरंजन तथा अवकाश के समय का सदुपयोग

बालक अक्सर अपने अवकाश काल में गन्दी आदतें सीखते हैं और आमोद-प्रमोद के गलत तरीकों को काम में लाते हैं। जिससे उनका नैतिक पतन हो जाता है। परन्तु -

शारीरिक क्रियाओं के अन्तर्गत बहुत सी ऐसी क्रियायें हैं जैसे नृत्य,तैरना आदि इससे बालक अपनी मानसिक थकान शीघ्र दूर कर लेता है और उसका उचित मनोरंजन भी हो जाता है। विद्यालय के पश्चात अवकाश काल को वह शारीरिक क्रियाओं के - अभ्यास में बिताता है इसलिए अपने कौशल का विकाश करता हुआ औद्योगिक क्षमता युक्त हो जाता है और अवकाश के समय को उद्योगों में बिताने लगता है-इस तरह अवकाशकाल का सदुपयोग करना सीख जाता है। इन्ही विशिष्ट उद्देश्यों को लेकर शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का आयोजन विद्यालयों में करना चाहिए।

--------------000------------------

चतुर्थ अध्याय

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम एवम् बाल विकाश

बाल विकास विषयक खोजों में सबसे अधिक प्रोत्साहक एवम् सहायक खोज यह नवीन धारणा है कि बालक केवल आकार में ही नही बढ़ता अपितु उसका सर्वांगीण विकास होता है। पहिलेसोचा जाता था कि बालक का मानसिक व सम्वेगात्मक विकास उतना ही रहता है जितना कि वह जन्म के समय अपने साथ लेकर आता है। केवल समय के साथ उसके शरीर का आकार बढ़ता जाता है परन्तु ऐसी बात नही है बालक का शरीर तो बढ़ता ही है साथ ही साथ उसका मानसिक तथा संवेगात्मक विकास भी होता रहता है। अस्तु शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से बालक के शारीरिक विकास के साथ - साथ - मानसिक - वा सम्वेगात्मक व जगत में भी विकास होता रहता है। सर्व प्रथम हम अध्यन करेंगे कि-शारीरिकक्रियाओं से - इन्द्रियों का विकास किस प्रकार होता है।

ऐन्द्रिक विकास एवम् शारीरिक कार्य क्रम

प्रत्येक शारीरिक क्रिया का किसी न किसी कर्मेन्द्रिय से संबंध रहता है - अतएव सम्बन्धी क्रिया का अभ्यास करते करते वह इन्द्रिय अपने काम में दक्ष हो जाती है और उसकी यह दक्षता -- कालान्तर में औद्योगिक दक्षता का रूप धारण कर लेती है और बालक अपने जीवन यापन का उत्तम तरीका निकाल कर देश की - आर्थिक उत्थान में योग देता है। शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से बालक थकावट पर विजय पाना और दूसरे काम के लिए शक्ति प्राप्त कर लेता है। शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से रक्त की लाल टिकियां बढ़ती है और हीमोग्लोबिन

की वृद्धि होती है जो रक्त के साथ प्राण वायु को अन्य शारीरिक अंगों तक अधिक मात्रा में पहुंचती है - इस प्रकार से शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से इन्द्रियां - विकसित होती हैं।

स्नायु तथा मांस पेशियों का विकास

उच्चतर माध्यमिक शिक्षा तक पहुंचते पहुंचते बालकों की - किशोरावस्था प्रारम्भ हो जाती है। इस अवस्था के बालकों को परिश्रम साध्य शारीरिक - क्रियाओं का अभ्यास कराना चाहिए। इसके उपयुक्त होते हैं जमनास्टिक(व्यायाम) तथा एथलेटिक्स (कसरत) इनके अभ्यास से बालकों के मांस पेशियों का विकास होता है और उनकी कार्य क्षमता बढ़ती है। मांस पेशियों के विकास साथ साथ-स्नायुओं का भी विकास होता है और जब मांस पेशियों तथा स्नायुओं का विकास हो जाता है तो अभ्यास करते रहने पर मांसपेशियों और स्नायुओं में आपस में सहकारिता की शक्ति उत्पन्न हो जाती है इस प्रकार सभी इन्द्रियां विचारों की अनुगामिनी बन जाती हैं। और बालक जिस कार्य के करने को सोचता है उसको तुरन्त रचनात्मक रूप दे देता है। मांस पेशियों के विकास से बालक की कार्य क्षमता में भी वृद्धि होती है वह अधिक देर तक काम करने योग्य बन जाता है। बालक की कौशल दक्षता की अवस्था ५ से २० वर्ष तक की बतलाई गई है और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए आयु १४ से १८ वर्ष तक की बतलाई गई - अतएव यही अवस्था है जिसमें बालक की मांश पेशियों का स्नायु विकास कर उसमें कौशल दक्षता की योग्यता ला दी जाय।

विचार विकास एवम् शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम

शारीरिक क्रियाओं से अभ्यास से बालकों के विचार - विकसित हो जाते हैं जिससे वे कठिन परिस्थितियों में भी सोच विचार कर काम करने योग्य बन जाते हैं। यह विचार शक्ति केवल शारीरिक कौशल की दक्षता में ही सहायक नहीं होती अपितु लिखे हुए तत्वों की उपयुक्तता वा वैज्ञानिक तत्वों को तार्किक ढंग से विचार कर उनका निष्कर्ष निकालने में सहायक होती है। व्यक्ति कठपुतली मात्र नहीं है कि जिसके कार्य पर पड़े प्रतिविम्ब का संचय मात्र हो वल्कि विवेक युक्त विचार का सम्बन्ध उन पूर्व वैचारिक अनुभवों पर आधारित है कि जिनमें बाद तक प्रभाव छोड़ जाने की क्षमता हो। इस प्रकार का विचार विकास एक - मात्र शारीरिक क्रियाओं से ही सम्भव सकता है।

सम्वेगात्मक विकास एवम् शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम

जब तक बालक का सम्वेगात्मक विकास नहीं होता तब तक उपरोक्त तीनों

विकास निरर्थक रहते हैं। किशोरावस्था में बालक संवेगों से युक्त रहता है इसलिए आवश्यक है कि उसके संवेगों का शारीरिक क्रियाओं द्वारा विकास किया जाय कोई भी क्रिया जो आदमी करता है उसके संचालक संवेग ही होते हैं। ये संवेग ही हैं जो सैनिकों को देश के लिए मर मिटने में उतारू कर देते हैं -। यदि उनको देश भक्ति की भावना से प्रेषित न किया जाय तो वे शारीरिक शक्ति रखते हुए देश पर मर मिटने के लिए तैयार न हों। अस्तु शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से संवेग -लोकोपकारी कार्यों को करने के लिए प्रेरणा देते हैं - तथा विध्वन्सात्मक कार्यों को करने से रोकते हैं।

-------------000---------------

पंचम अध्याय

विन्ध्य संभागीय शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का विश्लेषण

विन्ध्य परिचय

विन्ध्य-प्रदेश निर्माण सन् १९४८ में बघेलखण्ड तथा बुन्देलखण्ड की २५ देशी रियासतों के विलीनी करण के फलस्वरूप हुआ। इसका क्षेत्रफल - २३६०३ वर्गमील है और इसकी आबादी ४२५३३७४ है। इसमें आठ जिले थे विन्ध्य संभाग में १०५ उच्चतर माध्यमिक शालायें हैं और जिनमें २५१०८ विद्यार्थी शिक्षा पा रहे हैं अब यह संभाग मध्य-प्रदेश का एक प्रमुख भाग है यह भारत का पिछड़ा हुआ प्रदेश माना जाता है। किन्तु पंचवर्षीय योजनाओं के द्वारा इसकी प्रगति हो रही है। शिक्षा क्षेत्र भी उल्लेखनीय प्रगति हो रही है किन्तु यह - संस्थात्मक है गुणात्मक नहीं। अत: इस संभाग के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक शालओं में आयोजित किये जाने वाले शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का - विश्लेषण करने की चेष्टा की गई है। इन क्रियाओं को नौ भागों में बाटा गया है।

१-सामूहिक खेल (आंतरिक तथा बहिर्द्वार)

२-कसरत (एथलेटिक्स)

३-जमनास्टिक (व्यायाम)

४-नृत्य

५-तैरना

६-बाह्य क्रियायें

७-विविध कार्य क्रम ८-सभात्मक कार्य क्रम ९-समारोह तथा प्रतियोगितायें

(१) सामूहिक खेल

शिक्षा में खेल कूद महत्त्व सर्व मान्य है और शारीरिक विकास के लिए खेल-कूद अत्यावश्यक है। विन्ध्य संभाग में उनका संगठन अभी पूर्ण रूपेण नही किया जा सकता ४७ विद्यालयों के प्राप्त उत्तरों से विदित हुआ है कि उन शालाओं में १५२८६ विद्यार्थी विद्याध्ययन करते हैं जिनमें खेलने के लिए २७८ क्रीड़ा स्थल हैं। ऋ: विद्यालयों में बिलकुल क्रीड़ा स्थल नही हैं। इसलिए ७१.२० प्रतिशत छात्र क्रीड़ास्थलों के अभाव के कारण खेलों से वंचित रह जाते हैं। विद्यालयों में फुटवाल बाली बाल तथा हाकी के लिए सम्मिलित मैदान है। बालिका विद्यलयों में कबड्डी और खो-खो को छोड़ कर अन्य किसी सामूहिक खेल खेलने की व्यवस्था नही है। विद्यालयों में आंतरिक खेलों में कैरम, लूडो, सांप और सीढ़ी, पिंगपांग और शतरंज आदि खेले जाते हैं। बाह्य खेलों में फुटवाल, वालीबाल, हाकी, बैडमिन्टन, कबड्डी और खो-खो खेले जाते हैं। इन्ही खेलों मात्र से बालक का सम्पूर्ण शारीरिक विकास नही हो पाता फिर भी इन खेलों से २८.८० प्रति शत बालक लाभान्वित होते हैं।

(२) एथैलेटिक्स (कसरत) जमनास्टिक (व्यायाम)

किशोरावस्था के लिए कसरत और व्यायाम अत्यावश्यक है। परन्तु इस संभाग के अन्तर्गत कतिपय विद्यालय में ये शारीरिक क्रियायें आयोजित की जाती हैं। जिसमें कुल छात्र संख्या के १०.६ प्रतिशत बालक भाग लेते हैं शेष ८६.४ प्रति शत बालक इस शारीरिक क्रिया के लाभ से वंचित रह जाते हैं। १० व्यायाम शालायें ११ अखाड़े हैं जो इतनी - विशाल छात्र संख्या के लिए बिलकुल अपर्याप्त है-। व्यायाम शालाओं और अखाड़ों की दशा दयनीय है उनमें रोशनी, हवा और स्वच्छता का प्रबंध नही रहता है, सामग्री तथा पोशाक रखने व बदलने के ---४ कमरे हैं किसी बालिका विद्यालय में कसरत और व्यायाम के लिए कोई प्रबन्ध नही है - बालिकायें इस कार्य क्रमों में रूचि लेती हैं परन्तु व्यायाम सम्बन्ध शालाओं के अभाव में वे अपना विकास नही कर पाती हैं सामग्री की व्यापक कमी है। निर्देशकों का विशेष अभाव है। कसरत की क्रियाओं के अन्तर्गत दौड़ना, कूदना फेंकना, और बजन उठाने आदि की क्रियाए की जाती हैं। और व्यायाम के अन्तर्गत पैरललवार, हारीजेष्टलवार और कुश्ती लड़ना आदि की क्रियायें की जाती हैं। समय विभाजक चक्र में समय नही दिया जाता।

नृत्य

शारीरिक चंचलता और मांसपेशियों के विकास वा स्फूर्ति के लिए नृत्य की - विशेष आवश्यकता है। परन्तु इस संभाग के अन्तर्गत एक भी बालक शालाओं में नृत्यों

का आयोजन नही किया जाता है - जिसमें से प्रमुख नृत्य श्रृंगारिक वा बाध्ययंत्रों के साथ रंग मंच पर नाचे जाने वाले नृत्य हैं। शास्त्रीय व उत्तम कोटि के नृत्यों का कोई आयोजन नही किया जाता। नृत्यशालाओं की संख्या ४ है और नृत्य में भाग लेने वाले छात्राओं की संख्या २६७ है जिसके लिए ४ नृत्य शालायें बिलकुल अपर्याप्त हैं। एक भी सुसज्जित नृत्य शाला इस संभाग के अन्दर नही है। नृत्य सामग्री का व्यापक आभाव है - निर्देषक तथा निर्देशिकाओं की भी कमी है।

तैरना

इस शारीरिक क्रिया में भागलेने वाले छात्रों की संख्या १६५ है जो कुल छात्र संख्या का १.४ प्रतिशत है। परन्तु एक भी विद्यालय में तैरने के लिए पोखरा तथा तालाब नही हैं। फिर भी तैरने वाले बालकों कीसंख्या दर्शायी जा रही है इससे स्पष्ट है कि अपने सामाजिक जीवन में रहकर तैरना सीखता होता और - उसका अभ्यास करता होगा - निर्देषकों का व्यापक अभाव है। समय विभागचक्र में समय नही दिया जाता।

बाह्य क्रियायें

विद्यालय में बाह्य क्रियाओं का आयोजन किया जाता है जिसमें २.०१ छात्र सम्मिलित होते हैं जो कुल छात्र संख्या का १.७२ प्रतिशत मात्र है। बाह्य क्रियाओं में शिविर लगाना,साइकिल चलाना,और यात्रायें की जाती हैं विशेष धना भाव के कारण ये क्रियायें सफलता पूर्वक नही सम्पन्न की जाया करती विद्यार्थी रूचि तो लेते हैं परन्तु फिर भी उचित व्यवस्था के अभाव में इस दिशा में अपना विकाश नही कर पाते।

विविध शारीरिक कार्य क्रम

इन कार्य क्रमों के अन्तर्गत सैनिक शिक्षा (एन०सी०सी०)पी०टी०ड्रिल, स्काउटिंग तथा गर्ल्सगाइड आदि की क्रियायें सम्मिलित हैं। सैनिक शिक्षा का आयोजन १२ विद्यालयों में किया जाता है तथा २.२५ छात्र इसमें भाग लेते हैं। निर्देशक और सामग्री भी पर्याप्त है। पी०टी०में ५.२ प्रतिशत बालक भाग लेते हैं स्काउटिंग ६८ प बालक भाग लेते है इस प्रकार कुल मिला कर इन क्रियाओं में ३४.५ बालक भाग लेते हैं जो सामूभी छात्र संख्या का १.८२ प्रतिशत भाग है। बालकों के पोशाक की उचित व्यवस्था नही है। निर्देषकों का भी अभाव है। बालिकाओं शालाओं में भी सैनिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है।

सामाजिक कार्य क्रम

इन क्रियाओं के अन्तर्गत विद्यालयों में प्रारम्भिक चिकित्सा

रेडक्रास सोसायटी तथा श्रमदान आमतौर से विद्यालयों में आयोजित किये जाते हैं जिनमें कुल २५० छात्र भाग लेते हैं जो छात्र संख्या का १.६८ प्रतिशत मात्र है। प्रभाव रूप से श्रमदान में ही बालक भाग लेते हैं --- प्रारम्भिक चिकित्सा शालाओं में है।

समारोह तथा प्रतियोगितायें

इस संभाग की उच्चतर माध्यमिक शालाओं में - समारोहों के अन्तर्गत प्रतियोगितायें रैली तथा पर्वों का आयोजन किया जाता है। वार्षिक खेल कूद समारोह आमतौर से सभी विद्यालयों में मनाया जाता है। इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या   है जो कुल छात्र संख्या   प्रतिशत है। प्रतियोगिताओं के आधार पर पुरस्कार आदि का भी आयोजन किया जाता है परन्तु धनाभाव के कारण ये अधिक अच्छी प्रकार नहीं मनाये जाते। धनागमन का एक मात्र जरिया - क्रीड़ा शुल्क है। -

क्रीड़ा शुल्क

सभी उच्चतर माध्यमिक शालाओं की कक्षा -

कक्षा	प्रतिछात्र	मासिक
९	२५नये पैसे	४
१०	२५नये पैसे	४
११	२५नये पैसे	४

२५ नये पैसे प्रति छात्र प्रति मास की दर से फीस वसूल की जाती है। इसी धन से क्रीड़ा सामग्री खरीदी जाती है - उसकी मरम्मत आदि करायी जाती टूर्नामेन्ट समारोह आदि का आयोजन इसी धन से किया जाता है। इस प्रकार इतने समारोहों को मनाने और क्रीड़ा सामग्री क्रय करने के लिए क्रीड़ा शुल्क का धन पर्याप्त नहीं होता अतएव ७५ प्रतिशत प्राचार्यों ने प्रस्तावित क्रीड़ा शुल्क को २५ नये पैसे के स्थान में ५० नये पैसे कर देने के लिए सलाह दी-जो उचित भी है

शारीरिक क्रियाओं में भाग न ले सकने की कठिनाइयां

कतिपय कठिनाइयों के कारण बालक शारीरिक क्रियाओं में भाग नहीं ले पाते उनमें मुख्य है, सामग्री की कमी, क्रीड़ा स्थलों का अभाव, आवश्यकता से अधिक गृह कार्य, अभिभावकों के रूचि की कमी, विभाग दवाव की कमी और दूर दूर से पढ़ने आने के कारण बालक इन शारीरिक क्रियाओं में भाग नहीं ले पाते।

-----------000-----------

षष्टम अध्याय

अध्ययन का निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध कार्य के अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि सैद्धान्तिक कार्य मात्र से बालक का उचित विकास अपेक्षित नहीं है उसके लिए विद्यालयों में - शारीरिक शिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना परमावश्यक है । विविध शारीरिक क्रियाओं का - निष्कर्ष निम्नलिखित शीर्षकों में वर्णित है ।

१- सामूहिक खेल

विन्ध्य संभागीय ६५ प्रतिसत उच्चतर माध्यमिक शालाओंमें सामूहिक खेलों का आयोजन किया जाता है । किसी भी बालकों के विद्यालय में - फुटबाल वालीवाल और हाकी का खेल नहीं खेला जाता । बालिकाएं सामूहिक खेलों में कबड्डी और खो-खो के अलावा किसी भी खेल में भाग नहीं लेती - । बाल की भी संख्या का २८-८० प्रतिसत् ही भाग लेता है । बालिकाएं अधिक तर इण्डोर गेम्स में भाग लेती हैं । जिनमें कैरम पिंगपांग स्नैक लैडर आदि आते हैं ।

२- कसरत तथा व्यायाम

४७ विद्यालयों में से केवल १५ विद्यालयों में कसरत तथा व्यायाम का आयोजन किया जाता है । इन क्रियाओं से १०-६ प्रतिसत् बालक भाग लेते हैं । किसी भी बालिका विद्यालय में इनका आयोजन नहीं किया जाता । और न बालिकायें इन क्रियाओं में भाग ले पाती - । व्यायामशालाओं और अखाड़ों का अभाव है । निर्देशक की कमी के कारण ये क्रियाएं सफलता पूर्वक नहीं आयोजित की जा सकती । समय विभाजक चक्र में इनसे कोई समय निर्धारित नहीं है । इन कार्यक्रमों को सम्पन्न करने हेतु सामग्री - का व्यापक अभाव है ।

नृत्य

कन्या शालाओं में जिस प्रकार से कसरत या व्यायाम आदि का आयोजन नहीं किया जाता ठीक उसी पकार से बालकों की शालाओं में - नृत्यों - आयोजन नहीं किया जाता । केवल बालिकायें इन क्रियाओं में भाग लेती हैं । जिनका प्रतिसत् १-६५ है । नृत्य शालाओं में सामग्री और निर्देशकों का व्यापक अभाव है ।

५-

तैरने की क्रियाएँ

इस विभाग के अंतर्गत किसी भी शाला में तैरने की क्रियाओं का आयोजन नहीं किया जाता - बालक अपने सामाजिक०००००० में तैरना सीखता है। इसलिए इसमें सम्मिलित होने वाले छात्रों का प्रतिशत १-४ है। जो अत्यन्त कम है। एक भी विद्यालय में पोखरा या तैरने के लिए तालाब नहीं है।

६- ## वाह्य क्रियाएँ

इस क्रियाओं में बालकों की संख्या का १-७३ प्रतिशत भाग लेता है और कतिपय विद्यालयों में नाम मात्र के लिए इन क्रियाओं का आयोजन किया जाता है अभिभावक इन क्रियाओं में अपने बालकों को भाग लेने से रोकते हैं। विद्यालयों में धना भाव के कारण ये क्रिया आयोजित नहीं की जा सकती।

७- ## विविध कार्यक्रम

इन कार्यक्रमों १-५० प्रतिशत भाग लेते हैं। इनमें बालिकायें भी शामिल होती हैं। - इन क्रियाओं में सैनिक शिक्षा का भी अच्छा आयोजन किया जाता है। यद्यपि सैनिक शिक्षा है बहुत कम विद्यालयों में। बाकी पी टी एवम् ड्रिल का सामूहिक प्रशिक्षण किया जाता है। समय विभाग चक्र के अंतर्गत अंतिम घण्टे में इसका आयोजन किया जाता है। निर्देशकों के अभाव में बालक इस घण्टे में घर चले जाते हैं। अतएव इससे कम बालक लाभान्वित हो पाते हैं।

८- ## सामाजिक क्रियायें

बहुत कम विद्यालयों में आयोजित की जाती है - केवल श्रमदान मात्र विद्यालयों में आयोजित किया जाता है इस प्रकार इन क्रियाओं में १-६८ प्रतिशत बालक भाग ले पाते हैं। शेष वंचित रह जाते हैं।

९- ## समारोह तथा प्रतियोगितायें

इन क्रियाओं में कुल बालकों की संख्या का २-५० प्रतिशत लाभान्वित होते हैं। यद्यपि बालक इन क्रियाओं से सम्पन्न आने में सम्मिल हैं तथापि धना भाव के कारण विद्यालय आयोजित नहीं करवा पाते।

आय के श्रोत

आय के श्रोतों में केवल क्रीडा शुल्क है वह भी -२५ नये पैसे प्रति

...क ...ति मास वसूल की जाती है जो सर्वथा अपर्याप्त है । विद्यालयों से प्राप्त उत्त-

से ... हुआ है कि यह शुल्क बढा कर ५० नये पैसे प्रति बालक की दी जाय । ... द्वारा अनुदान किसी भी विद्यालय को नहीं दिया जाता । इसी शुल्क से क्रीडा सामग्री क्रय की जाती - ।

सप्तम अध्याय

शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों की समायोजना हेतु निर्देश

शोध अध्ययन के उत्तरों से विदित हुआ है इस संभाग के उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों के समुचित - संगठन नहीं किया जाता । जिससे बालक अंगों के आद्योगिक के लिए उपयुक्त - ... नहीं होते - अतएव इनकी समायोजना हेतु अधोलिखित सुझाव प्रस्तुत किये जा रहे हैं ।

मार्ग दर्शन

१- बालकों के मार्ग दर्शन की उचित व्यवस्था न होने के कारण - बालक इन क्रियाओं से लाभान्वित नहीं हो पाते कुछ शारीरिक क्रियायें हैं जिनके लिए व्यक्तिगत रूप से मार्ग दर्शन की आवश्यकता है अतएव विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या बढाई जाय ।

२- जमनास्टिक तथा एथेले टिक्स के शारीरिक क्रियाओं के लिए - वैयक्तिक मार्ग दर्श की आवश्यकता है ।

३- समय २ पर विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण विशेषज्ञों के व्याख्यानों तथा प्रदर्शनों का आयोजन किया जाय । ताकि बालक अपना मार्ग प्रदर्शित कर सकें ।

४- पाठ्यक्रमान्तर्गत अन्य विषयों के शिक्षण की भाँति इसका भी सैद्धान्तिक शिक्षण किया जाय । तथा समय विभाजक चक्र में इनको समय दिया जाय ।

५- अध्यापकों को नवीन तम क्रियाओं के सीखने के लिए रिफरेसर शैम के लिए भेजा जाय ।

६- विद्यालयों में शारीरिक शिक्षण कार्य क्रम के व्यापिक उपयुक्त साहित्य दिया जाय ।

स्वास्थ शिक्षण

१- कार्य के बाद बालकों के लिए मध्यान्ह में नास्ते का आयोजन किया जाय । या बालकों के नास्ते का प्रबन्ध विभाग की ओर किया जाय - परन्तु यदि यह संभव हो प्राचार्य इसका आयोजन बालकों से चन्दा लेकर करावे जैसा कि कुछ प्राचार्यों ने सुझाव दिया है ।

२- जिस प्रकार नास्ता आवश्यक है ठीक उसी प्रकार काम के बाद अवकाश का - समय दिया जाय ताकि बालक अपनी खोई हुई शक्ति वापस पा सके ।

३- बालकों के पोषाक की व्यवस्था की जाय यह अभिभावकों की जिम्मेदारी - होगी कि वे अपने बालकों को निर्धारित पोषाक बनवायें ।

४- विद्यालयों के आस पास सफाई और स्वच्छता का प्रबन्ध होना चाहिए और कक्षा कमरे तथा खेल के मैदानों में उचित रोशनी और हवा का प्रबन्ध होना चाहिए

५- विद्यालयों में प्रारंभिक चिकित्सा की आवश्यकता होनी चाहिए विभाग को प्रत्येक विद्यालयों में प्रारंभिक चिकित्सा का प्रबन्ध करना चाहिए ।

६- विद्यालयों में मासिक डाक्टरी निरीक्षक होनी चाहिए तथा उनके बतलाए हुए बातों पर बालकों को अमय कराना चाहिए । डाक्टरी जाँच का रिकार्ड रखा जाय ।

मूल्यांकन

१- शारीरिक शिक्षण की सैद्धान्तिक परीक्षा ली जाना चाहिए और अन्य विषयों के अंकों के साथ इसके भी प्राप्तांकों को जोड़ देना चाहिए । तथा अनिवार्य विषयों की भांति इसमें भी उत्तीर्ण होना आवश्यक होना चाहिए ।

२- जिस प्रकार से इसकी सैद्धान्तिक परीक्षा आवश्यक है उसी प्रकार से प्रयोगात्मक परीक्षा ली जानी चाहिए । और इसके प्राप्तांकों का बालक सफलता तथा - विफलता में प्रभाव पड़ना चाहिए ।

६- शारीरिक क्रियाएँ और बाल विकाश

१- उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए १४ से १८ वर्ष तक की आयु निर्धारित की गई है। यह किशोरावस्था का प्रथम काल है। इस समय बालक में क्रान्तिकारी मनोवैज्ञानिक परिवर्तन होते हैं। इस अवस्था में बालक को परिश्रम साधन शारीरिक क्रियाओं का अभ्यास कराना चाहिए इसके लिए जमनैस्टिक तथा एथलैटिक्स कार्य क्रमों की आयोजन समाधान होगा।

२ परिश्रम साधन शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से बालकों की आन्तरिक शक्ति का सदुपयोग होता है और उनकी स्वमुक्ता की भावना का उचित साधन होता है। अस्तु इन कसरतों तथा व्यायामों अभ्यास बालक तथा बालिकाओं के लिए समान रूप से कराना चाहिए। शारीरिक - क्रियाओं के अभ्यास से बालकों में आत्मगौरव तथा आत्म सम्भाव की भावना का विकास होता है।

३- शारीरिक क्रियाओं के अभ्यास से बालकों के - चारीत्रिक - गुणों का विकास होता है। उनमें सामाजिकता की भावना सौन्दर्यानुभूति शारीरिक कार्य क्षमता आत्म कुशल की आदत बनाती है।

अतएव बालक के व्यक्तित्व का संतुलित विकाश करने के लिए - शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों का आयोजन विद्यालयों में अवश्य करना चाहिए।

शारीरिक क्रियाओं में भाग न ले सकने के कारण :-

इन कारणों में मुख्य रूप से अभिभावकों के अभिरुचि की कमी है। कतिपय शालाओं के अध्यापक भी केवल सैद्धान्तिक शिक्षण पर ही जोर देते हैं तथा शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों पर परदा डाल देते हैं। विद्यालय में दूर ग्रामों से पढ़ने आने के कारण भी बालक उन कार्य क्रमों में भाग नही ले पाते। सामग्री, क्रीड़ास्थलों, व्यायामशालाओं और निर्देशकों का व्यापक अभाव रहता है। बालक गृह कार्य में संलग्न रहने के कारण भी शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों में भाग नहीं ले पाते।

प्रमुखतः विभाग शारीरिक कार्य क्रमों को बढ़ाने पर जोर नहीं देता इसलिए विद्यालयों में इनका व्यापक अभाव दृष्टि गोचर होता है। इस प्रकार से उच्चतर माध्यमिक शालाओं में आयोजित शारीरिकक्रियाओं का विश्लेषण है। इसके अतिरिक्त विद्यालयों के प्राचार्यों ने विद्यालयों में खेलने के लिए भारतीय खेलों के लिए सुझाव दिए हैं। भारतीय खेल भारतीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं के लिए उपयुक्त हैं इसलिए कि भारत एक गरीब देश है और भारतीय खेलों में धन की आवश्यकता नही है।

५ विद्यालय के प्राचार्यों ने शारीरिक क्रियाओं के अन्तरगत योग-आसन आदि का आयोजन करने के लिए सुझाव दिये हैं।

कुछ भी हो अभी उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शारीरिक क्रियाओं के आयोजन पर पूर्ण रूपेण जोर नहीं दिया जाता इसीलिए इसमें भाग लेने वाले छात्रों की संख्या अत्यन्त कम है। प्राचार्यों की सम्मति है कि बालक का सर्वांगीण विकास-एक मात्र- शारीरिक शिक्षण कार्य क्रमों से ही है अस्तु विद्यालयों में इसका आयोजन होना अत्यावश्यक है।

.ः----०००००ः.

परिशिष्ट ----अ

विन्ध्य संभागीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं की सूची

जिला रीवां

१.	उच्चतर माध्यमिक शाला	रीवां
२.	,, ,, ,,	रीवां
३.	,, ,, ,,	गोविन्दगढ़
४.	,, ,, ,,	गुढ़
५.	,, ,, ,,	सिरमौर
६.	,, ,, ,,	डभौरा
७.	,, ,, ,,	सेमरिया
८.	,, ,, ,,	त्योंथर
९.	,, ,, ,,	हनुमना
१०.	,, ,, ,,	मऊगंज
११.	,, ,, ,,	मनगवां
१२.	,, ,, ,,	गढ़
१३.	,, ,, ,,	नईगढ़ी
१४.	,, ,, ,,	गौरी

जिला सतना

१५.	,, ,, ,,	सतना
१६.	,, ,, ,,	नागौद
१७.	,, ,, ,,	अमरपाटन
१८.	,, ,, ,,	मैहर
१९.	,, ,, ,,	उचेहरा
२०.	,, ,, ,,	रामपुर बघेलान
२१.	,, ,, ,,	कोठी
२२.	,, ,, ,,	बिरसिंह पुर
२३.	,, ,, ,,	रामनगर
२४.	,, ,, ,,	जैतवारा

जिला सीधी

२५. उच्चतर माध्यमिक शाला सीधी
२६. ,, ,, चुरहट
२७. ,, ,, बैढ़न
२८. ,, ,, सिहावल
२९. ,, ,, देवसर
३०. ,, ,, [illegible]बार
३१. ,, ,, मझौली

जिला शहडोल

३२. उच्चतर माध्यमिक शाला शहडोल
३३. ,, ,, ब्योहारी
३४. ,, ,, उमरिया
३५. ,, ,, चंदिया
३६. ,, ,, बुढ़ार
३७. ,, ,, ककौरा
३८. ,, ,, अनूपपुर
३९. ,, ,, कोतमा
४०. ,, ,, जैतहरी
४१. ,, ,, बुढ़वा
४२. ,, ,, बरौंधा

जिला पन्ना

४३. उच्चतर माध्यमिक शाला पन्ना
४४. ,, ,, अजयगढ़
४५. ,, ,, देवेन्द्रनगर
४६. ,, ,, पवई
४७. ,, ,, शाहनगर
४८. ,, ,, मोहिन्द्रा
४९. ,, ,, सिमरिया

जिला छतरपुर

५०.	उच्चतर	माध्यमिक	शाला	छतरपुर
५१.	,,	,,	,,	बिजावर
५२.	,,	,,	,,	लौंड़ी
५३.	,,	,,	,,	राजनगर
५४.	,,	,,	,,	बक्सवाहा
५५.	,,	,,	,,	गौरिहार
५६.	,,	,,	,,	चंदला
५७.	,,	,,	,,	सटई
५८.	,,	,,	,,	नौगांव
५९.	,,	,,	,,	महाराजपुर
६०.	,,	,,	,,	हरपालपुर

जिला टीकमगढ़

६१.	उच्चतरमाध्यमिक		शाला	टीकमगढ़
६२.	,,	,,	,,	जतारा
६३.	,,	,,	,,	निवाड़ी
६४.	,,	,,	,,	लिधौरा
६५.	,,	,,	,,	खरगापुर
६६.	,,	,,	,,	पलेरा
६७.	,,	,,	,,	दिगौरा
६८.	,,	,,	,,	पृथ्वीपुर

विन्ध्य सम्भागिय कन्या उच्चतर माध्यमिक शालायें

६९.	कन्या	उच्चतर	माध्यमिक	शाला	रीवां
७०.		,,	,,	,,	सतना
७१.		,,	,,	,,	मैहर
७२.		,,	,,	,,	सीधी
७३.		,,	,,	,,	शहडोल
७४.		,,	,,	,,	उमरिया
७५.		,,	,,	,,	पन्ना
७६.		,,	,,	,,	छतरपुर

जिला शहडोल

उच्चतर माध्यमिक शाला			मानपुर
१००.	,,	,,	बिजुरी
१०१.	,,	,,	जैसिंह नगर
१०२.	,,	,,	सिंहपुर
१०३.	,,	,,	वैंकट नगर
१०४.	,,	,,	अमरपुर
१०५.	,,	,,	जैतपुर
१०६.	,,	,,	

क्रमांक	विद्यालय	छात्र संख्या
जिला जबलपुर		७००
३५. कन्या माध्यमिक शाला जबलपुर		२२५
३६. ,,	,, सिहावर	२२७
३७. ,,	,, मऊरानीपुर	१७५
३८. ,,	,, बलदुगा	
जिला टीकमगढ़		५७५
३९. कन्या माध्यमिक शाला टीकमगढ़		१६५
४०. ,,	,, जतारा	१६७
४१. ,,	,, पलेरा	
विन्ध्य प्रदेश कन्या उच्चतर माध्यमिक शालायें		५२७
४२. कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला रीवा		
४३. ,,	,, सतना	३०५
४४. ,,	,, मैहर	२०३
४५. ,,	,, शहडोल	३०५
४६. ,,	,, छतरपुर	३०२
४७. ,,	,, टीकमगढ़	३०७

बुक-पोस्ट

श्रीमान्

Bibliography

1- The Principals of Physical Education - Professor, Jerse Feiring Williams, M.D.Sc. D. Physical Education Colum-bia University.

2- Teaching Method For Physi-cal Education - Professor- Clyde Knapp Physical Education, xxxxxx Illinois University.

3_ Athletics For Schools - Geoggrey H.G.Dyson and Joseph Edmundson.

4- Physical Activities For Boys' Schools - F.J.C. Marshall, M.C.

5- Sports their organization And Administration - Jesse Feiring William M.D.Sc. D. and William Leonard Hughes, Ph.D.

6- Physical Education - The National Association of Organisers of Physical Education 1945.

7- Health, Physical Education And Recreation - Jay B. Nash, Ph. D. (1953-1954)

8- Education in India - Dr. S.N. Mukarjee.

9- Psychology and Education - Dr. S.P. Chaube

10 - Educational Phychology - Shri Lalji Ram Shukla

11 - Educational Phychology - Gates and others

12 - Secondary Education Commission - 1953 - Ministry of Education, Govt. of India

13 - Headmasters on Sec.Schools - Ministry of Education, Govt. of India.

14 - Encyclopedia of Educational Research - Chesler W. Harris

15 - Encyclopedia - Mouroe W.

characteristic of students was adhered by approximately 35% of teachers. Despite this fact, the pattern of responses suggests a trend of negative expectations towards higher age students of a particular class.

Generalized teacher expectations towards physically attractive and unattractive students were elicited through defining attractive students as those who are beautiful to look at, neat and tidy and whose personalities attract, and the unattractive students as those who are ugly, unclean and untidy and whose personalities distract. Passport-size black-and-white photographs of students, selected on the basis of ratings obtained from a separate group of teachers, were used to provide examples of these attractive and unattractive students (Ref. appendix VI). Teachers were asked to ascribe a higher-than-average list of marks to any one of the two groups on the basis of their expectations. Table-6 presents the pattern of responses in terms of the generalized teacher expectations expressed by teachers (Figure-X).


Table 6 : Distribution of Physical Attraction group based Generalized Teacher Expectations among High School Teachers*

Category	*Physical Attraction positive*	*Physical Unattraction positive*	*Physical Attraction Neutral*	*Total*
Frequency (%)	149 (44.51)	35 (10.40)	151 (45.10)	335 (100.00)

*Chi-Square=78.97, df=2, S(0.05)

It is evident that most of the teachers surveyed (n=335) either remained neutral in relation to physical attraction (approx. 45%) or held positive expectations towards physically attractive students (approx. 45%). Thus, while responses of about 90% teachers belonged to these two categories, only about 10% teachers indicated

Fig.-X: Physical Attraction group based Generalized Expectations



their positiveness towards unattractive students. This pattern of response was found to be significantly different from equal probability distribution (Chi-square=78.97,DF=2,Sig. at 0.05). It reveals that the general hypothesis that "beauty is good" also finds expression in the generalized teacher expectations of high school teachers. A similar biasness towards attractive students was obtained by Dhoundiyal (1998), and it was found that approximately 54% of teacher-trainees were positively biased towards attractive students. The percentage of respondents expressing positiveness towards unattractive students is almost similar in both studies (i.e., 10.40 in present study and 10.61 in earlier study among teacher trainees); indicating similarity in the physical attraction based generalized expectations among the two groups to a large extent.


The name stereotype variable referred to the tendency to differentiate positive names (i.e., names which we tend to like) and negative names (i.e., names which we tend to dislike). Positive and negative name stereotypes were identified through teacher ratings and examples of such name stereotypes were provided to teachers in TEBQ (Ref. appendix VI). Generalized teacher expectations in the context of these two name stereotypes, obtained through present survey, are given in table-7 (Figure-XI).

Table 7 : Distribution of Name Stereotype Group based Generalized Teacher Expectations among High School Teachers*

Category	*Positive Name Stereotype positive*	*Negative Name Stereotype positive*	*Name Stereotype Neutral*	*Total*
Frequency (%)	130 (38.80)	17 (5.10)	188 (56.10)	335 (100.00)

*Chi-square=135.45, df=2, S(0.05)

